वर्ष- 12 अंक - 209
लखनऊ, शुक्रवार 21 मार्च 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सीएससी डिजिटल सेवा पोर्टल से उठाएं परिवहन सेवाओं का लाभ : दयाशंकर सिंह 03

अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी भागीदारी को प्रोत्साहन : डॉ. जितेंद्र सिंह 12

# कांकेर मुठभेड़ में 30 नक्सली ढेर

## सुरक्षाबलों व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में डीआरजी का जवान शहीद, सर्चिंग अभियान जारी

▶ मारे गए नक्सलियों की संख्या में और भी हो सकती है बढ़ोत्तरी

एजेंसी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर के अंड्री जंगल में और कांकेर जिले के नारायणपुर सरहदी क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच गुरुवार को हुई मुठभेड़ में 30 नक्सली ढेर हो गए जबकि एक जवान बलिदान हो गया।

बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र अंतर्गत नक्सलियों के कोर सरहदी इलाके बीजापुर-दंतेवाड़ा सीमा पर अंड्री के जंगल में गुरुवार सुबह 7 बजे से सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच चल रही मुठभेड़ में 30 नक्सली मारे गए हैं जबकि डीआरजी के एक जवान का बलिदान हो गया। नक्सलियों के कोर इलाके में जवानों



ने नक्सलियों के बड़े कैडर्स को घेर रखा था। दोनों तरफ से गोलीबारी हुई। नक्सलियों को भारी नुकसान की खबर है, मारे गये नक्सलियों की संख्या और भी बढ़ सकती है। वहीं कांकेर-नारायणपुर के सरहदी इलाके में नक्सलियों की उपस्थिति की पर सर्चिंग अभियान पर संयुक्त पुलिस बल रवाना हुई थी। सुबह से डीआरजी/बीएसएफ की संयुक्त पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। इस मुठभेड़ में अभी तक 4 नक्सलियों के शव और आटोमैटिक हथियार सहित अन्य नक्सल सामग्री बरामद की गयी है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बीजापुर एवं कांकेर जिले में जारी मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि बीजापुर से 26 नक्सललियों के शव और कांकेर जिले से 4 नक्सलियों के शव सहित मुठभेड़ स्थल से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला बारुद के साथ अब तक 30 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गये हैं। क्षेत्र में मुठभेड़ के साथ ही सर्चिंग अभियान जारी है, विस्तृत जानकारी पृथक से दी जाएगी।

### अगले साल 31 मार्च से पहले देश होगा नक्सलमुक्त : शाह



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार नक्सलियों के विरुद्ध रुथलेस अप्रोच के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने दावा किया कि अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सलमुक्त होने वाला है। मोदी सरकार नक्सलियों के विरुद्ध रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सलमुक्त होने वाला है। गृह मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में नक्सलवाद के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के चलते वर्ष 2025 में अब तक 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज़ किया गया था, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था। अभी तक कुल 15 शीर्ष नक्सली नेताओं को न्यूट्रलाइज़ किया जा चुका है। बयान में कहा गया है कि वर्ष 2004 से 2014 के बीच नक्सली हिंसा की कुल 16,463 घटनाएं हुई थीं, जबकि मोदी सरकार के कार्यकाल में 2014 से 2024 के बीच नक्सली हिंसा की घटनाओं की संख्या 53 प्रतिशत घटकर 7,744 रह गई है। इसी प्रकार, सुरक्षाबल जवानों की मृत्यु की संख्या 1851 से 73 प्रतिशत घटकर 509 रह गई और नागरिकों की मृत्यु की संख्या 70 प्रतिशत की कमी के साथ 4766 से 1495 रह गई है। मंत्रालय ने कहा है कि वर्ष 2014 तक कुल 66 फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन थे जबकि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में इनकी संख्या बढ़कर 612 हो गई है।

## फर्जी मार्कशीट सर्टिफिकेट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने फर्जी मार्कशीट सर्टिफिकेट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि एक सूचना के आधार पर एसटीएफ ने गुरुवार को भोर करीब 4 बजे पारा क्षेत्र में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय की बाउड्रीवाल के पास सर्विस लेन पर 3 बदमाशों को धर दबोचा और उनके कब्जे से विभिन्न शिक्षा बोर्ड, यूनिवर्सिटी एवं शैक्षिक संस्थानों की फर्जी माकर्शीट, सर्टिफिकेट एवं अन्य दस्तावेज बरामद किए। मिली जानकारी के मुताबिक, गिरफ्तार अभियुक्त अल्ताफराजा ने पूछताछ पर बताया कि उनका एक गिरोह है जो विभिन्न प्रकार के फर्जी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करता है। वह इसके पहले दिल्ली में डॉ. एसपी पाण्डेय के साथ मिलकर फर्जी बेबसाइट बनाकर माकर्शीट बनाने का काम करता था। वर्ष 2017 में थाना गीता कालोनी दिल्ली से डा पाण्डेय के साथ गिरफ्तार होकर जेल गया था।

## नागपुर दंगा : फहीम समेत छह के खिलाफ देशद्रोह का केस दर्ज

▶ शहर के 11 स्थानों पर लगाए गए कर्फ्यू में से छह स्थानों पर आंशिक ढील

एजेंसी

**नागपुर।** नागपुर दंगों के मास्टरमाइंड फहीम खान सहित 6 लोगों के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। अब तक सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म फेसबुक, एक्स और यू-ट्यूब से करीब 230 पोस्ट की पहचान की गई है। इस मामले में 50 आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और कुल 4 एफआईआर दर्ज की गई हैं। शहर के 11 स्थानों पर लगाए गये कर्फ्यू में से छह स्थानों पर गुरुवार को आंशिक ढील दी गई है।

साइबर सेल के पुलिस उपायुक्त लोहित मतानी ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि नागपुर में फिर से हिंसा भड़काने के लिए बेहद खतरनाक और भड़काऊ पोस्ट प्रसारित करने के आरोप में फहीम खान सहित 6 लोगों के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। बतौर डीसीपी मतानी फहीम खान समेत अन्य आरोपितों ने भड़काऊ टिप्पणियों के साथ दंगों के वीडियो वायरल करके हिंसा भड़काई। मतानी ने कहा कि 17 मार्च से अब तक फेसबुक, एक्स और यू-ट्यूब से करीब 230 पोस्ट की पहचान की गई है। इस मामले में 50 आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और कुल 4 एफआईआर दर्ज की गई हैं।

मतानी ने बताया कि दंगों के बाद फेसबुक, एक्स और यू-ट्यूब से दोनों तरफ प्रसारित 50 फीसदी पोस्ट हटा दी गईं। बतौर मतानी फहीम खान ने अपना मोबाइल फोन गणेशपेठ पुलिस को दे दिया है। हम उसका मोबाइल फोन जब्त कर उसकी जांच करेंगे। इस मामले में बीएनएस की धारा 192, 196, 353 1(बी), 353 1 (सी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। दंगों के बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने नागपुर के कोतवाली, गणेशपेठ, तहसील, लकड़गंज, पचपावली, शांति नगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामवाड़ा, यशोधरा नगर, कपिल नगर थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाया था।

## संक्षिप्त समाचार

### इटावा सफारी बना 'गौरैया' का सबसे बड़ा आशियाना

**इटावा।** एशियाई शेरों के सबसे बड़े आशियाने के रूप में देश दुनिया में लोकप्रिय उत्तर प्रदेश का इटावा सफारी पार्क संकटग्रस्त गौरैया चिड़िया का सबसे बड़ा आशियाना बन गया है। इटावा सफारी पार्क में हजारों की संख्या में गौरैया चिड़िया की मौजूदगी अधिकारियों को खुश करती हुई दिखाई दे रही है। पार्क के उपनिदेशक डॉ विनय कुमार सिंह बताते है कि करीब साढ़े तीन सौ हेक्टेयर में फैले पार्क में इतनी संख्या में गौरैया चिड़िया नजर आ रही है कि उनकी गिनती संभव नहीं है। गौरैया चिड़िया की यह संख्या कई हजार में आंकी जा रही है। सिंह का कहना है कि इटावा सफारी पार्क में हाल के दिनों में पक्षियों की गणना कराई गई है जिनमें 235 प्रजाति के पक्षी पाए गए है इनमें सबसे अधिक गौरैया चिड़िया ही पाई गई है। हर और गौरैया चिड़िया के बड़ी संख्या में झुंड के झुंड देखे जा रहे हैं, गौरैया चिड़िया की चहचहाट सफारी आने वाले हर किसी पर्यटक को गदगद करती हुई नजर आ रही है।

### लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में गुरुवार को द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम् (द्रमुक) तथा अन्य दलों के सदस्यों ने भारी हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे जैसे ही शुरु हुई, टी-शर्ट पहने द्रमुक सदस्य परिसीमन के विरोध में नारे लगाते हुए सदन के बीचोंबीच आकर हंगामा करने लगे। पीठासीन अधिकारी कृष्ण प्रसाद तेनेटी ने सदस्यों से हंगामा नहीं करने और सदन की कार्यवाही चलने देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा होनी है इसलिए सदस्यों को अपनी सीटों पर बैठकर चर्चा में हिस्सा लेना चाहिए, लेकिन हंगामा कर रहे सदस्यों ने उनके आग्रह को अनसुना कर दिया और हंगामा करते रहे जिसके कारण पीठासीन अधिकारी ने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी।

### वकीलों की हड़ताल : राहुल के मानहानि केस में सुनवाई स्थगित

**सुल्तानपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफदायर मानहानि मामले की सुनवाई गुरुवार को विशेष एमी-एमएलए कोर्ट में वकीलों की हड़ताल के कारण स्थगित कर दी गई। अब इस मामले की अगली सुनवाई 3 अप्रैल को होगी। रायबरेली के सांसद राहुल गांधी के वकील काशी प्रसाद शुक्ला ने पुष्टि की कि हड़ताल के कारण कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो पाई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वकील काशी प्रसाद शुक्ला ने कहा, ष्सुनवाई आज होनी थी, लेकिन वकीलों की हड़ताल के कारण कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। अब कोर्ट ने अगली सुनवाई 3 अप्रैल के लिए निर्धारित की है। इस मामले की पिछली सुनवाई 6 मार्च को हुई थी। यह मानहानि का मामला 2018 का है।

## यूपी सरकार ने 2017 से राजस्व संबंधी 33 लाख लंबित मामलों का समाधान किया : सीएम योगी

▶ सीएम ने मिहीपुरवा में नये तहसील भवन का किया उद्घाटन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 से उनकी सरकार ने राज्य में राजस्व संबंधी 33 लाख लंबित मामलों का समाधान किया है, जिससे हजारों नागरिकों को राहत मिली है। मिहीपुरवा (मोतीपुर) में नये तहसील भवन के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री ने भूमि संबंधी मामलों में पारदर्शिता के लिए कुशल प्रशासनिक प्रणाली के महत्व पर जोर दिया।

आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 से पहले, उत्तर प्रदेश में भूमि के दाखिल खारिज, सीमांकन और उपयोग अधिकार के मामलों सहित 33 लाख से अधिक अनसुलझे राजस्व विवाद थे। सीएम योगी ने कहा, इस तरह के लंबित मामलों के कारण अक्सर विवाद, हिंसा और भूमि हड़पने की घटनाएं होती थीं, जिससे आम लोगों का जीवन दूभर हो जाता था। उन्होंने कहा, पूर्ववर्ती सरकारों ने भ्रष्टाचार और बेईमानी को पनपने दिया, जिससे गरीबों को न्याय की उम्मीद नहीं रही। हालांकि, हमने उप जिलाधिकारी से लेकर तहसीलदारों और राजस्व अधिकारियों तक, सभी प्रशासनिक स्तर पर मामलों को हल करने के लिए सख्त समयसीमा तय की, जिससे जवाबदेही सुनिश्चित हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि भू-मफिया रोधी कार्य बल के माध्यम से भू-माफियाओं पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के परिणामस्वरूप, 64,000 एकड़ अवैध रूप से कब्जा की गई भूमि वापस मिल गई है।

### बेलवा घाट दोहरे हत्याकांड में पूर्व सांसद धनंजय सिंह व अन्य का बयान दर्ज

**जौनपुर।** केराकत थाना अंतर्गत बेलांव घाट पर हुए दोहरा हत्याकांड की सुनवाई गुरुवार को अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय मोहम्मद शारिक सिद्दीकी की अदालत में हुई। इस दौरान पूर्व सांसद धनंजय सिंह सहित अन्य आरोपी कोर्ट में उपस्थित हुए। आरोपियों ने अपने बयान में खुद को गलत तरीके से मामले में फंसाए जाने का दावा किया। कोर्ट ने सफाई साक्ष्य के लिए 29 मार्च की तारीख तय की है।मामला 1 अप्रैल 2010 का है। उस दिन सुबह 5.15 बजे बेलांव घाट पर टोल टैक्स को लेकर हुए विवाद में वादी राजेंद्र के पुत्र संजय निषाद और नंदलाल निषाद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस जांच में सामने आया कि पूर्व सांसद धनंजय और आशुतोष के उकसाने पर पुनीत सिंह और सुनीत सिंह ने दोनों की गोली मारकर हत्या की।

## गांवों के विकास से ही भारत बनेगा विकसित : पीएम मोदी

एजेंसी



**भावनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को भावनगर जिले के बावलियाली गांव में संत श्री नगालखा बापा-ठाकर धाम के पुनः प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में वीडियो संदेश से श्रद्धालुओं को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भरवाड समाज की गौसेवा और प्रकृति प्रेम की सराहना की। प्रधानमंत्री ने समाज के लोगों से विकसित भारत बनाने में योगदान देने की अपील की।

मोदी ने कहा कि भारत को विकसित बनाने का पहला पड़ाव गांव को विकसित बनाने का है। आज प्रकृति और पशुधन सेवा हमारा सहज धर्म है। मोदी ने कहा कि 25 वर्ष में विकसित भारत बनाना है। इसके लिए समाज की मदद जरूरी है। प्रधानमंत्री ने केन्द्र सरकार की योजना का जिक्र करते हुए कहा कि फुट एंड माउथ डिजिज में पशुओं को लगातार वैक्सीन लेना रहता है। यह करुणा का काम है, इसे जरूर कराएं। दूसरी योजना का जिक्र कर मोदी ने कहा कि किसानों के बाद अब पशुपालकों को भी क्रेडिट कार्ड दिया जाएगा। इससे पशुपालकों को कम ब्याज पर बैंक से रुपये मिलेंगे।

### बीसीसीआई ने दिया भारतीय टीम को 58 करोड़ का पुरस्कार

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम को 58 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार दिये जाने घोषणा की है और यह राशि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद पुरस्कार राशि से तीन गुना से अधिक है। बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने भारतीय टीम के लिए 58 करोड़ रुपये के पुरस्कार की घोषणा करते हुए कहा, लगातार आईसीसी खिताब जीतना विशेष है और यह पुरस्कार वैश्विक मंच पर भारतीय टीम के समर्पण और उत्कृष्टता को दर्शाता है। नकद पुरस्कार पर्दे के पीछे हर किसी की कड़ी मेहनत का सम्मान है। यह आईसीसी अंडर-19 महिला विश्वकप जीत के बाद 2025 में हमारी दूसरी आईसीसी ट्रॉफी है।

## 520 शिक्षकों के जीपीएफ खातों से हुई पांच करोड़ की हेराफेरी

### अलीगढ़ में बेसिक शिक्षा विभाग में बड़ा घोटाला, दर्जन भर बीएसए समेत 61 अधिकारी व कर्मचारी शामिल

समृद्धि न्यूज

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में बेसिक शिक्षा विभाग में बड़े घोटाले का पर्दाफाश हुआ है, जिसमें 10 वर्षों तक जीपीएफ यानि सामान्य भविष्य निधि के नाम पर करोड़ों रुपये का हेरफेर किया गया। इस घोटाले में 12 बेसिक शिक्षा अधिकारी समेत कुल 61 अधिकारियों और कर्मचारियों के शामिल होने की पुष्टि हुई है।

शासन द्वारा कराई गई जांच में यह बड़ा घोटाला सामने आया, जिसके बाद बेसिक शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। मामला 2020 में तब सामने आया जब टप्पल के शिक्षक जगदीश प्रसाद के खाते में संदिग्ध लेन-देन देखा गया। उनके खाते में 35 बार में 34 लाख रुपये भेजे गए, जिससे अनियमितता का



अंदेशा हुआ। जब इसकी गहराई से जांच हुई तो यह स्पष्ट हुआ कि एक शिक्षक नहीं बल्कि 520 शिक्षकों के जीपीएफ खातों से करोड़ों रुपये निकाले गए। जांच में अधिकारियों और पटल लिपिकों की संलिप्तता पाई गई। दो बाबुओं को बर्खास्त किया जा चुका है, जबकि अन्य पर सख्त कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है। घोटाले की अवधि 2003 से 2013 के बीच की मानी जा रही है। इस दौरान अलीगढ़ में 30 खंड शिक्षा अधिकारी तैनात रहे, जिनपर भी अनियमितताओं का संदेह है। बीएसए दिनेश सिंह, पुष्पा सिंह, मोहम्मद अल्ताफ अंसारी, मनोज कुमार, डॉ. मुकेश कुमार, एसपी वर्मा, महेंद्र प्रताप सिंह, एसपी यादव, संजय शुक्ला, धीरेंद्र यादव, डॉ. लक्ष्मी पांडे सहित अन्य अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

**12 बीएसए सहित तीन दर्जन से अधिक अफसरों व कर्मियों पर केस**

मामले में तत्कालीन बीएसए ने 12 बीएसए सहित तीन दर्जन से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों पर केस दर्ज कराया है। जांच में 520 शिक्षकों के जीपीएफ खातों से करीब 5 करोड़ रुपये की हेराफेरी होने की पुष्टि हुई है। यह राशि बढ़ भी सकती है क्योंकि जांच अभी भी जारी है। शासन ने इस मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। कई जिलों में इस घोटाले की गूंज सुनाई दे रही है क्योंकि तत्कालीन कई बीएसए अब यूपी के अन्य बड़े पदों पर तैनात हैं।

यह बेहद गंभीर मामला है। सरकारी कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते से धन की चोरी करना गंभीर अपराध है। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। दो बाबू बर्खास्त किए गए हैं, 12 बीएसए समेत 61 अधिकारियों और कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। अलीगढ़ के बन्ना देवी थाने में केस दर्ज किया गया। 520 शिक्षकों के खातों की जांच जारी है। शासन ने मामले की गहन जांच के आदेश दिए हैं।

राकेश कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी

## भ्रष्टाचार पर सीएम की कार्रवाई आईएएस अभिषेक प्रकाश सस्पेंड

समृद्धि न्यूज

▶ लखनऊ डिफेंस कॉरिडोर के लिए जमीन अधिग्रहण में भ्रष्टाचार का आरोप

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने भ्रष्टाचार पर बड़ा एक्शन लिया है। उनके निर्देश पर लखनऊ के डीएम रहे सीनियर आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश को सस्पेंड कर दिया गया है।

अभिषेक प्रकाश के खिलाफ लखनऊ डिफेंस कॉरिडोर के लिए जमीन अधिग्रहण में भ्रष्टाचार का आरोप लगा था। जिस पर सीएम योगी ने 2006 बैच के आईएएस अधिकारी और सचिव, औद्योगिक विकास विभाग तथा इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश को निलंबित कर दिया है। दरअसल, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना डिफेंस कॉरिडोर में रक्षा उत्पादन इकाइयों की स्थापना होनी है। इसके लिए भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत राजधानी स्थित सरोजनी नगर तहसील के भटगांव क्षेत्र में जमीन का अधिग्रहण हुआ था। इसी अधिग्रहण के दौरान अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा था। आरोप के बाद जांच शुरू हुई तो मामला खुलकर सामने आया। बताया जा रहा है कि जांच में करीब 20 करोड़ का मुआवजा अधिकारियों ने अवैध तरीके से हासिल किया था। कहा तो यहां तक जा रहा है कि मुआवजे की जो रकम किसानों को मिलनी थी, वह अधिकारियों ने गड़बड़ी कर खुद ले ली।

### विधानसभा में नहीं घुसेगा गाड़ियों का काफिला, सिर्फ दो गाड़ियों को मिलेगा पास

**लखनऊ।** यूपी के विधायकों के रूतबे में कमी आने वाली है। उनके काफिले की सभी गाड़ियों को विधायक की गाड़ी का रुतबा हासिल नहीं होगा। यूपी में विधायक के काफिले में लगी सभी गाड़ियों पर विधानसभा पास की व्यवस्था खत्म होगी। स्पीकर सतीश महाना ने अप्रैल के आखिर तक पहले से जारी विधानसभा पास निरस्त करने के लिए कहा है। अब रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन पास जारी होंगे। नए नियम के तहत एक विधायक को 2 पास दिए जाएंगे। बीते विधानमंडल के बजट सत्र में विधानसभा में स्पीकर ने पांच मार्च को कहा था, विधायकों को वाहन के जो पास विधानसभा सचिवालय से निर्गत किए जाते हैं उनको फर्जी तरीके से मैप करके डुप्लीकेट बनाकर दुरुपयोग हो रहा है।

## चुनाव प्रक्रिया को मजबूत बनाने को हुए साहसी प्रयास : निर्वाचन आयोग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के रूप में कार्यभार संभाले हुए ज्ञानेश कुमार को आज एक माह पूरा हो गया। इस संबंध में आयोग ने उनके नेतृत्व में एक माह में चुनाव प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए हुए प्रयासों का ब्यौरा दिया है।

आयोग का कहना है कि एक महीने के भीतर कुमार ने चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ मिलकर चुनाव प्रणाली को बीएलओ स्तर तक एक मजबूत दिशा में काम किया है। इसका उद्देश्य सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करना और मतदान केंद्रों पर उनके अनुभव को



सुखद बनाना है। आयोग ने एक विज्ञप्ति जारी कर गुरुवार को कहा कि प्रमुख हितधारक होने के नाते राजनीतिक दलों को भी जमीनी स्तर पर शामिल किया जा रहा है। आयोग का कहना है कि यह इस बात की पुष्टि की है कि लगभग 100 करोड़ मतदाता हमेशा लोकतंत्र के स्तंभ के रूप में खड़े हैं। यूआईडीएआई और ईसीआई के विशेषज्ञों के बीच तकनीकी परामर्श जल्द ही शुरू होने वाला है।

**रक्षा सौदा** — सरकार ने तीनों सेनाओं की मारक क्षमता बढ़ाने के लिए 54 हजार करोड़ के रक्षा सौदों को दी मंजूरी

## स्वदेशी आर्टिलरी गन सिस्टम खरीदने का रास्ता साफ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री की अगुवाई वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने सेना के लिए स्वदेशी उन्नत टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) हासिल करने के लिए करीब 7,000 करोड़ रुपये के सौदे को मंजूरी दी है। यह सौदा 307 हॉवित्जर के लिए है, जिनकी मारक क्षमता 45-48 किलोमीटर तक है। इस सौदे में सेना की 15 आर्टिलरी रेजिमेंटों को हथियार पहुंचाने वाले 327 गन टोइंग वाहन भी शामिल हैं। इस अनुबंध पर अगले सप्ताह सौदे पर हस्ताक्षर होने



की उम्मीद है, जिससे भारीभरकम हॉवित्जर के निर्माण में घरेलू क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। सरकार ने तीनों सेनाओं की मारक क्षमता बढाने के लिए 54 हजार करोड़ रूपये के रक्षा सौदों को आज मंजूरी दे दी जिसमें सेना के टैंकों के लिए अधिक शक्तिशाली ईंजन, नौसेना के लिए पनडुब्बी रोधी टॉरपीडो और वायु सेना के लिए निगरानी प्रणाली अवाक्स की खरीद शामिल है।

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की पुणे स्थित प्रयोगशाला आयुध अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (एआरडीई) में एटीएजीएस को डिजाइन और विकसित किया गया है। डीआरडीओ ने दो निजी फर्मों टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और भारत फोर्ज समूह के साथ हॉवित्जर की तकनीक और जानकारी साझा की है। 155 मिमी/52-कैलिबर एटीएजीएस का उत्पादन भारत फोर्ज और टाटा एडवांस्ड सिस्टम मिलकर करेंगे। इसमें भारत फोर्ज का हिस्सा 60 फीसदी होगा, जबकि शेष 40 फीसदी का उत्पादन टाटा करेगा। मंत्रालय के अनुसार सीसीएस से मंजूरी मिलने के बाद एटीएजीएस सौदा इसी वित्तीय वर्ष में हो जाएगा। भविष्य में एटीएजीएस के ऑर्डर बढ़ने की संभावना है, क्योंकि सेना 1,580 ऐसी तोपों की कुल आवश्यकता के

### 307 उन्नत एटीएजीएस खरीदने का प्रस्ताव

भारतीय सेना ने चीन और पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर तैनाती के लिए 307 उन्नत टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) खरीदने का प्रस्ताव लगभग दो साल पहले रक्षा मंत्रालय को भेजा था। मंत्रालय की मंजूरी मिलने के बाद आखिरी मुहर लगाने के लिए यह प्रस्ताव सुरक्षा कैबिनेट समिति के पास भेजा गया था। स्वदेशी हॉवित्जर के लिए यह पहला ऑर्डर होगा, जो लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर लक्ष्य को मार सकती है। परीक्षणों के दौरान टैंक के आकार और लक्ष्यों पर दिन-रात की फायरिंग, पांच राउंड बस्ट के लिए परीक्षण, लगभग तीन मिनट में 15 राउंड की रैपिड-फायर दर और हर घंटे 60 राउंड की निरंतर फायरिंग क्षमता आंकी गई है। इस दौरान रेगिस्तान में रेत के टीलों पर नेविगेशन के साथ और 70 सड़कों पर हाई-स्पीड ट्रायल हुए हैं।

गन्ना विकास समिति ऐरा में बड़ा घोटाला

# फर्जी सट्टों पर हो रही गन्ने की सप्लाई

ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

ऐरा गन्ना विकास समिति में अनियमितता का बड़ा मामला सामने आया है। मामले मे निचले स्तर के कुछ अधिकारियो के संलिप्त होने की बात आ रही है। फिलहाल भ्रष्टाचार मे उजागर नामो को गुप्त रखा जा रहा है।

लखीमपुर खीरी जिले में स्थित ऐरा गन्ना समिति में बड़े पैमाने पर अनियमितता का मामला सामने आया है। लगातार उच्च अधिकारियों से हो रही ग्रामीणों की शिकायत के बाद जांच में पता चला है कि यहां नियमों को दरकिनार कर फर्जी तरीके से गन्ने की सप्लाई की जा रही थी।



मामले की उच्च स्तरीय जांच होने पर जांच में सामने आया कि कई सट्टों पर एक ही किसान का बैंक खाता और आधार नंबर दर्ज था। मामले को उच्च अधिकारियों के संज्ञान लेने के बाद इस मामले में जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह ने गन्ना विकास समिति ऐरा के सचिव डॉ. राजीव कुमार गंगवार को जांच का आदेश दिया। अबतक की गई जांच मे ऐरा समिति सचिव डॉ. गंगवार के अनुसार, हरगांव चीनी मिल में 15 और ऐरा चीनी मिल में 20 फर्जी सट्टे मिले है, सचिव ने बताया इन सभी सट्टों को बंद कर दिया गया है। साथ ही इन सट्टों पर की गई गन्ने की सप्लाई का भुगतान भी रोक दिया गया है। इसके साथ इन सभी सट्टा धारकों को सूचित किया गया है कि कार्रवाई ना हो इसके लिए अगर कोई साक्ष्य है तो उसको समिति कार्यालय पर प्रस्तुत करें। विभाग ने इस मामले में दोषी पाए जाने वाले सभी जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया है।

वहीं मामले में जब ऐरा सचिव से उन फर्जी सट्टा धारकों के नाम पूछे गए तो उन्होंने पहले बाहर होने का हवाला दिया, उसके बाद उन्होंने कहा यह एक विभागीय कार्रवाई है इसके नाम नहीं बता सकता, मैंने अपनी जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दी है आप उच्च अधिकारियों से नाम के लिए संपर्क कर सकते हैं।

वहीं मामले में जब जिला गन्ना अधिकारी से संपर्क किया गया तो उन्हें, सचिव द्वारा की गई वार्ता को बताते हुए जानकारी ली गई उन्होंने कहा मैं सचिव साहब को बोल रहा हूं आपको जानकारी उपलब्ध होगी, साथ ही उन्होंने कहा कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है एक भी फर्जी सट्टा धारक कार्रवाई से वंचित नहीं रहेगा।

### आखिर क्यों छुपाए जा रहे नाम

एक तरफ फर्जी पकड़े गए सट्टा धारक दूसरी तरफ नाम ना खोलने की जद में अधिकारी है। फिलहाल लोग कयास लगा रहे हैं कहीं ना कहीं फर्जी सट्टा धारकों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

# मांगों को लेकर आशा वर्कर्स ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम की गैर मौजूदगी में उनके कार्यालय में दिया। सीएम को भेजे ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश भर में स्वास्थ्य अभियानों में अगुआ की भूमिका निभा रही आशा कर्मियों की बेहतरी उनके जीवन जीने लायक मानदेय, सामाजिक सुरक्षा और उनकी सेवाओं की निरंतरता के सम्बन्ध में वर्षो से उनके द्वारा उठाई जा रही मांगों पर सरकार दवारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। 45 वें और 46 वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिस के अनुरूप कर्मचारी के रूप में मान्यता देने न्यूनतम वेतन, ईएसआई, ईपीएफ, ड्यूटी देने की दशक भर से उठ रही मांगों की अनसुना कर दिया गया।



प्रदेश में पिछले वर्ष 2 फरवरी को मिशन निदेशक के साथ हुई वार्ता में वर्ष 2019 से 2023 तक के और कुछ कार्यों की एक दशक से बकाया प्रोत्साहन राशि के 1 लाख करोड़ से अधिक भुगतान में अधिकांश की अदायगी का विश्वास दिलाया गया था, किन्तु एक वर्ष बीत जाने के बाद उस दिशा में कोई रुचि नहीं दिखाई गई। उनका कहना है कि बजट में आशा वर्कर्स के वर्षो से उठ रहे सवालों को अनसुना कर दिया गया है। वर्ष 2021 के दिसंबर माह में आशा को 6700/और संगिनी को 11500/ का भुगतान करने का बयान आज भी सदन में एक प्रश्न के उत्तर में बताया गया, किंतु यह मिथ्या है। प्रदेश की किसी एक भी आशाकर्मी को यह कथित भुगतान नहीं मिलता है। कई बार निदेशालय और सरकार से जानने के लिए और यह राशि भुगतान कराए जाने के लिए याचना की गई, किंतु कोई कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। प्रदेश में आशा कर्मियों के कार्यों के सापेक्ष मिलने वाली प्रोत्साहन राशियों में दिल खोलकर बेखौफ वसूली, बेनामी खातों में धन के स्थानान्तरण और उसके नकदीकरण का खेल जारी है। आशा कर्मी बजट के पूर्व बहुत आशान्वित थी, किंतु सरकार की अनदेखी से बहुत निराश और शुब्ध हैं। अपनी मांगों की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए विगत 4 मार्च की प्रदेश भर में ज्ञापन दिए थे। उसी क्रम में पीलीभीत की सीएचसी पूरनपुर के भी मांगपत्र देते हुए बजट में अनदेखी का प्रतिवाद शांतिपूर्ण ढंग से किया गया। किंतु लोकतांत्रिक ढंग से ट्रेड यूनियन गतिविधियों के आज व्यवहार पर भी पुलिस द्वारा बिना किसी शिकायत दुर्भावना बस पीलीभीत की आशा वर्कर्स यूनियन की जिलाध्यक्षा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। आशा कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार और उनसे अनाधिकृत रूप से डरा धमका कर वसूली आम परिघटनाए हो चुकी हैं। जिस पर कोई संज्ञान लेकर कार्यवाही नहीं की जाती। इसी तरह दुव्यवहार और वसूली के गम्भीर आरोप में कुंदरकी मुरादाबाद की बीसीपीएम को पिछले वर्ष तहा से हटाकर अन्यत्र भेज दिया गया था। किंतु उन्हें पुनः कुदरकी में नियुक्ति दी गई है और वहां पर रंजिश निकालते हुए आशाकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार और उनका उत्पीड़न कर रही है। इसकी सूचना जिलाधिकारी, सीएम सहित अन्य अधिकारियों को दी गई, किंतु उसको उसकी मूल तैनाती स्थान पर भेजने के बजाय कुदरकी में ही कार्यभार दे रेखा गया है। कहा गया कि पीलीभीत जिले के पूरनपुर में आशा वर्कर्स यूनियन की जिलाध्यक्ष पर दर्ज मुकदमा वापस लिया जाय, 145/46 वे भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिसी के अनुसार न्यूनतम वेतन सामाजिक सुरक्षा अनुमन्य की जाय, वर्षो से लम्बित 1.5 लाख करोड़ से भी अधिक की प्रोत्साहन राशियों का भुगतान कराया जाय, बेगार में लिए जाने वाले काम का आकलन कर उनका भी भुगतान सुनिश्चित कराया जाया और उत्पीडन तथा भुगतान के नाम पर अवैध वसूली पर रोक लगाई जाय, कंप्यूटर ऑपरेटर का आशा कर्मियों से न लिया जाय, कुदरकी में पतिनियुक्ति में पोस्टेड बीसीपीएम को तत्काल उनकी मूल तैनाती स्थल पर भेजा जाए। ज्ञापन देने वालों में सुमन, अनीषा मित्रा, नीलम, लालमती, सुमन देवी, सुमन, मंजू देवी, गुजरिया, लाडली, सरोजनी, मंजू, मीना, रजनी, रामज्ञानी, पिंकी, सावित्री देवी, रजनी देवी, निशा, मंजू देवी और स्नेह लता समेत तमाम आशा वर्कर्स शामिल थी।

## खबरें एक नजर में

### बाइक की टक्कर से जख्मी युवक की लखनऊ में मौत

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** गोला में किराए पर कमरा लेकर रह रहा एक युवक सब्जी लेने के लिए जा रहा था। इसी दौरान एक बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। जिसके बाद परिजन उसे मेडिकल कालेज लखनऊ ले गए जहां उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता रामप्रकाश पुत्र तुलसी निवासी ग्राम बेलडाडी पोस्ट घुसकिया थाना चंदनचौकी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका बेटा ओमकार गोला के मुहल्ला राजेन्द्र नगर लाल्हापुर में किराए पर कमरा लेकर पढाई करता था। 14मार्च को शाम साढे सात बजे वह अपने कमरे से सब्जी लेने के लिए निकला था। उसी दौरान रास्ते में पीछे से आ रहे एक तेज रफतार बाइक संख्या यूपी31 एक्यू 7491के सवार ने टक्कर मार दी। जिससे उसका पुत्र गंभीर रुप से जख्मी हो गया। उसे उपचार के लिए मेडिकल कालेज लखनऊ ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पीडित पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### मारपीट मामले में दोनों पक्षों पर क्रास केस दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** आपसी विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट के बाद पुलिस ने फरियादियों की शिकायत पर दोनो पक्षों पर क्रास केस दर्ज कर लिया है। नरेन्द्र कुमार पुत्र मनोहर लाल निवासी ग्राम गोपालापुर पोस्ट रसूल पनाह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि विपक्षी रमेश कुमार पुत्र पृथ्वीपाल व रामखिलावन पुत्र गोकर्ण प्रसाद ने शराब के नशे में उसके पास आए और अपशब्द कहे। विरोध करने पर रामखिलावन व रमेश ने उसे लाठी डंडों से मारा। जिससे उसका सिर फट गया। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। इधर दूसरे पक्ष के रमेश कुमार पुत्र पृथ्वीपाल निवासी गोपालापुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14मार्च को वह मजदूरी करने के लिए जा रहा था। इसी दौरान विपक्षी नरेन्द्र कुमार पुत्र मनोहरलाल ने रंजिशन उस पर जानलेवा हमला कर लाठी डंडों से पीट कर जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### दंपति के आपसी विवाद में पति ने की आत्महत्या



**मितौली खीरी।** मितौली थाना क्षेत्र के भीखमपुर पुलिस पिकेट अंतर्गत डोकरपुर गांव में बुधवार रात एक युवक ने घर के कमरे में फांसी के फंदे पर झूल कर मौत को गले लगा लिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डोकरपुर निवासी अवधेश कुमार पुत्र परमेश्वर दींन 38 वर्ष की पत्नी अपने मायके जाना चाहती थी जिसपे नारज होकर अवधेश ने नसे में धुत होकर अपनी पत्नी को मारा पीटा था जिसकी सूचना पत्नी ने भीखमपुर पुलिस पिकेट पे दी थी, पुलिस अवधेश की तलाश में गांव गई थी परंतु अवधेश मौके से फरार हो गया था। अवधेश के बुजुर्ग पिता अपनी आंखें बनवाने कही गए हुए थे घर पे बुजुर्ग मां थीं। अवधेश रात में घर आकर अपने कमरे में फाँसी के फंदे पर झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। ग्रामीणों ने बताया म्रतक तीन भाई थे जिसमे सबसे छोटा भाई इसी कमरे में लगभग पांच वर्ष पहले फांसी के फंदे में झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया था उसके बाद सबसे बड़ा भाई दो वर्ष पूर्व इसी कमरे में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर लिया था। बुधवार रात उक्त कमरे में अवधेश ने फांसी लगा कर मौत को गले लगा लिया। मितौली पुलिस मौक़े पर पहुंच कर सव का पंचनामा भर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को दुधमुहे बच्चे सहित घर से निकाला

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों में विवाहिता को उसके दुधमुंहे बच्चे के साथ घर से निकाल दिया। दहेज की मांग पूरी होने से पहले घर आने पर जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए विवाहित महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर पति सहित सास, ससुर, ननद, देवर व दादी सास सहित सात ससुराल जनों के विरुद्ध दहेज सहित कई अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सेनू देवी पुत्री रामकृष्ण निवासी ग्राम बशीरगंज पोस्ट भैठिया ने पुलिस को दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि उसका शादी 9मई 2022को विपक्षी धर्मेन्द्र कुमार पुत्र महावीर प्रसाद निवासी मथुरानगर थाना व कस्बा गोला के साथ हुई थी। विवाह में माता पिता ने हैसियत के मुताबिक एक स्पलेंडर प्लस बाइक, सोने की अंगूठी व नगदी सहित करीब चार लाख रुपये का दान दहेज दिया था। विवाह के बाद ससुरालीजन पति धर्मेन्द्र कुमार, सास वेदवती, ससुर महावीर, ननद पूनम देवी, देवर जीतू सहित महावीर की माता शुरुआत से ही कम दहेज का ताना देने व अतिरिक्त दहेज में फ्रिज, सोफा, अलमारी व सोने की चेन की मांग करने लगे। जब उसने अतिरिक्त दहेज की बात अपने माता पिता को बताई तो माता पिता ने अपनी हैसियत का हवाला देते हुए अतिरिक्त दहेज देने में असमर्थता जताई। जिस पर उसके ससुरालीजन दहेज की मांग को लेकर आए दिन उसे मारने पीटने व घरेलू हिंसा से प्रताड़ित करने लगे। इसी बीच उसने विपक्षी के संसर्ग से एक पुत्र दिव्यांशु को जन्म दिया। लेकिन विपक्षियों के व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आया। दो बार उसे मारपीट कर घर से भगा दिया। दोनों बार सुलह समझौता कर उसे विदा करा ले गए। इसके बाद 15जनवरी 2025 को रात आठ बजे उक्त सभी विपक्षियों ने एक राय होकर उससे दहेज की मांग करते हुए लात घूंसों व डंडो से मारापीटा। पीड़िता का आरोप है कि विपक्षियों ने ऐलानियां दहेज की मांग पूरी न होने पर घर से नहीं रखने की धमकी दी। जिस पर उसने अपने पिता को घटना के बारे में बताया। जब उसके पिता उसकी ससुराल पहुंचे और मारपीट के बारे में पूछा तो विपक्षीगण व उसकी सास वेदवती उसके पिता को अपशब्द कहते हुए गला दबाने का प्रयास किया। साथ ही सभी विपक्षियों ने एक लहजे में अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न करने पर उसके पति धर्मेन्द्र का दूसरी जगह विवाह करने की धमकी देते हुए उसे एक मात्र कपड़ों व दुधमुहे बच्चे के साथ घर से भगा दिया तथा दुबारा घर आने पर जान से मारने की धमकी दी। तब से वह अपने माएके में रह रही है।

# टीवी पर दिखेगा हैदराबाद का शिवम

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** शहर निवासी युवा शिवम श्रीवास्तव की कविताओं का स्वर अब टेलीविज़न पर सुनाई और दिखाई देगा। जिसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है। गोला इलाके के ग्राम हैदराबाद निवासी रवीश कुमार श्रीवास्तव के पुत्र शिवम श्रीवास्तव को दूरदर्शन उत्तर-प्रदेश (डीडीयूपी) टेलीविज़न चैनल पर प्रसारित होने वाले साहित्यिक कार्यक्रम श्वन्स-मोर के एपिसोड में कवि के रूप में आमंत्रित किया गया है। जिसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है। शीघ्र ही इस एपिसोड का प्रसारण दूरदर्शन पर होना है। शिवम की इस उपलब्धि से परिवार के सदस्यों में खुशी का माहौल है। शिवम ग्रामीण परिवेश में पले बढ़े हैं और लखनऊ विश्वविद्यालय से हिन्दी विषय से परास्नातक की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।




### बकरी के इंटरलाक रोड पर जाने से विवाद

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** बकरी के इंटरलाक रोड पर आने से नाराज लोगों ने एक परिवार के लोगों की पिटाई किए जाने के आरोप लगाते हुए पीडित परिवार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। युनुस खां पुत्र छोटन्ने खां निवासी ग्राम जलालपुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया। कि 19मार्च को शाम छहः बजे विपक्षी इमरान उर्फ शानू पुत्र इरफान निवासी ग्राम जलालपुर, आमिर अली पुत्र पुत्तन निवासी ग्राम भटपुरवा शाहजहांपुर, इरफान पुत्र उस्मान खां निवासी ग्राम जलालपुर ने उसकी बकरी इंटरलाक रोड पर चली गई। जिससे नाराज होकर विपक्षियों ने उसके घर में घुसकर अपशब्द कहे। विरोध करने पर लाठी-डंडों से उसे व उसकी पुत्री काजोल उर्फ साहिबा व बेटे इलियास खां को बुरी तरह से मारा पीटा। आरोप है कि इसके बाद विपक्षी उसे जान से मारने की धमकी देकर चले गए।


# पुलिस की हाईटेक व्यवस्था पर उठ रहे सवालिया निशान

**चार वर्ष से अपडेट नहीं हुई पुलिस विभाग की साईट, विभाग की साइट पर साढ़े तीन साल से तैनात हैं सर्किल अफसर राजेश कुमार**

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

गुजरे चार वर्ष में साल 2021 से गोला सीओ कार्यालय में पांच सर्किल अफसर आए और ट्रांसफर होकर अन्यत्र चले गए। इसके बाद छठे नंबर पर करीब पिछले छहः माह से सर्किल में तैनात सर्किल अफसर गवेन्द्र पाल गौतम की मौजूदगी के बाबजूद भी उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग की वेवसाइट के पोर्टल पर चार वर्ष से वर्ष 2021 में तैनात राजेश कुमार का नाम साईट पर दर्ज है। इसके बाद के पांच सर्किल अफसरों में किसी का भी नाम अपडेट न किया जाना पुलिस की हाइटेक व्यवस्था पर एक सवालिया निशान है। वहीं उच्च अधिकारी इस त्रुटि को मानने से इंकार कर रहे है। उनके मुताबिक साइट पूरी तरह से अपडेट है। जबकि लिए गए स्क्रीन शाट पूरी तरह से बयां कर रहे है। कि अपडेशन में लापरवाही बरती गई है। बता दे कि विभाग के पोर्टल के स्क्रीन शॉट मे 19 मार्च 2025 दिन बुधवार समय 5.55 पीएम् दर्शा रहा है।

**तकनीकी सेल की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान:** पुलिस विभाग की तकनीकी सेल की अदूरदर्शिता व लापरवाही के चलते शासन की मंशा को ग्रहण लग रहा है। आम आदमी तक समुचित उपयोगी जानकारी दिए जाने के लिए विभिन्न विभागों में तकनीकी सेल के माध्यम से समस्त जानकारी विभाग के पोर्टल पर साझा किए जाने की योजना परवान चढने से पहले ही जमींदोज होती नजर आ रही है। जिसके चलते एक ओर जहां अपराधी साइबर अपराध करने के साथ जनता की गाढी कमाई को चूना लगाने के नए नए हथकंडे अपना रहे है। वहीं जिले के पुलिस विभाग के तकनीकी आला अफसरान अपनी पुलिस वेवसाइट भी ठीक तरह से अपडेट करने मे फिसडडी साबित हो रहे है। प्रदेश सरकार सहित जनपद के पुलिस मुखिया लगातार अपराध व अपराधों पर नियंत्रण करने के लिए जूझ रहे है। लेकिन विभाग की तकनीकी सेल इस ओर से पूरी तरह से बेखबर होकर अपने कर्तव्यो की इतिश्री कर रही है।



### क्या कहते है जिम्मेदार?

मामले में अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम के सीयूजी मोबाइल नंबर 9454400624 पर उनका पक्ष लेने पर बताया गया कि विभाग की साइट पूरी तरह से अपडेट है। कहीं कोई कमी नहीं है। तथा लिस्ट में सीओ गोला गवेन्द्र पाल गौतम का नाम अपडेट है।

**पुलिस पोर्टल पर नहीं मिल रही सही जानकारी:** ताजा मामले में यदि आम आदमी गूगल करोम पर आफिशियल वेवसाइट आफ उत्तर प्रदेश पुलिस को ओपन करता है तो विभाग की उत्तर प्रदेश पुलिस सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा पेज खुलता है। इसके बाद जाने अपना पुलिस स्टेशन के सर्च बार पर सलेक्ट योर डिस्ट्रिक्ट में खीरी व दूसरी बार में थाना गोला सलेक्ट करने के बाद सबमिट करने पर गोला डिस्ट्रिक्ट खीरी का पेज खुलता है। जिसमे एसएचओ के नाम के आगे वर्तमान में मौजूद कोतवाल चंद्रशेखर सिंह का नाम अंकित है। जबकि उसके नीचे दी गई बार में डिटेल आफ सर्किल के कालम में सीओ के नाम के आगे राजेश कुमार अंकित है। जिसे लेकर आम आदमी में उहापोह की हालत बनी हुई है। जबकि गोला में वर्तमान में सर्किल असफसर सीओ गोला गवेन्द्र पाल सिंह तैनात है।

**चार साल में यहां तैनात रहे यह सर्किल अफसर:** बता दें कि गोला सर्किल कार्यालय में 8दिसंबर 2021 को राजेश कुमार ने पदभार ग्रहण किया। इसके बाद 14 मार्च 2023 को उनका स्थानांतरण अन्यत्र हो गया। इसके बाद सीओ कार्यालय की कमान क्रमशः राजेन्द्र प्रसाद ने 15 मार्च 2023से अनकी सेवानिवृत्ति 31 जुलाई 2023 तक संभाली, प्रवीण कुमार यादव ने 31जुलाई 2023 से 12जनवरी 2024 तक संभाली, रमेश कुमार तिवारी ने 12 जनवरी 2024 से 29 फरवरी 2024 तक संभाली, अजेन्द्र यादव ने 01 मार्च 2024 से 6 सितंबर 2024 तक संभाली, इसके बाद वर्तमान में मौजूद सर्किल अफसर गवेन्द्र पाल गौतम ने 15सितंबर 2024 से पदभार ग्रहण किए हुए है।

**आखिर चार वर्ष से अपडेट क्यों नहीं हुई विभाग की साईट:** सवाल उठता है कि वर्ष 2021 में तैनात सर्किल अफसर राजेश कुमार का नाम आज चार साल पूरे होने के बाद भी पोर्टल की साइट पर दर्ज है। जबकि वर्ष 2021 से वर्ष 2025 तक पांच अधिकारी बदल चुके है। इसके बाद भी वर्तमान तैनात सीओ का नाम उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के सर्च पोर्टल पर अपडेट न किया जाना विभाग की तकनीकी सेल की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान है।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत मीटिंग आयोजित

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।

1 अप्रैल से 31 अप्रैल तक संचालित होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत माह जुलाई 2025 ब्लॉक स्तरीय अंतर्विभागीय बीटीएफ मीटिंग खंड विकास अधिकारी मितौली अमित सिंह परिहार की अध्यक्षता में विकास खण्ड कार्यालय मे आयोजित की गई जिसमें अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली डॉक्टर देवेंद्र सिंह द्वारा अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई इस अवसर पर कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग स्वास्थ्य विभाग बीएमसी नेट यूनिसेफ के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमे निम्न लिखित बिंदुओं पर चर्चा हुई जैसे दस्तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान मॉनिटरिंग फीडबैक पर चर्चा जिसमे झाड़ियों की कटाई ,नालियों की सफाई पर चर्चा, ग्राम प्रधानों,ग्राम विकास अधिकारी के ओरिएंटेशन ,नोडल टीचर ओरिएंटेशन,वार्ड सदस्य ओरिएंटेशन पर चर्चा की गई जिसमे 100त्न सभी की उपस्थित पर चर्चा, माइक्रोप्लान सभी विभागों का निर्धारित प्रपत्र पर दिए गए निर्देशों के अनुसार 27 जून तक बनाकर जिले ब्लॉक स्तर पर उपलब्ध कराने पर चर्चा, Vhsnd टीकाकरण के अन्तर्गत लॉजिस्टिक की उपलब्धता पर चर्चा (जिसमे एएनएम के पास सभी लॉजिस्टिक उपलब्ध हो) साथ ही लॉजिस्टिक क्रय करने पर चर्चा, टीकाकरण से इंकार परिवारों सूची सभी विभागों को उपलब्ध कराई गई जिसमे सभी विभागों को कनवर्जन हेतु कहा गया, इसके अलावा आभा कार्ड बनाने पर चर्चा की गई।



### जमीनी विवाद में मारपीट, मुकदमा दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** जमीनी विवाद के चलते मारपीट व गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को दी तहरीर में भगौती प्रसाद पुत्र मनोहर निवासी ग्राम काशीपुर पोस्ट मूडा सवारान ने बताया कि ग्राम के ही विपक्षी महेन्द्र, मनजीतराम पुत्रगण रामकुमार, अशोक विनीत पुत्रगण रिक्खा ने एक राय होकर उसे तथा उसकी पत्नी व पुत्री सहित साक्षी पुत्री कुलदीप को अपशब्द कहे। विरोध करने पर विपक्षियों ने लात घुसों से पीटा। जिससे उसे अंदरुनी चोटे आई। आरोप है कि उसके मकान के पीछे खाली पडी जमीन के विवाद को लेकर विपक्षी उससे रंजिश रखते है।

# राष्ट्रीय ओरल हेल्थ दिवस के अवसर पर मरीजों को किया गया जागरूक



**ओयल खीरी।** राष्ट्रीय ओरल हेल्थ दिवस के अवसर पर हैप्पी माउथ इस ए हैप्पी माइंड की थीम पर जिला चिकित्सालय के दंत विभाग में कार्यक्रम का आयोजन सीएमएस डॉ आरके कोली के नेतृत्व में किया गया। इस आयोजन के द्वारा अस्पताल परिसर में आने वाले सभी मरीजों को दंत व मुख रोगों के प्रति जागरूक किया गया व उससे बचने के उपाय बताए गए।

इस दौरान पर दंत शल्यकों के द्वारा बताया गया कि हमारे मुंह की सेहत हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ पर गहरा प्रभाव डालती है। साथ ही तंबाकू व तंबाकू से बने खाद्य पदार्थो को लेने से होने वाले रोग के बारे में अवगत कराया गया। आने वाले माह में इस कार्यक्रम के तहत जनपद में विभिन्न तरह के जागरूकता अभियान व कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर नेत्र सर्जन डॉ पूनम वर्मा, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ आरपी वर्मा, ईएनटी सर्जन मनोज शर्मा, दंत शल्यक डॉ मंजेश कुमार वर्मा, दंत शल्यक डॉ इंद्रेश राजावत, डेंटल हाइजीनिस्ट आशुतोष कुमार व आलोक अवस्थी उपस्थित रहे।

# गायत्री महायज्ञ में दो जोड़े हुए एक-दूजे के

बेलरायां खीरी, समृद्धि न्यूज़।

निघासन तहसील के गांव भैरमपुर में चल रही नौ कुण्डीय तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ में सामूहिक दो जोड़ो ने अग्नि फेरे लिए एक दूजे के हो गए। गायत्री शक्तिपीठ से आए जिला समन्वयक राम खेलावन निषाद जी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से दोनों जोड़ो का विवाह सम्पन्न कराया और साथ जीने मारने की शपथ दिलाई। मंडल आयोजक खजान पाल, लक्ष्मी नारायण वर्मा, राकेश यदुवंशी व समस्त ग्रामवासियों ने पुष्प अक्षत की वर्षा कर शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया और टोली में समस्त भाइयों को तिलक चंदन कर विदाई दी गई। बता दे कि ग्राम भैरमपुर में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के तत्वावधान में चल रही नौ कुण्डीय तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ का समापन बड़े ही धूमधाम के साथ किया गया। इस विवाह में कमेटी की तरफ से वर वधुओ को चारपाई बक्शा गद्दा रजाई समेत कई सामग्री भी दी गई। राजू चौहान पुत्र रामआसरे निवासी भैरमपुर की शादी हिमांशी पुत्री विष्णु गांव पुरैना वा पिंकी देवी ग्राम तकियापुरवा का विवाह बीरेंद्र कुमार गांव मँझरा से सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विवाह जोड़े को देखने के लिए क्षेत्र के लोगों की भारी भरकम भीड़ देखने को मिली।




# धूमधाम से मनाया गया वरिष्ठ नागरिक मंच का होली मिलन समारोह

गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।

शहर के राजेंद्रनगर स्थित एक गेस्ट हाउस में गोल्डन लाइफ वरिष्ठ नागरिक मंच का होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन की अध्यक्षता डिग्री कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता एन.डी. शर्मा ने की। यहां वक्ताओं में कृषक समाज की पूर्व प्रवक्ता मीना मिश्रा ने भगवान कृष्ण के वृतांत सुनाते हुए भारतीय संस्कृति पर प्रकाश डाला। विष्णु अवतार रस्तोगी ने चुटकुले, देवेंद्र गिरि ने होली की महिमा पर गीत सुनाया। यहां पूजा शुक्ला, इशानी शुक्ला, शिवाय और उर्वशी ने गीत और विभिन्न रोमांचक होली पर्व के समारोह को खुशनुमा बनाया। समारोह में लकी ड्रा का आयोजन किया गया। जिसमें अधिवक्ता सुधीर सक्सेना को लकी ड्रा में विजेता घोषित किया गया। समारोह में मंच के अध्यक्ष प्रमोद साहनी मंत्री के.के. शुक्ल, कोषाध्यक्ष जोगेश साहनी, सुरेंद्र, डॉ डी.एस. मालिक डॉ. हरिओम सेठी, मधुसूदन गिरि, रामप्रकाश अग्रवाल, योगेश भसीन, राजेश पुरवार, राम गुलाम पांडेय, देव राज भसीन सहित परिवार की महिलाएं व बच्चे मौजूद रहे।




**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान, बाराबंकी द्वारा संचालित**

**चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल ग्राम छन्दवल, पोस्ट-हूंसेपुर, जिला-बाराबंकी**

**आवश्यकता**

चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल में निम्नलिखित शिक्षक/शिक्षिकाओं की आवश्यकता है-

1. अंग्रेजी शिक्षक, 01 पद आवश्यक शैक्षिक योग्यता - अंग्रेजी विषय में प्रशिक्षित स्नातक (Bed) 03 वर्ष का अनुभव। मानदेय रु. 15000/- प्रतिमाह
2. संगीत शिक्षक 01 पद, आवश्यक योग्यता, प्रशिक्षित स्नास्तक, संगीत शिक्षण का 03 वर्ष का अनुभव। मानदेय रु. 10,000/- प्रतिमाह
3. गणित शिक्षक 01 पद गणित विषय में प्रशिक्षित स्नातक (Bed) 03 वर्ष का अनुभव। मानदेय रु. 15000/- प्रतिमाह

इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा शैक्षिक अभिलेखों सहित वाट्सअप नम्बर 6393225007 पर E-mail: childlinebbk@gmail.com पर भेज सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 मार्च, 2025

**रत्नेश कुमार**
**प्रबंधक**
**चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल**

**नोट-** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार से अनुदान की उपलब्धता के आधार पर मानदेय की राशि में परिवर्तन हो सकता है।

# गर्मी में उपभोक्ताओं को निर्बाध मिले आपूर्ति

## ऊर्जा मंत्री ने विद्युत स्थायी समिति के सदस्यों के साथ की बैठक, शिकायतों को सुनकर अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**▸ जनप्रतिनिधियों के विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के सुझावों पर होगा अमल**

समृद्धि न्यूज





**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी में उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो और बिजली की मांग के अनुरूप लोगों को निर्बाध आपूर्ति मिले इसके लिए सभी विद्युत कार्मिक अभी से कमर कस लें। जहां कहीं पर भी विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने में कमियां दिख रही हैं। उसे शीघ्र ही सुधार लें।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विद्युत कार्मिक अपने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से सम्पर्क में रहेंगे और उपभोक्ताओं सहित उनके फोन कॉल को उठायेंगे। जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण और निर्बाध आपूर्ति हेतु दिए गए उनके सुझावों को अमल में भी लाएंगे। ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा गुरुवार को शक्ति भवन में विद्युत स्थायी समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों द्वारा दिये सुझावों, शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश भी दिए। इस वर्ष की गर्मी में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, लोवोल्टेज, ट्रिपिंग, हाईवोल्टेज की समस्या पर संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

विद्युत दुर्घटनाओं को रोकने, ट्रांसफार्मर जलने, सॉट सर्किट को रोकने के लिए, ट्रांसफार्मर, विद्युत पोल और लाइन के पास साफ-सफाई रखें, लाइन को स्पर्श करती शाखाओं की छटनी करें, जर्जर व झुके पोल, जर्जर एवं ढीली लाइन को शीघ्र सही करें। ट्रांसफार्मर के आसपास पकी खड़ी फसल को किसान से कटवा दें, जिससे कि फसल में आग न लगने पाए।

विद्युत कार्मिक अपने क्षेत्रों में राजस्व वसूली बढ़ाने और विद्युत चोरी रोकने के ठोस प्रयास करें। विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। जहां कहीं पर भी लाइन लॉस ज्यादा है ऐसे फीडरों के क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के निर्देशन में प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। सभी स्रोतों तापीय विद्युत, हाइड्रोपावर एवं सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है। गर्मी में पनकी, जवाहरपुर, ओबरा-सी की 660 मेगावॉट यूनिट बिजली उत्पादन शुरू हो जाएगा। गर्मियों में ओवरलोडिंग और ट्रिपिंग से निपटने के लिए 16000 करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि से आरडीएसएस योजना के तहत वितरण क्षेत्रों में कार्य हुए हैं। विजनेस प्लान के तहत भी ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ायी गई है। बांस-बल्ली में चल रही लाइन को हटाकर पोल लगाये गये हैं। जर्जर पोल व लाइन को हटाकर नये पोल व लाइन स्थापित किये गये हैं। उन्होंने समिति के सदस्यों को विद्युत व्यवस्था को लेकर आश्वस्त किया कि उनके सुझावों पर कार्य होगा कहीं से भी किसी भी प्रकार की शिकायत का मौका नहीं दिया जायेगा। समिति की बैठक में राज्यमंत्री डॉ सोमेन्द्र तोमर, शाहजहांपुर विधायक चेतराम, कासगंज विधायक देवेन्द्र सिंह, एटा विधायक सत्यपाल सिंह राठौर, उन्नाव विधायक बृजेश कुमार एवं आशुतोष शुक्ला, बहराइच विधायक आनन्द कुमार यादव, आजमगढ़ विधायक रमाकांत यादव, गाजीपुर विधायक जैकिशन साहू सहित अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नरेन्द्र भूषण, अध्यक्ष यूपीपीसीएल आशीष कुमार गोयल, एमडी पंकज कुमार, विशेष सचिव प्रशांत शर्मा, निदेशक वित्त निधि कुमार नारंग एवं ज्ञानेन्द्र धर द्विवेदी, गिरीश कुमार सिंह, पीयूष गर्ग, एके त्रिपाठी, एसके दत्ता, एसके दास उपस्थित रहे तथा सभी डिस्कॉम के एमडी, मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता एवं अधिशासी अभियन्ता वर्चुअल प्रतिभाग किए।

# क्रांता सालार मसूद गाजी के मेले को प्रतिबंधित करना उचित व सराहनीय कदम : बृज लाल

**▸ सालार मसूद ने हिंदुओं का कत्लेआम किया था व मंदिरों को तोड़कर मस्जिदें बनवाई थी**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सालार मसूद गाजी एक अक्रांता था, जिसने हिंदुओं का कत्लेआम किया था और मंदिरों को तोड़कर मस्जिदें बनवाई थी। उसके मेले को प्रतिबंधित करना एक उचित और सराहनीय कदम है। ये बातें राज्य सभा सांसद एवं यूपी के पूर्व डीजीपी बृज लाल ने कहीं।

उन्होंने कहा कि सालार गाजी का जन्म 10 फरवरी 1014 में अजमेर में हुआ था। उसके पिता सालार गाजी साहू था, जिसे अजमेर में बुलाया गया था। अजमेर आकर उसने हिंदुओं का दमन किया, हत्याएं की और मंदिरों को तोड़कर मस्जिदें बनवाई। सालार साहू के कामों से प्रसन्न होकर सुल्तान महमूद गजनवी ने अपनी बहन की शादी उससे कर दी। इसी शादी से सालार मसूद गाजी का जन्म हुआ जो महमूद गजनवी का भांजा हुआ। महमूद गजनवी ने वर्ष 1001 में भारत पर आक्रमण किया था और 1025 में सोमनाथ मंदिर तोड़ दिया था। थोड़ा व्यस्क होते ही उसके मामा महमूद गजनवी ने उसे सेनापति बनाया। सालार मसूद गाजी अपने पिता सालार साहू के साथ पश्चिमी भारत से आक्रमण करता हुआ आगे बढ़ता गया, हिन्दुओं का कत्लेआम, मंदिरों का विध्वंस करता हुआ वह दिल्ली, कन्नौज, सीतापुर, सतरिख बाराबंकी में कैम्प किया। सतरिख में हिंदुओं की सेना ने सालार साहू को हरा दिया। सालार मसूद आगे बढ़ता गया, बहराइच में महाराजा सुहेलदेव जी महाराज के नेतृत्व में हिंदू राजाओं की सेना से 16 जून 1034 को सालार मसूद गाजी की जंग हुई। इस जंग में महाराजा सुहेल देव ने सालार गाजी का बध कर दिया। उसकी इच्छानुसार उसे एक पवित्र तालाब के किनारे दफ़ना दिया गया। समय बीतता गया,फिरोज शाह तुगलक 1351 में दिल्ली का बादशाह हुआ। उसने बहराइच के उस स्थान पर दरगाह बनवाई जहाँ सालार मसूद गाजी को दफनाया गया। उस स्थान पर मेला लगने लगा जिसे जेठ का मेला कहा जाता है। अवध क्षेत्र में इसे बाले मियाँ की बारात कहा जाता है। आक्रांता सालार मसूद गाजी को फ़ज़ी नैरिटेव गढ़कर पीर (संत) बना दिया गया। किस तरह असली इतिहास को तोड़ मरोड़ कर एक घोर अत्याचारी को संत बना दिया गया। अवध के मुसलमानों के अतिरिक्त काफ़ी हिंदू भी मज़ार पर चादर चढ़ाकर दुआ मागनें लगे और दुःख की बात यह है कि हिंदू सम्राट सुहेलदेव महाराज जी को भुला दिया गया।

## खबरें एक नजर में

### यूपी सरकार द आई-फारेस्ट के बीच हुआ एमओयू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यावरण निदेशालय और अग्रणी पर्यावरण अनुसंधान संगठन आई फारेस्ट ने राज्य के हरित विकास और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को लखनऊ में एमओयू साइन किया हैं। यह तीन साल का समझौता वायु प्रदूषण, कचरा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और हरित उद्योगों के विकास के लिए किया गया है। इस मौके पर वन एवं पर्यावरण मंत्री के साथ ही प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज सिंह भी मौजूद रहे। लखनऊ में आज हुए इस समझौते के तहत, आई-फारेस्ट अनुसंधान, प्रशिक्षण और सरकारी योजनाओं में सहयोग करेगा। इस समझौते के तहत धार्मिक संस्थानों को भी पर्यावरण संरक्षण में शामिल करेगी, जिसकी शुरुआत महाकुंभ 2025 में ष्कुंभ की आस्था और जलवायु परिवर्तन सम्मेलन से होगी। पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा यह साझेदारी प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का समाधान खोजने में मदद करेगी। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने अनुसंधान आधारित समाधानों की आवश्यकता पर जोर दिया। आई-फारेस्ट के सीईओ डॉ. चंद्र भूषण ने कहा उनका लक्ष्य व्यावहारिक समाधान प्रदान करना है।

### वीरांगना अवंतीबाई की पुण्यतिथि मनाई गई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** स्वतंत्रता संग्राम की नायिका वीरांगना अवंतीबाई लोधी की पुण्यतिथि के मौके पर आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने अवंतीबाई के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर अध्यक्ष ने वीरांगना अवंती बाई के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अवंती बाई 1857 की क्रांति की नायिका थी, जिन्होंने अंग्रेजों से कई युद्ध लड़े। 1858 के युद्ध में जब अंग्रेजों द्वारा वीरांगना अवंतीबाई को चारों ओर से घेरा लिया गया तब उन्होंने आत्मसमर्पण करने के बजाय वीरगति को प्राप्त हुई। जिस कारण वीरांगना अवंतीबाई को भारतीय महिलाओं की शक्ति और साहस का प्रतीक माना जाता है। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्राइवेट नौकरी करने वाला युवक फांसी पर लटका, मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के वजीरगंज इलाके में एक व्यक्ति फांसी पर लटक गया। पुलिस ने परिवार की मदद से युवक को फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पांडेयगंज वजीरगंज निवासी सियाराम कश्यप (48) पुत्र मूलचंद कश्यप प्राइवेट नौकरी करता था। गुरुवार सुबह सियाराम ने कमरे में लगे पंखे के सहारे फांसी लगा ली। परिजनों ने पंखे से लटकता देख पुलिस को सूचना दी। मौके से पहुंची पुलिस ने सियाराम को उतारकर बलरामपुर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। मौके से कोई सुसाइड नहीं मिला है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### बाइक ने दुकानदार को मारी टक्कर, गंभीर घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर में पैदल जा रहे दुकानदार को बाइक ने टक्कर मार दी। हज हाउस के सामने स्टेशनरी की दुकान चलाने वाले भास्कर पांडेय (49) अपनी दुकान से सड़क पर निकले। इसी दौरान बाइक सवार मां-बेटे से उनकी टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार सक्षम सिंह (19) और उनकी मां बेबी सिंह (39) को मामूली चोटें आईं। दोनों को सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घटना दोपहर करीब 12 बजे की है। सक्षम अपनी मां को बाइक से गौरी बाजार ले जा रहा था। भास्कर पांडेय को गंभीर चोटें आने के कारण ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। वहां उनका इलाज जारी है। शांति नगर निवासी सक्षम एक निजी कॉलेज में 11वीं का छात्र है। कानपुर रोड पर हुए इस हादसे में तीनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

### गौरैया संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने की अपील

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नन्हीं चिड़िया गौरैया की घटती आबादी को लेकर हर वर्ष 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने के पीछे यह मंशा है कि लोग गौरैया की घटती संख्या के प्रति जागरूक हो। इस क्रम में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के प्रांगण में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने घोंसलें टंगवाकर कांग्रेस पार्टी की सामाजिक, मानवीय कार्यों की परंपरा को आगे बढ़ाया। श्री राय ने कहा कि अब पूरी गर्मी भर यह घोंसलें तो रहेंगें ही इसके साथ-साथ चिड़ियों के लिए दाना-पानी भी प्रतिदिन रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि गौरैया भले ही आकार में छोटी होती हैं मगर परिस्थितिकी तंत्र में उनका योगदान बड़ा होता है। जैसे वह छोटे-छोटे कीटों का खाकर जैविक संतुलन बनाये रखती हैं। यह फूलों और बीजों के जरिए जैव विविधता को बढ़ावा देती हैं। बढ़ता शहरीकरण, प्रदूषण और कीटनाशकों का बढ़ता उपयोग इनकी घटती संख्या के कारण हैं। लोगों को अपने घरों पर घोंसले लगवाने चाहिए और इनके लिए पात्र रखकर पानी और दाने की व्यवस्था भी करनी चाहिए।

# सीएससी डिजिटल सेवा पोर्टल से उठाएं परिवहन सेवाओं का लाभ : दयाशंकर

**▸ व्यवस्था भ्रष्टाचार मुक्त व पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रदेश में स्थापित जनसेवा केन्द्रों, लोकवाणी केन्द्रों, जनसुविधा केन्द्रों, ई-सुविधा केन्द्रों के माध्यम से ई-डिस्ट्रिक्ट एप्लीकेशन द्वारा आमजनमानस को परिवहन विभाग की सेवाएं उपलब्ध होंगी।

उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग की ऑनलाइन सेवाओं को फेसलेस, पारदर्शी, त्वरित और अधिक सुगमता के साथ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सीएससी डिजिटल सेवा पोर्टल का एपीआई एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इण्टरफेस एकीकरण करने तथा एसबीआई-एमओपीएस पेमेंट गेटवे को सीएससी वॉलेट के साथ जोड़ा गया है। परिवहन मंत्री ने बताया, आमजनमानस को सफल ट्रांजेक्शन पर प्रतिसेवा 30 रुपये का भुगतान सीएससी संचालक को करना होगा। डाक्यूमेन्ट स्कैनिंग, अपलोडिंग, प्रिंटिंग, फोटोकॉपी हेतु अलग से निर्धारित शुल्क देय होगा। इसके अलावा प्रति पेज स्कैनिंग अपलोडिंग हेतु 02 रुपये, प्रति पेज प्रिंटिंग हेतु 03 रुपये एवं प्रति पेज फोटोकॉपी हेतु 02 रुपये शुल्क देना होगा। प्रदेश सरकार का यह निर्णय जनहित में है। यह निर्णय व्यवस्था को भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल से राज्य की जनता को परिवहन विभाग द्वारा फेसलेस की गई सुविधाओं जिसमें ड्राइविंग लाइसेंस सहित लर्नर लाइसेंस के लिए आवेदन, पता बदलना, नाम बदलना, फोटो और हस्ताक्षर बदलना, डुप्लीकेट लाइसेंस, डुप्लीकेट डीएल जैसी सुविधाएं आमजनमानस को सीएससी पर उपलब्ध होंगी।

परिवहन मंत्री ने बताया कि राज्य के डेढ़ लाख से अधिक सक्रिय कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में सरकार द्वारा दी जा रही बिभिन्न योजनाओं को आम जनमानस तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।यह एकीकरण आमजन को आरटीओ कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाएगा और सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाएगा।

### निकला 19वीं रमजान का जुलूस, 80 सीसीटीवी व ड्रोन से निगरानी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 19वीं रमजान को ग्लीम (कंबल का ताबूत) जुलूस निकाला गया। तड़के निकले इस जुलूस में हजारों की संख्या में शिया समुदाय के लोग काले कपड़े पहनकर शामिल हुए। 4 किमी लंबे जुलूस में सुरक्षा के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल मौजूद रही। ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई। सआदतगंज स्थित कूफा मस्जिद में पहले मजलिस हुई उसके बाद नमाज अदा की गई। यहां से जुलूस उठकर टूरियावांज, सरकटा नाला, बिल्लौचपुरा होते हुए चौक स्थित पाटा नाला इमामबाड़ा तकि जैदी पहुंचा। 19वीं रमजान को हजरत अली पर तलवार से हमला हुआ था। उसी घटना को याद करते हुए बड़ी संख्या में अकीदतमंद ताबूत के जुलूस में शामिल होते हैं। जुलूस में हजारों की संख्या में पुरुष, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हुए। जुलूस में हर व्यक्ति ताबूत को एक नजर देखना चाहता और उसे छूने के लिए संघर्ष करता हुआ नजर आया।

# महिला हत्याकांड : पुलिस आयुक्त ने सात पुलिसकर्मियों को किया निलंबित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मलिहाबाद में मरणासन्न हालत में मिली युवती की मौत के बाद पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सेंगर ने सख्त रुख अख्तियार किया। लापरवाही पाए जाने पर प्रभारी निरीक्षक आलमबाग, चौकी प्रभारी आलमबाग बस स्टैंड और रात्रि अधिकारी आलमबाग व बस स्टैंड ड्यूटी पर तैनात दो पुलिसकर्मियों, पीआरवी कमांडर व कांस्टेबल सहित कुल सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच के लिए तीन पुलिस टीमें तैनात की गई हैं।

गौरतलब है कि 18 मार्च की रात करीब 1.30 बजे अयोध्या जनपद की रहने वाली युवती वाराणसी से इंटरव्यू देकर आलमबाग बस अड्डे पर उतरी थी। जिसके बाद युवती ऑटो रिक्शा पर सवार होकर चिनहट में रहने वाले भाई के घर जा रही थी। युवती मोबाइल फोन के जरिये अपने परिजनो के संपर्क में थी। ऑटो चालक ने उसको गलत रास्ते पर ले जाने का संदेह होने पर अपना लोकेशन परिजनों को भेजी तब उसकी लोकेशन मोहम्मद नगर तालुकेदारी थाना मलिहाबाद दिखा रहा था।

अन्तिम लोकेशन मलिहाबाद आने पर परिजनों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना पर दी थी। जिसके आधार पर मलिहाबाद पुलिस टीम ने युवती को मोहम्मद नगर तालुकेदारी के के समीप आम के बाग में अचेत अवस्था में पाया था। उसके बाद पुलिस ने युवती को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया और जहां इलाज के दौरान युवती ने दम तोड़ दिया। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर युवती की हत्या हुई है। इस मामले में पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सेंगर ने लापरवाही बरतने पर आलमबाग प्रभारी निरीक्षक, चौकी प्रभारी आलमबाग, बस स्टैंड, रात्रि अधिकारी आलमबाग, बस स्टैंड ड्यूटी पर तैनात दो पुलिसकर्मी, पीआरवी कमांडर और कांस्टेबल समेत 7 पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है।

# भारत का शिक्षा मॉडल पश्चिमी देशों के लिए भी आदर्श : संदीप सिंह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की शिक्षा नीति को गेट्स फाउंडेशन ने वैश्विक स्तर पर सराहा है। 19 मार्च को गेट्स फाउंडेशन के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ के प्राथमिक विद्यालय उजरियांव, नगर क्षेत्र (जोन-2) का दौरा किया और राज्य में मौलिक अक्षर ज्ञान एवं अंकगणित (एफएलएन) के क्षेत्र में किए गए अभूतपूर्व सुधारों की प्रशंसा की। इसके बाद गेट्स फाउंडेशन टीम के सदस्य बेंजामिन पाइपर और आसिया ने एडिशनल चीफ सेक्रेटरी दीपक और बेसिक शिक्षा के महानिदेशक कंचन वर्मा से भी मुलाकात की।

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि गेट्स फाउंडेशन का यह दौरा इस बात का संकेत है कि यूपी का एफएलएन मॉडल अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा सुधारों का आदर्श बन चुका है। पश्चिमी देशों का ध्यान अब भारत के शिक्षा मॉडल की ओर बढ़ रहा है और वे उत्तर प्रदेश के शिक्षा सुधारों से प्रेरित होकर अपने स्वयं के शिक्षा ढांचे में बदलाव लाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि योगी सरकार शिक्षा क्षेत्र में निरंतर सुधार और नवाचार के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे उत्तर प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में उभर रहा है। इस दौरान गेट्स फाउंडेशन के बोर्ड मेंबर एवं कन्वर्जेंस फाउंडेशन के संस्थापक आशीष धवन ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने कार्यकाल की शुरुआत में ही एफएलएन के महत्व को भली-भांति समझते हुए मिशन प्रेरणा की नींव रखी थी। आज उत्तर प्रदेश के बच्चों के सीखने के स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसका श्रेय मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व, बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों और शिक्षकों के अथक प्रयासों को जाता है। प्रतिनिधिमंडल ने यूपी के शिक्षकों और छात्रों से संवाद किया।

### रामकृष्ण मठ में मनाई गई स्वामी योगानंद की जयंती

**लखनऊ।** लखनऊ के रामकृष्ण मठ निराला नगर में स्वामी योगानन्दजी की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर मठ में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही, सभी कार्यक्रमों का लाइव प्रसारण 'रामकृष्ण मठ, लखनऊ' के यूट्यूब चैनल के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शंखनाद और मंगल आरती से हुई, जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण और 'नारायण सूक्तम' का पाठ हुआ। समूह में 'जय जय रामकृष्ण भुवन मंगल' का गायन किया गया। यह सब कुछ रामकृष्ण मठ, लखनऊ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्दजी महाराज के नेतृत्व में हुआ। सायंकाल में मुख्य मंदिर में संध्यारति के बाद स्वामी सारदानन्दजी द्वारा रचित 'सपार्षद-श्री रामकृष्ण स्तोत्रम' का पाठ हुआ, जिसे स्वामी इष्टकृपानन्द ने संपन्न किया। इसके बाद स्वामी मुक्तिनाथानन्दजी महाराज ने स्वामी योगानन्दजी की जीवनी और उनके वचन पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीरामकृष्ण ने हमेशा कहा था कि वह एक 'गुलदस्ता' हैं, जिसमें विभिन्न धार्मिक और आध्यात्मिक उपलब्धियां मिलती हैं।

# सींगना में स्थापित होगी अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र की शाखा

**▸ उद्यान मंत्री ने आलू केन्द्र पेरू के महानिदेशक से की मुलाकात**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार और कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने गुरूवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर अन्तर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र पेरू के महानिदेशक डा. साइमन हैक से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने पेरू के महानिदेशक से उत्तर प्रदेश में आलू उत्पादन में नवाचार के लिए सहयोग देने एवं अन्तर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र, पेरू की शाखा जनपद आगरा के राजकीय आलू प्रक्षेत्र सींगना में स्थापित किये जाने के लिए आभार जताया।

उद्यान मंत्री ने श्री हैक को अवगत कराया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के किसानों को फसलों की आधुनिक तकनीको से जोड़ते हुए उनके उत्पादों को देश के साथ विदेशी बाजार तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर बनाने का संकल्प लिया है इसमें आलू किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसको दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार आलू के भंडारण, सुरक्षा, निर्यात आदि में आलू उत्पादकों को सहायता प्रदान कर रही है। योगी सरकार में कृषि एवं बागवानी क्षेत्र में नवाचार एवं निवेश हेतु देश-विदेश के निवेशकों को भी आमंत्रित किया गया है। उत्तर प्रदेश आलू प्रधान क्षेत्र है। राज्य सरकार किसानों को उन्नत बीज एवं तकनीक का सहयोग देकर आलू के उत्पादन को और बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान कर रही है ताकि आलू का निर्यात भी हो सके और प्रदेश सरकार को राजस्व भी प्राप्त हो। अन्तर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र की शाखा की स्थापना से प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण के लिए उपयुक्त आलू किस्मों के जर्म प्लाज्म सहजतापूर्वक उपलब्ध हो सकेंगे, जिससे क्षेत्रीय उपयुक्तता के आधार पर नवीन प्रजातियों को विकसित करने में सहायता मिलेगी। अन्तर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र की स्थापना से विभिन्न जलवायु के अनुकूल प्रजातियों का उत्पादन सम्भव हो सकेगा। यह केन्द्र एपीकल रूटेड कटिंग द्वारा आलू बीज उत्पादन का कार्य कई देशों में सफ्लतापूर्वक करा रहा है और इसका लाभ प्रदेश के आलू उत्पादकों को प्राप्त होगा। विश्व में आलू उत्पादन में भारत का द्वितीय स्थान है। उत्तर प्रदेश देश का सर्वाधिक आलू उत्पादक राज्य है। प्रदेश में वर्ष 2023-24 के आकड़ों के अनुसार 6.96 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में 243.60 लाख मीट्रिक टन आलू का उत्पादन हुआ, जो कि भारत में कुल उत्पादन का लगभग 35 प्रतिशत है। आलू उत्पादन का 40 प्रतिशत प्रदेश से बाहर अन्य प्रदेशों में विक्रय किया जाता है। आगरा, अलीगढ़ एवं कानपुर मण्डल प्रमुख आलू उत्पादक क्षेत्र है, जिसमें आगरा सबसे महत्वपूर्ण जनपद है, जिसमें 74 हजार हेक्टेयर में आलू का उत्पादन किया जाता है। इस अवसर पर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बीएल मीणा अन्तर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान के निदेशक डा.सुंधाशु, अन्तर्राष्ट्रीय आलू उत्पादन केन्द्र पेरू रमन अर्बोल, केन्द्रीय आलू अनुसंधान के निदेशक डॉ. बृजेश सिंह, आयुक्त उद्यान प्रभात कुमार, निदेशक उद्यान डॉ. विजय बहादुर द्विवेदी सहित अन्य विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिठूर महोत्सव में शामिल होंगे मुख्यमंत्री योगी

**▸ विकास कार्यों की 23 को करेंगे चर्चा, स्पीकर महाना ने रद्द किए प्रोग्राम**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानपुर शहर की सूरत बदलने के लिए 23 मार्च को विकास का खाका खींचेंगे। बिठूर महोत्सव में शाम को शामिल होने से पहले सीएम दिन में प्रशासन, पुलिस अफसरों व जनप्रतिनिधियों के साथ समग्र विकास पर बात करेंगे। गंगा रिवर फ्रंट, जूही खलवा पुल, यातायात सुधार, रिंग रोड जैसी योजनाओं पर अधिक फोकस होगा।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने 22 मार्च को समग्र विकास की बैठक रद्द कर दी है। उनकी जगह सीएम रोडमैप समझेंगे।सीएम योगी आदित्यनाथ को 23 मार्च को बिठूर महोत्सव के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने आमंत्रित किया था। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि बुधवार सुबह मुख्यमंत्री से लखनऊ में मुलाकात की। उनके कानपुर आने को लेकर 22 मार्च को होने वाली अपनी समग्र विकास की बैठक रद्द करते हुए 23 मार्च को मुख्यमंत्री से विकास पर बात करने का अनुरोध किया। इस पर सीएम ने सहमति जता दी है। पिछली बार भी जब सीएम शहर आए थे तो उन्होंने गंगा रिवर फ्रंट, जूही खलवा पुल पर फ्लाईओवर, जलनिकासी, रिंगरोड के काम, शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात सुधारने, मरियमपुर से दीप तिराहा तक फ्लाईओवर, दादानगर समानांतर पुल, जयपुरिया क्रासिंग समेत अन्य विकास कार्यों पर चर्चा की थी। इस बार वे इनकी प्रगति जानेंगे। जनप्रतिनिधियों से बात करके नए विकास कार्यों को लेकर स्थिति समझेंगे। सीएम के आगमन को लेकर पुराने कार्यों की स्थिति देखी जा रही है। अफसर फाइलें खंगाल रहे हैं। सीएम मेट्रो के मोतीझील से आगे सेंट्रल स्टेशन तक चलाने के शुभारंभ को लेकर चर्चा कर सकते हैं। विकास कार्यों की बैठक में मेट्रो के अधिकारी भी रहेंगे। मंधना से अनवरगंज के बीच एलीवेटेड रेलवे ट्रैक को लेकर चर्चा तय है। इसकी शुरुआत से 18 रेलवे क्रासिंगों पर 50 लाख आबादी को जाम से मुक्ति मिलेगी। 995 करोड़ रुपये की इस परियोजना को हरी झंडी मिल चुकी है। अब शिलान्यास बाकी है। डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर बिठूर महोत्सव स्थल के पास ही हेलीपैड तैयार है। विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट उनके समक्ष रखी जाएगी।

**बैठक** | मंत्री कपिल देव ने की यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था को लेकर डेलॉयट के साथ चर्चा

# कौशल विकास बनेगा प्रदेश की आर्थिक प्रगति का आधार

**▸ दायित्वों को निभाएं डेलॉयट के अधिकारी**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने मंगलवार को कौशल विकास मिशन सभागार में प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्त कंसल्टेंसी संस्था डेलॉयट के प्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान डेलॉयट प्रतिनिधियों ने विभाग के लिए निर्धारित विभिन्न लक्ष्यों की प्रगति का प्रस्तुतीकरण दिया और आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना हेतु नए लक्ष्यों पर चर्चा की। कौशल विकास मंत्री ने विभागीय लक्ष्यों की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए डेलॉयट को इसमें तेजी लाने और लक्ष्यों पर पुनर्विचार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि हमें ऐसे लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए जिनका प्रभाव अर्थव्यवस्था की वृद्धि में शीघ्र दिखाई दे। ऐसे ट्रेड्स शुरू करें जिनमें प्रशिक्षण प्राप्त युवा अधिक वेतन पा सकें और आधुनिक प्रौद्योगिकी का बेहतरीन ज्ञान प्राप्त करें। साथ ही, स्व-रोजगार को बढ़ावा देने वाले क्षेत्रों में प्रशिक्षण पर ध्यान दें, ताकि युवा रोजगार शुरू कर सकें।कपिल देव अग्रवाल ने डेलॉयट संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग का व्यापक स्तर पर सर्वे करें और यह विश्लेषण करें कि विभाग की मौजूदा योजनाओं और गतिविधियों को और प्रभावी कैसे बनाया जा सकता है। युवाओं को न केवल प्रशिक्षण दिया जाए बल्कि उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए एक व्यापक ष्स्किल मैपष् तैयार किया जाए। इस मैप के माध्यम से सुनिश्चित होगा कि प्रशिक्षित युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के आधार पर उपयुक्त रोजगार के अवसर मिलें। उन्होंने स्किल मित्रा पोर्टल को और अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने और विभागवार प्रशिक्षण डेटा को व्यवस्थित करने पर बल दियाबताकि प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति को आसानी से ट्रैक किया जा सके। बैठक में मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस संकल्प का उल्लेख किया, जिसमें उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने डेलॉयट के अधिकारियों से कहा कि वे इस संकल्प को पूरा करने के लिए अपने दायित्वों को पूरे मनोयोग से निभाएं। हमें ऐसा कार्य करना है जो विभाग की गतिविधियों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे। यह सिर्फ एक लक्ष्य नहीं, बल्कि प्रदेश के युवाओं और अर्थव्यवस्था के भविष्य का सवाल है। कौशल विकास उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति का आधार बनेगा।बैठक में प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने डेलॉयट प्रतिनिधियों को उद्योगों के साथ वार्ता कर अप्रेंटिसशिप सीटों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि कम रोजगार और स्व-रोजगार संभावना वाले ट्रेड्स को चिह्नित कर ल राजकीय आईटीआई से हटाया जाए और उनकी जगह आधुनिक ट्रेड्स शुरू किए जाएं। आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना के लिए जनपदों के प्रधानाचार्यों और अधिकारियों से चर्चा करने को कहा, ताकि लक्ष्यों को शीघ्र अंतिम रूप दिया जा सके। डॉ. हरिओम ने कहा, आगामी वित्तीय वर्ष में कौशल विकास मिशन नए कलेवर में चलाने का लक्ष्य है, जिसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है।

# देवीपाटन मंडल के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ सीएम ने की बैठक

- बड़े प्रोजेक्ट के लिए नोडल अधिकारी की हो नियुक्ति
- फर्जी बिल प्रस्तुत करने वाले प्राइवेट अस्पतालों का लाइसेंस करें निरस्त

**देवीपाटन मण्डल / गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

मुख्यमंत्री ने जिला पंचायत सभागार गोण्डा में देवीपाटन मंडल के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बैठक कर मण्डल के विकास कार्यक्रमों, निर्माण कार्यों एवं कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक जनपद के हुए विकास कार्यक्रमों की जानकारी एवं निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत रोड कटिंग की समस्या का तत्काल समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत अधिक से अधिक लाभार्थियों को ऋण सुविधा उपलब्ध करायी जाए। तटबंधों पर निर्माण कार्य को तेजी से कराया जाए जिससे की बाढ़ के समय कोई भी अप्रिय घटना ना हो। मुख्यमंत्री ने बैठक में गोल्डन कार्ड की प्रगति को लेकर सीएमओ से जानकारी ली। गोल्डन कार्ड को लेकर उन्होंने कहा कि सभी पात्रों के गोल्डन कार्ड बनाकर उन्हें उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने जन आरोग्य योजना के तहत होने वाले उपचारों के संबंध में भुगतान की जानकारी ली एवं निर्देश दिए कि ऐसे प्राइवेट अस्पताल जो आयुष्मान जन आरोग्य योजना के तहत उपचार के भुगतान



हेतु फर्जी बिल प्रस्तुत करते हैं ऐसे अस्पतालों का लाइसेंस निरस्त किया जाए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री ने देवीपाटन मंडल में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर नाराजगी व्यक्त की एवं सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी बड़े प्रोजेक्ट के लिए एक एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए। निर्माण कार्य की प्रगति में सुधार न हो तो सम्बंधित अधिकारियों के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई की जाए। निर्माण कार्यों में किसी प्रकार का भ्रष्टाचार नहीं होना चाहिए। सरकारी धन की लूट पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए। भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए। सभी प्रोजेक्ट समय पर ही पूरे किये जाएं। बेवजह समय बढ़ाकर सरकारी धन की लूट खसोट पर रोक लगाई जाए। कार्यदायी संस्थाओं की जिम्मेदारी तय की जाए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता प्रारंभ में ही चेक कर ली जाए। गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का कोई समझौता न किया जाए। किसी भी नाबालिक को ई रिक्शा चलाने की अनुमति न दी जाए यदि कोई नाबालिक ई रिक्शा चलाता है तो कठोर कार्रवाई की जाए और नेपाल से हमारे सनातन संबंध है। यदि कोई नेपाल का नागरिक छोटी मोटी खरीदारी करने आता है तो उसमे कोई भी व्यवधान ना डाला जाए परंतु बड़े स्तर पर की खरीदारी करता है तो उस पर रोक लगाई जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडल के सभी सड़क ठीक हो। जर्जर व झूलते तारों को बदला जाए। पेयजल व सीवर की समस्या को समाप्त किया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक व तहसील स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालय में आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या को गम्भीरता से सुना जाए। जनता की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए जिससे प्रत्येक नागरिक को न्याय मिल सके। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद में गो तस्करी लव जिहाद जैसी अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जाए। कानून व्यवस्था को न बिगड़ने दिया जाए। सभी त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराया जाए। त्योहारों में खलल डालने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। शहरों में ट्रैफिक जाम की समस्या को समाप्त किया जाए। अवैध स्टैंडों को हटाया जाए। खनन, वन व भू माफिया पर कठोर कार्रवाई की जाए।

# छात्रों को दहेज प्रथा एवं नशा मुक्ति की दिलाई गई शपथ



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

गुरुवार को गायत्री विद्यापीठ पीजी कॉलेज रिसिया में भारत में दहेज प्रथा के कुप्रभाव एवं नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत छात्र छात्राओं एवं महाविद्यालय स्टाफ को प्राचार्य प्रो डॉ दिव्य दर्शन तिवारी ने दहेज प्रथा एवं सभी को नशा न करने की शपथ दिलाई।इस अवसर पर छात्र छात्राओं एवं उपस्थित स्टाफ को दहेज़ रहित विवाह करने एवं खुद को नशा से दूर रहने और दूसरों को भी नशा न करने देने के लिए जागरूक किया एवं शपथ दिलाई गई।इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो डॉ दिव्य दर्शन तिवारी, डॉ डी आर यादव, डॉ मुकेश चंद्र श्रीवास्तव, डॉ आशुतोष त्रिपाठी, धमेंद्र श्रीवास्तव रिकेश्वर प्रसाद, रविन्द्र श्रीवास्तव सहित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सड़क किनारे लगे कटीले पेड़ों की नहीं हुई छंटाई,चालक हो रहे परेशान

- लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने कई सालों से नहीं कराई साफ-सफाई

**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



विशेश्वरगंज से इकौना जाने वाली सड़क के दोनों तरफ लगे कटीले पेड़ पौधों की कई साल से साफ-सफाई नहीं हुई है। इससे वाहन चालकों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे बारिश के मौसम में बमूर, दरे और अन्य प्रजातियों के कटीले पेड़ पौधे उग जाते हैं। इन पेड़ पौधों की लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने कई सालों से साफ-सफाई नहीं कराई है। इससे यह पेड़ पौधे बड़े हो गए हैं। इस कारण वाहन चालकों व राहगीरो को मोड़ पर पेड़ पौधों के कारण सामने से आ रहे वाहन दिखाई नहीं देते। इससे आए दिन हादसे होते रहते है। सड़क किनारे लगे पेड़ पौधों के कारण वाहन चालकों को सबसे अधिक रात के समय में दिक्कत होती है।

सड़क किनारे लगी कटीली झाड़ियों में दूसरे वाहन को साइड देते समय दोपहिया वाहन जब सड़क के साइड में आते हैं तो बाइक पर पीछे बैठीं महिलाओं की साड़ीयो में कटीली झाडियां उलझ जाती है। इस सड़क पर सैकडों वाहन गुजरते हैं। यह मार्ग क्षेत्र का सबसे व्यस्त मार्ग है। इसके बाद भी प्रशासन ने सड़क किनारे खड़ी कटीली झाड़ियों की साफ-सफाई नहीं की है। इस मार्ग पर कई अंधे मोड़ हैं। सबसे खतरनाक मोड़ पहुंचकट्टा व जलालपुर के बीच का है। इस मोड़ पर सड़क के दोनों तरफ बड़े-बड़े बमूर के पेड़ खड़े हैं। जिनके कारण सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते। इससे हादसे का डर रहता है। इसके बाद भी प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# बीजेपी के दबाव में काम कर रहे अफसरः राम प्रताप सिंह

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में सीएम की लगातार समीक्षा और बढ़ रहे अपराध के ग्राफ के बावजूद आल इज वेल की संभावना से जहां एक तरफ बढ़ते अपराध को बढ़ावा मिल सकता है। वहीं दूसरी तरफ आम जनता को मिलने वाली समय पर समुचित न्याय पर ग्रहण भी लग सकता है ? आपको बताते चले की मुख्यमंत्री का जनपद में वर्ष में यह दूसरा दौरा है इसके पहले अरगा पक्षी विहार टिकरी और अब मंडलीय समीक्षा तथा उद्यमियों के साथ लाभार्थियों को चेक वितरण करना अहम रहा। तथा इसके पूर्व भी पिछले वर्ष 2024 में सीएम का जनपद में समय समय पर लगातार समीक्षात्मक दौरा और बैठक होती रही फिर भी अपराध के ग्राफ में और जनता को मिलने वाली समय पर समुचित न्याय



के क्रम में कोई सुधार नहीं देखा गया।

वहीं दूसरी तरफ जनपद में विरोधी पार्टियों ने भी सीएम के दौरे को लेकर टिप्पणी करते हुए जनपद की कानून व्यवस्था पर उंगली उठाई। इस संबंध में जब पूर्व में भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे और लगातार वर्ष 1991 से 2007 तक विधानसभा सादुल्लाह नगर से विधायक रहे जनपद के वरिष्ठ समाज सेवक मौजूदा कांग्रेसी नेता राम प्रताप सिंह से बात की गई तो उन्होंने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि यह समीक्षा बैठक सरकार की सतत प्रक्रिया है, जिसके तहत योगी जी कर रहे हैं। लेकिन अधिकारी आज पूर्णतयः भजपा के दबाव में है और समाधान दिवस तहसील दिवस में निरंतर दरख्वास्ते पड़ती है,लेकिन कार्यवाही के नाम पर कुछ नहीं होता है। उदाहरण के तौर पर पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह ने बताया कि गोंडा के सर्कुलर रोड व आवास विकास समेत शहर के ऐसे कई स्थानों पर तालाब जैसी महत्वपूर्ण जमीनों पर लोगों ने

- सुरक्षा की दृष्टि से जेल रोड की सभी दुकानें बंद, भुखमरी की कगार पर पांच हजार परिवार

कब्जे करके महल बना लिए, चारागाह पर महल बना लिए। और जमीनों को बेच भी दिया। लेकिन योगी सरकार केवल डंका पीटती रही कार्यवाही कुछ नहीं की, इसके साथ ही उन्होंने बताया कि आवास विकास कॉलोनी गोंडा में योगी के प्रथम कार्यकाल से लेकर के अब तक 8 या 11 भू माफिया के नाम चिन्हित किए गए थे, लेकिन अभी तक महज दो लोगों से जमीने खाली कराई गई है,बाकी भूमि माफिया का अवैध कब्जा बरकरार है। इसके साथ ही उन्हें बताया कि जनपद में लूट, खसोट,हत्या, बलात्कार जैसे गंभीर अपराधों में काफी इजाफा हुआ है। लेकिन सरकार केवल प्रोपेगेंडा फैला रही है। कार्यवाही के नाम पर शोषितों ,वंचितों एवं गरीबों के साथ अन्याय हो रहा है। तथा अपने विचारों को साझा करते हुए पूर्व विधायक ने बताया कि यहां देखा जा रहा है कि पुलिस पीड़ितों को न्याय दिलाने की बजाय स्वतः मामलों को उत्पन्न कर देती है, और विशेषतया इस गवर्नमेंट में पुलिस के ऊपर कोई प्रेशर नहीं है जिससे जमीनों को कब्जा कराने का ट्रेंड चल रहा है।

तथा माननीय के दबाव में पुलिस जनता की ना सुनकर के एक तरफा कार्यवाही में लगी हुई है। बहरहाल पूर्व विधायक की बातें और मौजूदा स्थिति का मिलान किया जाए तो शायद बहुत फर्क नहीं दिखेगा ऐसी कई बातें सिद्ध हो सकती हैं। जिसके बाद सीएम की समीक्षा पर उठने वाला प्रश्न और पुख्ता दिख रहा है।

## खबरें एक नजर में

### तमंचाधारी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोंच,जालौन।** थाना कैलिया पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। थाना कैलिया के उपनिरीक्षक अरविंद सिंह ने गुरुवार की सुबह क्षेत्र भ्रमण के दौरान क्षेत्र के ग्राम खैरी की मोड़ के समीप संदिग्ध अवस्था में खड़े नौशाद पुत्र दिलावर निवासी आराजीलेन कोंच को पकड़ लिया। जामातलाशी में उसके पास से एक अवैध तमंचा बरामद कर पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### दो आरोपियों पर पुलिस ने की विधिक कार्यवाही

**कोंच,जालौन।** थाना नदीगांव पुलिस ने अभियुक्तगण पंचम सिंह पुत्र जगत सिंह उम्र करीब 43 वर्ष व ईशू पुत्र पंचम सिंह उम्र करीब 22 वर्ष निवासीगण ग्राम अखनीवा थाना नदीगांव जनपद जालौन को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

### नमाज के बाद रोजेदारों ने मांगी दुआएं

**कोंच,जालौन।** रमजान माह के 18वें रोजे पर बुधवार की देर शाम आराजीलेन स्थित मदरसा कादरिया गुलशने मुस्तफा में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों रोजेदारों ने शिरकत की। इफ्तार के बाद मस्जिद कुरैशियान के खतीबो इमाम हाफिज कारी मोहम्मद असलम रजा ने नमाज मगरिब अदा कराई। नमाज के बाद रोजेदारों ने अपने गुनाहों की तौबा के साथ साथ मुल्क में अमन चैन कायम रहने व खुशहाली की दुआ मांगी। इस मौके पर कारी साहब ने कहा कि जितना सबाब रोजा रखने का है उतना ही सबाब रोजेदार को रोजा इफ्तार कराने का है। उन्होंने कहा मुकद्दस माहे रमजान की बहुत फजीलतें हैं, इसलिये हमें चाहिए कि इस माहे मुबारक की कद्र करें। नमाज, रोजे तराबीह के साथ साथ जकात, सदकए फित्र अदा करें और तमाम बुरे कामों से दूर रहकर गुनाहों से बचें। इस मौके पर प्रबंधक नन्नू कुरैशी, हाफिज नईम रजा, शहजाद कुरैशी, अशफाक गौरी, बाबू कुरैशी, खलील बरकाती, नायाब कुरैशी, वकील कुरैशी आदि मौजूद रहे।

### मतभेद दूर कर आपसी स्नेह को बढ़ाती है होली : अजय

**जालौन,उरई।** भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन द्वारा स्थानीय अभिनंदन गेस्ट हाउस में होली महोत्सव का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सचिव पर्यावरण अजय महतेले ने कहा कि होली का पर्व आपसी मतभेद दूर कर आपसी स्नेह को बढ़ाता है। प्रमुख शाखा जालौन का होली महोत्सव सामाजिक समरसता को सुदृढ़ कर रहा है। महिला संयोजिका श्रीमती ऊषा गुप्ता शशि अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, सुनीता श्रीवास्तव, अंजू श्रीवास्तव, किरन अग्रवाल, रेनू द्विवेदी, प्रगति गुप्ता, निधि, अग्रवाल आदि मातृशक्ति के निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं ने सभी सदस्यों का भरपूर मनोरंजन किया।कार्यक्रम में गीत, चुटकुले और प्रेरक प्रसंग भी प्रस्तुत किए गए। प्रतियोगिता में विजेता हुए प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके परअरविंद श्रीवास्तव, प्रेम कुमार गुप्ता कल्लू बजाज, प्रांतीय मीडिया प्रभारी पवन कुमार अग्रवाल, डा. नितिन मित्तल, सचिन पुरवार, महेश चौधरी, महेंद्र यादव शिक्षक, गौरव गुप्ता, राकेश लाक्षाकार, अखिलेश लाक्षाकार, अभिषेक श्रीवास्तव एंड, हरिओम मामा, संरक्षक महेश बिलैया जी, अनुराग गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बहराइच दरगाह मेले पर रोक लगाने की उठी मांग

- वीएचपी ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, कहा- दरगाह में है सूर्य कुंड और सूर्य मंदिर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में स्थित सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह के नाम पर सम्भल में नेजा मेले का आयोजन होता है। लेकिन जिला प्रशासन ने मेला की अनुमति नहीं दी है।

इसको देखते हुए विश्व हिंदू परिषद ने जिले में लगने वाले जेठ (जून माह) मेले पर रोक लगाने की मांग करते हुए जिला मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया है। सम्भल में लगने वाले नेजा मेले की अनुमति न देने की चर्चा जिले में पहुंच गई है।शहर के दरगाह थाना क्षेत्र में स्थित सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह स्थित है।



दरगाह में प्रतिवर्ष जेठ मेले का आयोजन होता है। यह मेला एक माह तक चलता है। इस मेले में 80 प्रतिशत हिन्दू मन्नत के लिए पहुंचते हैं। इनमें प्रदेश के पूर्वांचल के जिलों की संख्या अधिक रहती है। इसके अलावा बिहार, मुंबई, नेपाल और अन्य प्रांत के साथ प्रदेश के जिलों के लोग आते हैं। लेकिन अब इस मेले पर रोक लगाने की मांग विश्व हिंदू परिषद की ओर से की गई है।विश्व हिंदू परिषद विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अजीत प्रताप सिंह की अगुवाई में लोगों ने डीएम को ज्ञापन देकर मेले पर रोक लगाने की मांग की है। जिला संयोजक का कहना है कि दरगाह में सूर्य कुंड और सूर्य मंदिर है। आक्रांता फिरोज शाह तुगलक ने 12वीं शताब्दी में सूर्य मंदिर और सूर्य कुंड को तोड़कर सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह बनाई गई थी। उन्होंने कहा कि सैयद सालार मसूद गाजी का स्थान चित्तौरा में है। ऐसे में मेले पर जिला प्रशासन स्थाई रूप से रोक लगाए। इस दौरान अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### खंदक में गिरी असंतुलित चार पहिया वाहन

**कोंच, जालौन।** चारपहिया वाहन असंतुलित होकर सड़क किनारे पानी भरे खंदक में चला गया जिसके चलते चालक घायल हो गया। राहगीरों द्वारा उसे उपचार के लिए नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला झांसी के समथर निवासी 45 वर्षीय रहीश चारपहिया वाहन से सामान खरीद कर जा रहा था तभी कोंच-कैलिया मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम देवगांव के समीप अचानक सड़क के बीचों बीच कुत्ता आ गया, कुत्ते को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पानी भरे खंदक में चला गया। वाहन चालक रहीश के सिर में कार का शीशा घुस गया जिससे वह घायल हो गया। राहगीरों ने तत्काल ही रहीश को नर्सिंग होम में भर्ती कराया।

# स्वर्णकार समाज ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

बुधवार देर शाम को ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एवं ज्वैलर्स एसोसिएशन की तरफ से जिला महामंत्री रोली सोनी पत्नी पूर्व नगर अध्यक्ष कन्हैया सोनी के आवास पर मोहल्ला मीराखेलपूरा में होली मिलन कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें प्रदेश मंत्री एवं जिलाध्यक्ष मोहिनी सोनी की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरुआत हुई।इस अवसर पर समस्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण कर सभी का सम्मान किया गया ।कार्यक्रम में समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य भारी संख्या में उपस्थित रही। सभी ने मिलकर बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया एवं सभी महिला मोर्चा की महिलाओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। इस दौरान मोहिनी सोनी ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे समाज की महिलाएँ अपने समाज को बढ़ावा देने का कार्य करेंगी। आप सभी का साथ इसी तरह मुझे मिलता रहे और हमारा समाज एक नई दिशा की ओर बढ़े।आप सभी के अथक प्रयास से कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा। इस मौके पर लाली सोनी,कीर्ति सोनी, शिखा गुप्ता,अनीता रस्तोगी, अभिलाषा सोनी,सरलेश सोनी,ममता सोनी,ऋचा सोनी,पूनम सोनी,बिंदु रस्तोगी,निर्मला वर्मा,दीपू सोनी शन्नो वर्मा, ममता कुनाल आदि उपस्थित रही।

# एसडीएम ने परिसर में साफ सफाई न होने पर लगाई फटकार

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

एसडीएम ज्योति सिंह ने गुरुवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कोंच का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान कार्यालय में तैनात कर्मचारियों की संख्या के और उपस्थिति रजिस्टर देखा जिसमें मौके पर सभी कर्मचारी उपस्थित मिले।

क्षेत्र में संचालित परिषदीय विद्यालयों की संख्या की जानकारी लेते हुए उन्होंने मध्यान्ह भोजन योजना के भुगतान पंजिका जांची तथा रसोइयों के मानदेय पत्रावली भी देखी। एसडीएम ने परिसर का भ्रमण कर साफ सफाई एवं शौचालय की



व्यवस्था सही न होने पर व्यवस्था में शीघ्र ही सुधार लाए जाने के निर्देश दिए। रंगाई पुताई भी काफी समय से न होने पर उन्होंने रंगाई पुताई कराये जाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी रंगनाथ चौधरी को निर्देश दिए। एसडीएम ने निपुण स्कूलों, कायाकल्प एवं कंपोजिट स्कूलों की भी जानकारी ली।

# मां ने नवजात को नाले में फेंका, मौत

- दो थानों के थाना प्रभारी ने मौके का किया निरीक्षण

**कैसरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज।**

जिले के थाना कैसरगंज के अंतर्गत जरवल कटी पर करीब 12:00 बजे से आने जाने वाले लोगों का तां-तां लगा हुआ था।लोग वहां मृत पड़े नवजात शिशु को देखकर तरह-तरह के कयास लगाते हुए बद्दुयें देते जा रहे थे। जिसकी खबर मीडिया में पहुंचने पर मीडिया कर्मी वहां जाकर देखा तो एक नवजात शिशु मृत्यु अवस्था में पड़ा हुआ था और मक्खियां उस पर भिनभिना रही थी।उक्त दृश्य हर किसी व्यक्ति के दिल को झकझोर रहा था, हमेशा से लोगों ने पढ़ा है और सुना भी है कि



पुत्र कुपुत्र हो सकता है लेकिन माता कुमाता नहीं हो सकती लेकिन यह दृश्य देखने के बाद उस कथन पर विश्वास नहीं हो रहा है कि आज मां की ममता उसका वात्सल्य प्रेम किस हद तक गिर चुका है,जो एक साथ पूरे मां जगत के ऊपर कलंक लगा रहा है। मीडिया कर्मी ने उक्त घटना से चौकी प्रभारी जरवल को अवगत कराया। घटना की जानकारी मिलने पर चौकी प्रभारी जरवल देवेंद्र प्रताप सिंह तुरंत अपने दलबल के साथ मौके पहुंचे, मृत नवजात शिशु के कपड़े की व्यवस्था की, इसी दौरान सूचना पाकर कोतवाल जरवल रोड आर एस रावत व कोतवाल कैसरगंज हरेंद्र मिश्रा दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और वहां उपस्थित कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। उपस्थित कर्मचारी अंतिम कार्रवाई में लग गए।

### एमपीडीसी में रोवर रेंजर शिविर का हुआ आयोजन

**कोंच,जालौन।** मथुरा प्रसाद महाविद्यालय में रोवर रेंजर प्रवेश निपुण प्रशिक्षण शिविर के गुरुवार को तृतीय दिवस प्रशिक्षण दिया गया। रोवर क्रू ब्लैक पैंथर द्वारा सभी रेंजर्स को बीपीसिक्स का अभ्यास कराया गया,और प्रार्थना गीत एवं झंडा गीत के साथ ध्वज शिष्टाचार किया गया। शिविर संचालिका डॉ मधुरलता द्विवेदी ने रेंजर्स को रस्सियों में लगाई जाने वाली ध्रुव गांठ, खूंटा गांठ, मछुआरा गांठ, डाक्टरी गांठ, लघुकर गांठ एवं शियर लाशिंग तथा सीटी संकेत आदि का प्रशिक्षण दिया। शिविर संचालक डॉ भूपेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने रेंजर्स को रोवर रेंजर के नियम, प्रतिज्ञा, सिद्धांत, सैल्यूट करना तथा सेवा कार्य के विषय में विस्तृत जानकारी दी। शिविर में अतिथि के रूप में शामिल हुए डॉ हरिश्चंद्र तिवारी विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र ने व्यक्तित्व विकास पर व्याख्यान देते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में छोटी-छोटी चीजों पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

# मृत्यु के समय सत्य और भक्ति के मार्ग पर चलना ही मोक्ष की कुंजीः शुकदेवजी

**जरवलरोड, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

गायत्री आश्रम श्रीरामपुर में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ एवं नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में आध्यात्मिक ऊर्जा का नया संचार देखने को मिला। आयोजन में शांति कुंज, हरिद्वार के प्रतिनिधि ऋषि देव तिवारी ने इसे धर्म, नीति, सेवा और भक्ति का मार्गदर्शक बताते हुए कथा के महत्व पर जोर दिया। तीसरे दिन की कथा में शुकदेवजी ने श्रीमद्भागवत महापुराण के उस भाग का वर्णन किया, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएँ, यदुवंश के अंत की घटनाएँ और कलियुग के प्रभाव का विस्तृत उल्लेख है। शुकदेवजी ने

- श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन श्रीकृष्ण लीला का किया वर्णन

परीक्षित के प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि मृत्यु के समय सत्य और भक्ति के मार्ग पर चलना ही मोक्ष की कुंजी है। प्रतिदिन प्रातः सात बजे नौ कुण्डीय यज्ञशाला में श्रद्धालु सामूहिक रूप से गायत्री महामंत्र का जाप करते हुए आहुतियाँ अर्पित कर आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर रहे हैं। आयोजन के दौरान दीक्षा, नामकरण, विद्यारंभ, यज्ञोपवीत एवं विवाह संस्कार जैसे सामूहिक संस्कार भी संपन्न किए जा रहे हैं। कथा के संदेश का उल्लेख कथा व्यास ऋषि तिवारी के श्री मुख से,



संगीमय शैली में किया गया, जिसके प्रभाव से श्रोता विभोर हो रहे हैं। ÷हरि की कथा सुनाने वाले तुमको शत शत प्रणाम के मधुर भजन की धुन पर श्रद्धालुओं का मन झूम उठा, जिससे आयोजन का माहौल और भी भक्तिमय हो उठा। आयोजक के रूप में मानसिंह वर्मा एवं शर्मा देवी प्रतिदिन की भांति देवमंच एवं श्रीमद्भागवत ग्रंथ की नियमित आरती उतार कर श्रद्धा पूर्वक कथा का रसपान कर रहे हैं।

साथ ही, गायत्री परिवार ट्रस्ट के प्रबंधक ओम प्रकाश अवस्थी, प्रशान्त कुमार अग्निहोत्री, राजेश्वर रामसरन, प्रमोद कुमार वर्मा, जितेंद्र सिंह, संतोष सिंह, रामजी पाण्डेय, ममता सिंह, साधना सिंह, प्रवीणा अग्निहोत्री एवं संजना अवस्थी सहित सैकड़ों श्रद्धालु, गायत्री परिजन एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्ति इस दिव्य आयोजन में सम्मिलित रहे। यह सप्त दिवसीय कथा ज्ञानयज्ञ आध्यात्मिक ज्ञान एवं शांति का संदेश फैलाते हुए धार्मिक एवं सामाजिक एकता को प्रोत्साहित कर रहा है।

# वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने प्रस्तुत किए कार्यक्रम

- मुरव्य अतिथि ने बच्चो को किया पुरस्कृत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

प्राथमिक विद्यालय मिर्चिहा हरैया उच्च प्राथमिक विद्यालय अमदापुर के बच्चों के द्वारा वार्षिक उत्सव कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

जिसमे सरस्वती वंदना ,स्वागत गीत ,स्कूल चले हम, छोटा बच्चा समझ के डांस, चोरी करना बुरी बला है नाटक कार्यक्रम,एवं सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव नाटक बच्चों द्वारा लोकगीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ बृजेश कुमार तिवारी, अध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ महेन्द्र प्रताप सिंह, विकास क्षेत्र के एआरपी राजेश



कुमार मिश्र, नोडल अतुल त्रिपाठी, गोपाल जी शुक्ल, प्रदीप पाण्डेय, करुणा सिंह राघवेंद्र सिंह, रूचि शुक्ला, श्रद्धा, अनामिका, आराधना श्रीवास्तव, दुर्गेश श्रीवास्तव, तबीबा यजदानी, अंजू पाण्डेय, मर्तण्ड त्रिपाठी, श्री निवास शुक्ल, आशा,शिखा, किरन सिंह, कृष्ण देव मिश्र, प्रधान सुधीर चौधरी, बाबू लाल सरिता, सांवले, तेज नारायण , सुभाष तिवारी, विश्वास शुक्ल, उमर, हवल दार मिश्र, मीरा, नीलम, सारिका, शिप्रा ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों के द्वारा बच्चो को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सदस्य, रसोईया अभिभावक मौजूद रहे।

# मजिस्ट्रेट के सामने दबंगई करने वाले 18 लोगों के ऊपर दर्ज हुई एफआईआर

**भूमि संबंधी मामले में कोर्ट के आदेश का पालन करने गई थी पुलिस**



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

रायबरेली बेखौफ दबंगों ने सिटी मजिस्ट्रेट के आदेश पालन करने गई राजस्व टीम से की अभद्रता व गाली गलौज प्रशासन की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद सहित 10 से 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा किया दर्ज एक आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा वहीं बाकी की तलाश में पुलिस जुटी मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन चौराहे के पास स्थित प्रताप होटल के पास का है जहां सिटी मजिस्ट्रेट के आदेश पर नायब तहसीलदार व पुलिस की टीम हस्तांतरण एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु मौके पर गई थी लेकिन दबंग विपिन कुमार यादव, विकास यादव, सुशील कुमार अपने 10 से 15 साथियों के साथ मौके पर पहुंचकर राजस्व अधिकारियों और पुलिस से अभद्रता करने लगा जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया पुलिस ने तीन नामजज सहित 10 से 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ शहर कोतवाली में गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है वहीं पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही वीडियो के आधार पर अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गई है वहीं पीड़ित दल बहादुर सिंह ने अपनी जान का खतरा बताते हुए प्रेस वार्ता की जिसमें उन्होंने जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

### मेरे जैसे व्यक्ति को भी नहीं छोड़ रहे भूमाफियाः दल बहादुर सिंह



पीड़ित पक्ष दल बहादुर सिंह का कहना है कि भू माफिया इतने मन बढ़ हो गए है कि मेरे जैसे व्यक्ति को भी नहीं छोड़ रहे है उस जमीन पर एक गुप्ता परिवार रहता था उन लोगों के द्वारा जमीन मुझे बेची गई थी जिसके सभी कागजात मेरे पास उन लोगों के द्वारा जिस गाटा संख्या को दर्शाया जा रहा है वो कोई दूसरा है और मेरा बैनामा किसी दूसरे नंबर का है मेरा कहना है कि उनकी जमीन अगर कम है तो वो नियमानुसार अपनी जमीन को प्रशासन की मदद से खोजे, क्योंकि वह सब मनबढ़ और दबंग लोग हैं उन लोगों के ऊपर कुछ मुकदमे भी चल रहे हैं। वह लोग जबरन मेरी जमीन पर कब्जा करना चाह रहे है जबकि उनके द्वारा जिस जमीन की बात की जा रही है वह कहीं दूसरी जगह पर है वह अपनी जमीन जाकर वहां पर खोजें।

### विपिन यादव के ऊपर पहले से चार मुकदमे हैं दर्जः क्षेत्राधिकारी



वायरल फोटो के संबंध में क्षेत्राधिकारी अमित सिंह का कहना है कि सिटी मजिस्ट्रेट के आदेश पर राजस्व की टीम और पुलिस की टीम जमीन के एक मामले को लेकर गई थी जहां पर विपक्षी विपिन यादव की तरफ से मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस टीम के साथ अभद्र व्यवहार किया गया इसके बाद पुलिस टीम ने हल्का बल प्रयोग करते हुए स्थिति को कंट्रोल किया साथ ही मुख्य आरोपी के ऊपर पहले से चार मुकदमे दर्ज है उनको संज्ञान में लेते हुए आगे की विधि कार्रवाई की जा रही है और शहर कोतवाल के ऊपर जो आरोप लगाए गए हैं उसकी भी जांच की जा रही है।

### मजिस्ट्रेट के ड्राइवर की तहरीर पर दर्ज हुआ शहर कोतवाली में मुकदमा

भूमि मामले में कब्ज़ा दिलाने हेतु सिटी मजिस्ट्रेट के निर्णय वाद संख्या 785 / 2023 मे दिए गए आदेश के अनुपालन को लेकर नायब तहसीलदार व सिटी मजिस्ट्रेट और शहर कोतवाली पुलिस टीम मौके पर सिविल लाइन प्रताप होटल के पास पहुची तो विपिन यादव समेत 10 से 15 अज्ञात लोग नायब तहसीलदार व सिटी मजिस्ट्रेट के साथ गाली गलौज करने पर सिटी मजिस्ट्रेट के ड्राइवर के तहरीर पर शहर कोतवाली पुलिस टीम ने विपिन यादव समेत कल 18 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया वहीं पुलिस विपिन यादव की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

## तेज रफ्तार कार ने बुलेट सवार को कुचला

**रायबरेली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत तेज रफ्तार स्विफ्ट और बुलेट में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर होने से बुलेट सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शहर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइंस ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने बुलेट सवार को कुचल दिया। जिससे बुलेट सवार अपूर्व गुप्ता पुत्र अरविंद गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। घटना करने के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है और कार की तलाश शुरू कर दी है। चौकी इंचार्ज उपेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया मामला मेरी जानकारी में नही है। सारी जानकारी जिला अस्पताल चौकी इंचार्ज को होगी। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### एसएमसी अध्यक्ष एवं प्रधानाध्यापकों के साथ खंड शिक्षा अधिकारी ने की बैठक



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** अधिकारियों ने एसएमसी अध्यक्ष और प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों के साथ की गई बैठक। खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव की अध्यक्षता में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महराजगंज में प्राथमिक विद्यालय एवं कंपोजिट विद्यालय के अध्यापकों एवं सभी विद्यालयों के एसएमसी अध्यक्ष एवं सदस्य के साथ बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए तो वही एसएमसी अध्यक्ष से सुझाव भी मांगे। खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव ने कहा बदलते समय में अभिभावक भी बदल रहे हैं। आज वह प्राइवेट विद्यालय की तरफ न देखकर सरकारी विद्यालय में अपने बच्चे भेज रहे हैं। हमारे शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा कठिन परिश्रम कर शिक्षा दी जा रही है। जिससे आज बच्चे आगे भी बढ़ रहे हैं। प्राथमिक विद्यालय के कई ऐसे बच्चे हैं जिन्होंने क्षेत्र में विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस मौके पर शिक्षक नेता विनोद अवस्थी प्राथमिक विद्यालय चंदापुर सुरेंद्र शर्मा, प्राथमिक विद्यालय बाकी प्रधानाचार्य मोहम्मद नसीम, प्रधानाध्यापक दुर्गापुर एवं प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार पूरे जुड़ई, अचली प्रधानाचार्य पंकज सिंह सहित सभी विद्यालयों के एसएमसी अध्यक्ष एवं सदस्य मौजूद रहे।

### श्रीराम कथा व मानस सम्मेलन सुनकर मंत्र मुग्ध हो रहे श्रोता



**सलोन रायबरेली।** सलोन क्षेत्र के सूची कस्बे में चल रही श्री राम कथा व मानस सम्मेलन में मध्य प्रदेश के झांसी जनपद से पधारे परीक्षा पीठाधीश्वर जगतगुरु महावीर दास ब्रम्हचारी जी महराज द्वारा अपने व्याख्यान में कहा कि एक दहेज रूपी धनुष आज भी समाज के सामने रक्खा है। एक धनुष राम चरित मानस के अनुसार त्रेता युग में भगवान के सामने रक्खा था। जिसे प्रभु श्री राम ने तोड़कर भगवती सीता का वरण कर समस्या का समाधान कर दिया था। आज का नौजवान चाहे तो वह भी प्रभु श्रीरामजी का अनुकरण करते हुए समाज में रक्खे दहेज रूपी धनुष को तोड़कर समाज में व्याप्त दहेज नामक कुरीति का समाधान कर सकता है। प्रयागराज से आए हुए डॉ. दिनेश त्रिपाठी मानस हंस द्वारा अपने व्याख्यान के दौरान, भरत महा महिमा जल राशि,मुनि मति तीर ठाढ़ अभिलाषी। चौपाई सुनाते हुए भरत चरित्र पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि भरत लाल जी का हृदय भक्ति से सराबोर है। गुरु वशिष्ठ जी भक्ति रूपी सागर से पार जाना चाहते हैं। लेकिन उनका कोई करवश नहीं चलता है,वशिष्ठ जी ने पहला प्रयास किया - वेद विदित सम्मत सबही का, जेहि पितु देय सो पावै टीका। लेकिन भरतलाल जी ने कहा गुरुदेव-शोक समाज राज केहि लेखे,लखन राम सिय बिनु पग देखे। भरत लाल जी के इस उत्तर को सुनकर वशिष्ठ जी की बुद्धि अबला जैसी हो गई।चित्रकूट जनपद से आई हुई महिला कथा व्यास मिथिलेश दीक्षित केवट प्रसंग पर चर्चा की गई। इस मौके पर दौरान पं. बालगोपाल त्रिपाठी, अरुण कुमार सिंह, बृजेश सिंह, चंद्रधर पाण्डेय, जगतधर पाण्डेय, राकेश सिंह, रंजीत सिंह, रामकुमार समेत अन्य सैकड़ों श्रोता मौजूद रहे।

### शोक में डूबा माहौल, हज़रत अली की शिक्षा अपनाने का लिया संकल्प

**उतरौला (बलरामपुर)।** गुरुवार की पहली सुबह उतरौला के ग्राम रेहरा माफ़ी की शिया मस्जिद में हज़रत अली की शहादत के सिलसिले में मजलिस का आयोजन किया गया। मौलाना ताजदार हुसैन ज़ैदी ने कहा कि मौला अली की हुकुमत के समय कभी कोई भूखा नहीं सोया। उन्हें उस दौर में यतीमों का मसीहा कहा जाता था। उन्होंने यतीम बच्चों ग़रीबों की देखभाल और सहायता के लिए बहुत काम किए उन्हें उनकी न्यायप्रियता दयालुता और ग़रीबों के प्रति सहानुभूति के लिए जाना जाता है। 19 रमज़ान को इराक़ के कूफ़ा शहर में फ़ज्र की नमाज़ के बाद इब्ने मुलजिम नामक आतंकवादी द्वारा नमाज़ की हालत में उन्हें शहीद कर दिया गया। दुनिया भर के शिया मुसलमान 19 रमज़ान से 21 रमज़ान तक अपने ईमाम मौला अली का ग़म मनाते हैं। मजलिस में जब हज़रत अली का ताबूत निकाला गया तो पूरा माहौल गमगीन हो गया। और हर ओर से हाय मौला अली मौला की सादयें गूंजने लगीं। अंजुमन वफ़ाये अब्बास के सदस्यों ने नौहा ख़्वानी और सीनाज़नी करके अपने शहीद ईमाम को पुरसा पेश किया। इरफ़ान हैदर, तौसीफ़ हसन, अब्बास, जाफ़र, तौक़ीर हसन, मुहम्मद आलिम, रज़ा अब्बास, मुहम्मद सालिम, इंतेज़ार मेंहदी, मीसम अब्बास, असग़र अली, जावेद हैदर, यासूब अब्बास, नदीम हैदर आदि मौजूद रहे।

### नकली चाय की पत्ती का कारोबार, स्वास्थ्य पर मंडरा रहा गंभीर खतरा

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला बाजार और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में चाय के नाम पर लोगों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नकली और केमिकलयुक्त चाय की पत्ती खुलेआम बाजार में बेची जा रही है, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि ये नकली चाय की पत्तियां पानी में डालते ही गाढ़ा रंग छोड़ती हैं। इस तरह की चाय, जो होटल और चाय की दुकानों पर खुलेआम बेची जा रही है, अनजाने में लोगों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस चाय में इस्तेमाल किए गए हानिकारक रसायनों के कारण कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। जितेंद्र कुमार गुप्ता, विकास कुमार गुप्ता, जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, महेश कुमार कश्यप, सुभाष कश्यप, सुरेश कुमार आर्य, संजय कुमार गुप्ता, रूपेश कुमार गुप्ता, और रोहित कुमार गुप्ता सहित कई स्थानीय नागरिकों ने खाद्य सुरक्षा विभाग से इस गंभीर समस्या का समाधान करने की मांग की है। उनका कहना है कि नकली चाय बेचने वाले लोग बिना किसी डर के अपना कारोबार कर रहे हैं, जिससे आम जनता का स्वास्थ्य खतरे में है। फूड इंस्पेक्टर एसडी तिवारी ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक प्रशासन जमीनी स्तर पर जाकर सघन जांच नहीं करता, तब तक यह समस्या बनी रहेगी। विशेषज्ञों और जागरूक नागरिकों का कहना है कि जनता को भी इस समस्या को गंभीरता से लेना चाहिए। नकली चाय के सेवन से बचने के लिए होटल और ढाबों पर चाय पीने से परहेज करना चाहिए और केवल प्रमाणित चाय पत्तियों का उपयोग करना चाहिए। नकली चाय के अधिक सेवन करने से कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। केमिकलयुक्त चाय का नियमित सेवन शरीर को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकता है। कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों जैसे बच्चों और बुजुर्गों पर इस चाय का असर और भी घातक हो सकती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि खाद्य सुरक्षा विभाग को सभी होटल और चाय की दुकानों पर छापेमारी करनी चाहिए।नकली चाय बेचने वालों पर जुर्माना और सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।जनता को नकली चाय के खतरों के प्रति जागरूक किया जाए। बाजार में उपलब्ध चाय पत्तियों की गुणवत्ता की जांच के लिए लैब परीक्षण अनिवार्य किया जाए। नकली चाय की पत्ती का बढ़ता कारोबार एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। प्रशासन और जनता को मिलकर इस मुद्दे पर काम करना होगा। जब तक नकली चाय की आपूर्ति और बिक्री पर रोक नहीं लगेगी, तब तक आम लोगों का स्वास्थ्य खतरे में रहेगा। जागरूकता और सख्त कार्रवाई ही इस समस्या का समाधान है।

**अभ्युदय योजना**

## नि:शुल्क प्रशिक्षण केंद्र के अभ्यर्थियों ने उप्र पुलिस आरक्षी परीक्षा में प्राप्त की सफलता



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत जनपद में संचालित नि:शुल्क प्रशिक्षण केन्द्र के अभ्यर्थी आकाश सोनकर पुत्र राम मिलन सोनकर, राहुल कुमार पुत्र हरि लाल, रितिक शुक्ला पुत्र राजेश कुमार शुक्ल, अवनीश यादव पुत्र कौशल कुमार यादव, अमित वर्मा पुत्र सूरज लाल वर्मा द्वारा उप्र पुलिस आरक्षी परीक्षा-2023 में सफलता प्राप्त करने वाले समस्त सफल अभ्यर्थियों को प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी सहित अभ्यर्थीगण उपस्थित रहे।

## डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में निर्वाचन, निर्वाचक नामावली एवं अन्य बिंदुओं के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बचत भवन सभागार में बैठक की गई।


बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम माह अक्टूबर से माह नवम्बर के मध्य होता है। मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन प्रत्येक वर्ष जनवरी के प्रथम सप्ताह में किया जाता है। निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का सम्पूर्ण कार्यक्रम समस्त राजनैतिक दलों को पुनरीक्षण पूर्व बैठक आयोजित कर उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण के पूर्व समस्त राजनैतिक दलों को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेबिल एजेन्ट्स (बीएलए) नियुक्त कर लेना चाहिए। समस्त राजनैतिक दल बीएलए नियुक्त कर उसकी सूची जिला निर्वाचन कार्यालय एवं साथ ही सम्बन्धित तहसील को अवश्य उपलब्ध करा दें। उक्त पुनरीक्षण अवधि में प्रत्येक सप्ताह प्राप्त हुए दावे और आपत्तियों की सूची निर्धारित फार्म समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध करायी गयी है। उक्त सूची जनपद की वेबसाइट के डीईओ पोर्टल पर भी प्रदर्शित की गयी है। समस्त राजनैतिक दलों को मतदेय स्थलों की सूची भी पुनरीक्षण प्रारम्भ होने से पूर्व प्राप्त करा दी गयी है। प्रत्येक वर्ष निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण पूर्व से घर-घर सत्यापन की कार्यवाही की जाती है। पुनरीक्षण पूर्व मतदेय स्थलों का सम्भाजन/ समायोजन किया जाता है। उक्त सम्भाजन/ समायोजन की आलेख्य एवं अंतिम प्रकाशित सूची भी हार्ड एवं साफ्ट कापी में समस्त राजनैतिक दलों को उपलब्ध करायी जाती है।

## दो शिक्षिकाओं के बीच मारपीट, एक शिक्षिका घायल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सुरसना प्राथमिक विद्यालय में मामूली कहासुनी के कारण दो महिला शिक्षिकाओं के बीच विवाद हो गया। दोनों ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने किसी तरह बीच बचाव करके दोनों को अलग कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को संभाला और खण्ड शिक्षा अधिकारी भी मौके पर आकर कार्यवाही करने लगे। जानकारी मिली है कि एक महिला शिक्षिका घायल हुई है। मौके पर आई 108 एम्बुलेंस से शिक्षिका को उपचार व जांच के लिये ले जाया गया है।डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सुरसना प्राथमिक विद्यालय में आज सुबह दो शिक्षिकाओं राखी मिश्रा व सिद्धि

**मौके पर पहुंची पुलिस व बीईओ**




वाजपेयी के बीच झगड़ा हो गया। स्कूल में चीख पुकार सुनकर ग्रामीण स्कूल की तरफ दौड़े और दोनों को अलग कराया ।

शिक्षिका सिद्धि वाजपेई ने आरोप लगाया कि स्कूल की शिक्षिका राखी मिश्रा ने बुधवार को उन्हें जमीन पर गिराकर डंडे से मारा। आज फिर उन्होंने हाथ पकड़कर मुझे मारा है। स्कूल से बाहर निकलकर उन्होंने पुलिस को फोन किया। वह मांग करती हैं कि उन्हें सस्पेंड किया जाए। इससे पहले इन्होंने मोनी चौधरी व उसके बच्चे को भी मारा है। यह सीतापुर से ट्रांसफर लेकर आई हैं। वहाँ भी यह मारपीट करती थी। मारपीट की शिकायत उन्होंने बीएसए व खंड शिक्षा अधिकारी को सूचना दे दी है। वहीं इस मामले में खण्ड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजक ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय सुरसना में दो शिक्षिकाओ के बीच आपसी विवाद हुआ है। मामले पर संज्ञान लेकर जांच करके कार्रवाई की जाएगी। पूर्व में अन्य शिकायतें भी मिली है जो कि बीएसए के पास जांच हो रही है। उस पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला महिला का शव

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के जगतपुर थाने से महज 300 मीटर की दूरी पर महिला का मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सबसे आश्चर्य की बात यह रही कि शव मिलने की पुलिस को भनक तक नहीं लगी। ग्रामीणों की सूचना के दो घंटे बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने में जुट गई। लेकिन कुछ भी पता नहीं चल सका। कुछ लोग हत्या कर शव फेंकने की आशंका जता रहे हैं। जगतपुर थाने ने से महज 300 मीटर की दूरी पर एक अज्ञात महिला का शव पड़ा मिला। शव मिलने के बाद स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी। लेकिन सूचना के दो घंटे तक पुलिस हरकत में नहीं आई। काफी देर बाद पुलिस मौके पर



नहीं पहुंची।

डायल 112 मौके पर पहुंची और उसके बाद थाने की पुलिस पहुंचकर महिला शव के जांच पड़ताल में जुट गई। लेकिन खबर लिखे जाने तक महिला के शव का शिनाख्त नहीं हो सकी। इस बाबत जगतपुर थानेदार अजय राय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शव मिलने की सूचना मिली है। मौत के कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चल सकेगा। शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## न पैसा लौटाया, न दूसरी भैंस दी, उल्टा शिकायतकर्ता को दी धमकी

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

रायबरेली के महराजगंज में एक व्यक्ति ने बैंक से लोन लेकर भैंस खरीदी। लेकिन विक्रेता ने उसे धोखा दे दिया। पीड़ित राजेश ने कोतवाली प्रभारी को दी शिकायत में बताया कि 15 दिन पहले उसने दिलीप से 75 हजार रुपए में एक भैंस खरीदी थी।

दिलीप ने राजेश को बताया था कि भैंस दो दिन में बच्चे को जन्म देगी। राजेश भैंस को घर ले आया। उसने भैंस को चारा-भूसा दिया, लेकिन भैंस ने कुछ नहीं खाया। जब राजेश ने दिलीप को इस बारे में बताया, तो उसने कहा कि अगर कोई दिक्कत हुई तो दूसरी भैंस दे देंगे। राजेश बीमार भैंस को वापस दिलीप के घर ले गया। दिलीप ने कहा कि भैंस के ठीक होने पर वापस ले जाना। कुछ दिन बाद जब राजेश दिलीप के घर गया तो पता चला कि उसने बीमार भैंस को बेच दिया है। जब राजेश ने दूसरी भैंस की मांग की तो दिलीप ने 50 हजार रुपए और मांगे। राजेश के मना करने पर दिलीप ने उसके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। राजेश एक गरीब मजदूर है, जिसने ग्रामीण बैंक अमावा से लोन लेकर भैंस खरीदी थी। अब न तो उसे पैसा मिल रहा है और न ही भैंस। पीड़ित ने कोतवाली प्रभारी से न्याय की गुहार लगाई है।

## घासी पोखरा बाजार मे नाली निर्माण ढक्कन नहीं बनाने से राहगीर गिरकर हो रहे हैं चोटिल



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** घासी पोखरा बाजार मे नाली निर्माण ढक्कन नही बनाने से राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे है ।

विकास क्षेत्र रेहराबाजार के घासी पोखरा बाजार मे जलनिकासी के लिए नाली निर्माण कराया गया है । आधा अधूरा ढक्कन लगाकर कार्य दायी संस्था रफा दफा कर दिया। जिससे राहगीरों से लेकर कस्बा वासियों को खुले नाली मे गिरकर चोटिल अधिकांश लगातार हो रहे हैं। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अनजान है। हीरा लाल वर्मा, राजेश कुमार, मनीष शुक्ल, गंगाराम, ओमप्रकाश, राहुल, दिनेश कुमार, वीरेन्द्र कुमार व रंगीलाल ने नाली पर ढक्कन लगवाने की मांग की है।

## सच्चे मन से सुमिरन करने पर भगवान कहीं भी प्रकट हो सकते हैं: बाल विदुषी पायल वैष्णव

**साधूनगर/बलरामपुर।**

धुसवा मार्ग पर आयोजित पांच दिवसीय संगीतमय कथा के तीसरे दिन कथा व्यास बाल विदुषी पायल वैष्णव उज्जैन धाम ने भगवान राम के जन्मोत्सव का दिव्य वर्णन किया।इस दौरान भगवान राम की झांकी प्रस्तुत की गई। जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

कथा में बाल विदुषी पायल वैष्णव ने कहाँ कि भगवान सवृत्र व्याप्त है। प्रेम से पुकारने व सच्चे मन से सुमिरन करने पर भगवान कहीं भी प्रकट हो सकते हैं। भगवान राम के जन्म की व्याख्या करते हुए बताया कि सत कृपा के तप से भगवान राम





ने राजा दशरथ व रानी कौशल्या के घर जन्म लिया। भगवान राम का जन्म केवल एक राजकुमार के रूप में नहीं हुआ बल्कि वह संपूर्ण मानवता के लिए आदर्श है।उनके जीवन की प्रत्येक घटना हमें धर्म, सत्य, न्याय, प्रेम और सदाचार का पाठ पढ़ती है। कथा में राम के जन्म की जीवंत झांकियां देख श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। और राम के जन्म की पवित्रता का अनुभव किया। इस अवसर पर अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, दीपचंद जायसवाल, बिष्णु प्रताप गुप्ता,राम बहौर वर्मा, जगप्रसाद गुप्ता, नंदू गुप्ता, राम लौटन गुप्ता, अवधेश उपाध्याय, प्रदीप गुप्ता, पंकज गुप्ता, सुजल गुप्ता, लालता प्रसाद सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सीएम योगी ने देवीपाटन मंडल के विकास कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा की

**मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में आयोजित मंडलीय समीक्षा बैठक में वर्चुअल रूप से जुड़े रहे माननीय विधायकगण, जनप्रतिनिधि एवं डीएम व एसपी**





**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा देवीपाटन मंडल के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार गोंडा से किया गया। मंडलीय समीक्षा बैठक में जनपद के एनआईसी सभागार में डीएम पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार एवं विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम , विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल, विधायक उतरौला कैलाश नाथ शुक्ल, सदस्य विधान परिषद साकेत मिश्र , जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी , जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, चेयरमैन नगर पालिका बलरामपुर धीरेन्द्र प्रताप सिंह, अन्य जिला स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

मंडलीय समीक्षा बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा जनपद बलरामपुर में संचालित विभिन्न लोक कल्याणकारी विकास योजनाओं एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व वाद के निस्तारण में तेजी लाई जाए, मिशन मोड में राजस्व वादों को निस्तारित किया जाए । जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों को नया किए जाने का निर्देश दिया, उन्होंने कहा कि यदि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। मुख्यमंत्री ने निर्माणधीन परियोजनाओं के लिए नोडल अधिकारी बनाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ की बचाव के दृष्टिगत महत्वपूर्ण प्रस्ताव शासन में भेजे, सभी को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि नदियों की चैनलाइज करने के कार्य को ड्रेजिंग के माध्यम से आगे बढ़ाया जाए। जनपद के बड़े जलाशयों को भी ड्रेजिंग की कार्ययोजना बनाए जाने का निर्देश दिया। स्वरोजगार योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान जैसी योजनाओं में प्रगति लाए जाने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि बैंकों द्वारा स्वरोजगार योजनाओ में ऋण प्रदान करने में कोई कोताही न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। समय समय पर रोजगार मेले को आयोजन किए जाए। महत्वाकांक्षी जनपद के तहत नीति आयोग के सूचकांक पर शतप्रतिशत प्रगति का निर्देश दिया। उन्होंने आगामी त्योहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने का निर्देश दिया। अंतर्राष्ट्रीय नेपाल सीमा पर पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल की संयुक्त टीम द्वारा सघन पेट्रोलिंग करें, अंतरराष्ट्रीय नेपाल सीमा पर किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि संचालित ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, डीएफओ व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

समृद्धि न्यूज़ — राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक — समृद्ध समाज का आधार



## भारत-न्यूजीलैंड के बीच नए संबंधों का अध्याय

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री ने क्रिस्टोफर लॉक्सन इन दोनों भारत दौरे पर हैं। उनकी इस यात्रा को कई मायनों में मुफीद माना जा रहा है। उनका यह दौरा भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। सबसे पहले तो मंगलवार को एफटीए की घोषणा नई दिल्ली में हुई। जहां भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के उनके समक्ष मंत्री टॉड मैकले के बीच बैठक हुई। दअरसल भारत और न्यूजीलैंड ने व्यापक और लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते एफटीए के लिए औपचारिक रूप से वार्ता शुरू हुई। जिससे द्विपक्षीय संबंधों को एक नई गति मिलेगी। यह समझौता भारत का ओशिनिया क्षेत्र में दूसरा एफटीए होगा जो भारत और न्यूजीलैंड जो भारत और ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते के बाद हो रहा है। जिसे अप्रैल 2022 में संपन्न किया गया था।इस एफटीए का उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण को मजबूत करना,बाजार पहुंच का विस्तार करना और दोनों देशों के लिए आर्थिक समृद्धि एवं मजबूती को बढ़ावा देना है। एफटीए अर्थात मुक्त व्यापार संधि के तहत दोनों देशों के बीच होने वाले व्यापार को और सरल बना दिया जाता है। आयात या निर्यात होने वाले उत्पादों एवं सेवाओं पर सीमा शुल्क नियामक कानून, सब्सिडी और कोटा को या तो बहुत घाटा दिया जाता है या फिर समाप्त कर दिया जाता है। ये सरकारों की व्यापार संरक्षणबाद की पॉलिसी के बिल्कुल उलट होता है। बृहद स्तर पर देखा जाए तो हां यह सही है कि एफटीए समझौता होने के बाद दो देशों के बीच व्यापार लगभग पूरी तरह मुक्त हो जाता है। हालांकि तब भी सरकारें कुछ उत्पादों और सेवाओं को नियंत्रण में रख सकती शक्ति हैं। मसलन किसी देश द्वारा दूसरे देश से एफटीए समझौता किया गया लेकिन एक देश की सरकार ने किसी खास दवा के आयात को इस समझौते से बाहर कर दिया है, क्योंकि वहां उसे दवा की नियामकीय मंजूरी नहीं थी। इसी तरह प्रोसेस्ड फूड को भी एग्रीमेंट से बाहर रखा जाता है, क्योंकि वह उस देश के फूड क्वालिटी स्टैंडर्ड पर खरा नहीं उतर रहा है, यदि एफटीए के फायदे की बात करें तो एफटीए में अनिवार्य रूप से व्यापार लगभग मुफ्त होता है। जाहिर है इसका फायदा दोनों देशों के व्यापारियों में व्यवसायों को होता है। एफटीए के कारण देश के व्यवसाई वह उत्पाद बनाना शुरू करते हैं, जिन पर वह अपने संसाधनों का सबसे बेहतर इस्तेमाल कर सकते हैं, क्योंकि भले ही उसका उपयोग उनके देश में न हो लेकिन वह निर्यात हो जाएगा। वहीं व्यापारी उन उत्पादों का आयात शुरू करते हैं, जिनकी वहां कमी है जाहिर तौर पर इससे काफी अच्छी आय अर्जित होती है इन दोनों के मिश्रण से एक देश की अर्थव्यवस्था पहले से अधिक गति से आगे बढ़ने लगती है।भारत और न्यूजीलैंड के एफटीए से होने वाले फायदे की बात करें तो इसमें दोनों देशों के बीच व्यापार अपने 10 वर्ष में 10 गुना बढ़ सकता है। देखा जाए तो इस समय दुनिया में अमेरिका और बाकी देशों के बीच व्यापार को लेकर तनाव चल रहा है। ऐसे में भारत और न्यूजीलैंड के बीच एफटीए होने से कृषि, जरूरी खनिज, दवा और पर्यटन के क्षेत्र में कारोबार बढ़ सकता है।कुल मिलाकर भारत-न्यूजीलैंड में एफटीए एक गेम चेंजर साबित हो सकता है इसके लिए फिलहाल 2-3 महीने का इंतजार करना होगा।

# भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की ओर दिया जा रहा विशेष ध्यान

**प्रहलाद सबनानी**

प्राचीनकाल में भारत के नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति चेतना का भाव जागृत रहता था। जागरुकता तो यहां तक थी कि किस प्रकार जीवन की दिनचर्या स्थापित हो कि परिवार में कोई बीमार ही नहीं हो, बीमारी का निदान तो आगे की प्रक्रिया रहती है। उस खंडकाल में प्रत्येक नागरिक इतना सजग रहता था कि प्रातःकाल एवं सायंकाल में 5/10 किलोमीटर तक नियमित रूप से पैदल चलना एवं योगक्रिया तथा प्राणायाम आदि का अभ्यास नियमित रूप से करता था ताकि शरीर को किसी भी प्रकार का रोग ही नहीं लगे एवं शरीर स्वस्थ बना रहे।

इसके साथ ही खानपान, सामान्य दिनचर्या, सूरज डूबने के पूर्व भोजन करना, रात्रि में जल्दी सोना और प्रातःकाल में जल्दी उठना, दिनभर मेहनत के कार्य करना, जैसी प्रक्रिया सामान्यजन की हुआ करती थी। परंतु आज परिस्थितियां बदली हुई सी दिखाई देती हैं। पश्चिमी सभ्यता की ओर बढ़ रहे रुझान के चलते युवाओं के खानपान में आमूलचूल परिवर्तन दिखाई देता है, दिनचर्या में परिवर्तन दिखाई देता है, रात्रि में बहुत देर से सोना और सूर्य नारायण के उदित होने के बाद दिन में बहुत देर से उठना आदि कारणों के चलते विभिन्न प्रकार की बीमारियां नागरिकों को घेरने लगी हैं। अतः केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों को नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए अपने बजट में विशेष प्रावधान करने पड़ रहे हैं। आज केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा यह प्रयास किए जा रहे हैं कि समाज के हर वर्ग तक सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से पहुंचें और आज सरकार की यह प्राथमिकता बन गई है। देश में नागरिकों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 175,000 आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए गए हैं। इन सभी प्रयासों के चलते आज भारत में मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में भी व्यापक कमी दृष्टिगोचर हुई है और केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे प्रयासों के चलते एवं अस्पताल, इलाज और दवा की व्यवस्था के कारण एक सामान्य परिवार में स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च निरंतर कम हो रहा है।

भारत में नागरिकों की दिनचर्या में आ रही गिरावट एवं खानपान में आए बदलाव के चलते देश में कैंसर के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और इसका इलाज महंगा होने के कारण आम नागरिकों के लिए इस बीमारी का इलाज कराना बहुत मुश्किल कार्य होता जा रहा है। अतः केंद्र सरकार ने कैंसर दवाओं के आयात पर कस्टम ड्यूटी को समाप्त कर दिया है। केंद्र सरकार द्वारा अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करते हुए सर्वाइकल कैंसर के लिए अब तक लगभग नौ करोड़ महिलाओं की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। देश में लगातार बढ़ रही कैंसर के मरीजों की संख्या को देखते हुए देश के समस्त जिलों में आगामी 3 वर्षों के दौरान डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना कर दी जाएगी। इस प्रकार वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 200 डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना की जा रही है।



**देश में यदि विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैल रही हैं तो इन बीमारियों के पहचानने के लिए उचित संख्या में डॉक्टरों की उपलब्धता बनी रहे एवं विशेष रूप से गांवों में भी डॉक्टर उपलब्ध रहें इस हेतु केंद्र सरकार द्वारा देश में डॉक्टरों की संख्या को बढ़ाने के लिए पिछले 10 वर्षों के दौरान देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में 110,000 नई मेडिकल सीटों का सृजन, 130 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ, किया गया है। वित्त वर्ष 2025-26 में 10,000 अतिरिक्त मेडिकल सीटों का सृजन भी किया जा रहा है ताकि आगामी पांच वर्षों के दौरान देश के मेडिकल कॉलेजों में 75,000 नई सीटों के सृजन के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। केंद्र सरकार हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर और मेडिकल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग को भी बढ़ावा दे रही है। देश में नए बल्क ड्रग और मेडिकल डिवाइसेस के पार्क भी बनाए जा रहे हैं। इनमें रोजगार के अनेक नए अवसर भी उपलब्ध हो रहे हैं। जलजनित बीमारियों के बचाव के उद्देश्य से विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ जल उपलब्ध कराने की दृष्टि से, ताकि दूषित जल पीने से होने वाली बीमारियों से नागरिकों की रक्षा की जा सके, केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2019 से जल जीवन मिशन चलाया जा रहा है।**

इसी प्रकार केंद्र सरकार द्वारा किए गए प्रयासों से दिमागी बुखार से लड़ने में देश को बहुत सफलता मिली है। इससे होने वाली मृत्यु दर अब घटकर छह प्रतिशत रह गयी है। केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी के मरीजों की संख्या भी घटी है। भारत को टीबी मुक्त बनाए जाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण कार्यक्रम की सही ट्रैकिंग रखने के लिए -WIN नामक पोर्टल लॉन्च किया गया है। इस पोर्टल पर अब तक लगभग तीस करोड़ वैक्सीन खुराक दर्ज हो चुकी है। टेली मेडिसिन के माध्यम से तीस करोड़ से अधिक ई-टेली-कन्सल्टेशन से नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ मिला है।

देश में यदि विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैल रही हैं तो इन बीमारियों के पहचानने के लिए उचित संख्या में डॉक्टरों की उपलब्धता बनी रहे एवं विशेष रूप से गांवों में भी डॉक्टर उपलब्ध रहें इस हेतु केंद्र सरकार द्वारा देश में डॉक्टरों की संख्या को बढ़ाने के लिए पिछले 10 वर्षों के दौरान देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में 110,000 नई मेडिकल सीटों का सृजन, 130 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ, किया गया है। वित्त वर्ष 2025-26 में 10,000 अतिरिक्त मेडिकल सीटों का सृजन भी किया जा रहा है ताकि आगामी पांच वर्षों के दौरान देश के मेडिकल कॉलेजों में 75,000 नई सीटों के सृजन के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। साथ ही केंद्र सरकार हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर और मेडिकल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग को भी बढ़ावा दे रही है। देश में नए बल्क ड्रग और मेडिकल डिवाइसेस के पार्क भी बनाए जा रहे हैं। इनमें रोजगार के अनेक नए अवसर भी उपलब्ध हो रहे हैं। जलजनित बीमारियों के बचाव के उद्देश्य से विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ जल उपलब्ध कराने की दृष्टि से, ताकि दूषित जल पीने से होने वाली बीमारियों से नागरिकों की रक्षा की जा सके, केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2019 से जल जीवन मिशन चलाया जा रहा है और अभी तक 15 करोड़ परिवारों (भारत की 80 प्रतिशत ग्रामीण जनसंख्या) को इस योजना के अंतर्गत नलों के माध्यम से शुद्ध जल उपलब्ध कराया जा चुका है।

अमेरिका में किसी नागरिक को यदि किसी डॉक्टर से अपाइंटमेंट लेना हो तो कभी-कभी तो एक माह तक इसका इंतजार करना होता है। इमर्जेन्सी की स्थिति में विशेष इमर्जेन्सी अस्पताल में दिखाना होता है, जहां अत्यधिक महंगी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होती है। यदि किसी नागरिक के पास स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध नहीं है तो सम्भव है कि पूरे जीवनभर की कमाई इन विशेष इमर्जेन्सी अस्पतालों में खर्च हो जाए। अतः स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में अमेरिका में आज डॉक्टर को दिखाकर दवाई लेना अति मुश्किल काम है। इन विकसित देशों के विपरीत, भारत में तो किसी भी मोहल्ले में डॉक्टर को बहुत आसानी से दिखाया जा सकता है एवं तुरंत दवाई ली जा सकती है। आज अमेरिका में स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि वहां के नागरिक बीमार होने की स्थिति में स्थानीय डॉक्टर से चूंकि तुरंत समय नहीं मिल पाता है अतः, ये बीमार नागरिक आस पास के देशों में जाकर अपना इलाज करा रहे हैं। अमेरिका सहित अन्य विकसित देशों में बिना मेडिकल बीमा के आप जिंदा नहीं रह सकते।

अब आप कल्पना करें कि भारत में इलाज कराना कितना आसान है एवं वास्तव में ही इस दृष्टि से हम भारत में एक तरह से स्वर्ग में निवास कर रहे हैं। कुल मिलाकर देश में उत्तम स्थिति तो यह होनी चाहिए कि देश के नागरिक बीमार ही नहीं पड़ें, यह तभी सम्भव है जब देश के नागरिक अपनी सनातन संस्कृति के संस्कारों का नियमित रूप से अनुपालन पुनः प्रारम्भ करें। यदि ऐसा नहीं हो पाता है तो केंद्र एवं राज्य सरकारों को नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए इसी प्रकार अपने बजट में बहुत बड़ी राशि का प्रावधान करते रहना पड़ेगा।

## विचार

# सुनीता विलियम्स व विल्मोर की वापसी विज्ञान की जीत



भारतीय समयानुसार तड़के 3 बजकर 27 मिनट पर फ्लोरिडा के समंदर में लैंडिंग कर स्पेसक्राफ्ट ड्रेगन के कैप्सूल ने जब 4 अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित लॉन्चिंग कराई, तो इतिहास रचा जा चुका था। कारण यह था कि इसमें दो यात्री ऐसे भी थे जो लगभग 9 माह पहले मिशन पर गये थे लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से उनका 8 दिनों का मुकाम बढ़ता चला गया था। पृथ्वी से औसतन लगभग 400 किलोमीटर ऊपर नितांत निर्जन व निर्वात, शून्य गुरुत्वाकर्षण, करोड़ों किलोमीटर तक अंतरिक्ष में पृथ्वी व उसके चंद्रमा के बगैर माइनस 121 डिग्री सेल्सियस से लेकर माइनस 157 डिग्री सेल्स. तापमान में सुनीता विलियम्स व बुच विल्मोर ये यात्री थे, जिन्होंने नयी-नयी तकनीकी दिक्कतों को अपने साहस, धैर्य और ज्ञान से परास्त करते हुए पृथ्वी पर वापसी कर खगोल विज्ञान के इतिहास में अपने नाम के अलग अध्याय लिख दिये हैं।

सुनीता के प्रति भारतीयों का लगाव स्वाभाविक है क्योंकि उनकी जड़ें इसी देश की हैं, परन्तु इस मायने में उनका नाम ऊपर लिखा जायेगा कि वे पहली ऐसी यात्री बन गयी हैं जिन्होंने अंतरिक्ष की तीन बार यात्राएं कीं। इसके साथ ही वे उस क्लब में शामिल हो गयी हैं जिन्होंने 600 से ज्यादा दिन घने काले अंतरिक्ष में बिताये हैं जो अनंत है, अपार है, अबूझ व अल्पज्ञात भी। ऐसा ब्रह्मांड जिसमें एक बार खो जाने पर मनुष्य तो क्या एक तिनके का भी कभी पता न चले, वहां सुनीता-विल्मोर की जोड़ी ने न धैर्य खोया न हिम्मत और न ही अपना मानसिक संतुलन। वे वहां विभिन्न तरह के प्रयोग करते रहे लेकिन वक्त पर बस या ट्रेन न मिलने से भी विचलित हो जाने वाले सामान्यजन को इस बात का कभी अंदाजा नहीं हो सकता कि बार-बार रद्द होती वापसी से कोई भी व्यक्ति कितना विचलित हो सकता है। वह भी ऐसी जगह पर बैठा व्यक्ति जो जानता है कि इस सतत फैलते और एक-दूसरे के गुरुत्वाकर्षण से बंधकर परिक्रमा करते अंतरिक्ष में कुछ भी निश्चित नहीं है। कब कौन सा यात्री थोड़ी गलती होने पर छिटककर प्रति सेकंड 16 हजार किलोमीटर की रफ्तार से फेंक दिया जायेगा या कब कौन सा उल्का पिंड आकर टकरा जाये अथवा किस क्षण कोई ग्रह उस यात्री व स्पेस स्टेशन तो क्या पूरी पृथ्वी को ही अपने में विलीन कर दे। हमारे ब्रह्मांड की उम्र 13.8 अरब वर्ष आंकी गयी है। लगभग 5 अरब साल पहले तैरती धूल और हीलियम व हाइड्रोजन गैसों से सूर्य बना और पृथ्वी तकरीबन 4.6 अरब साल पहले अस्तित्व में आई। हमारे सौरमंडल में ज्यादातर ग्रहों व क्षुद्र ग्रहों से बने असंख्य स्पेस ऑब्जेक्टस बने हैं जो परस्पर टकरावों का प्रतिफल हैं। कोई भी वस्तु कब किससे आकर टकरा जाये, कहा नहीं जा सकता- ऐसे खतरे के बीच यह मनुष्य का साहस व ज्ञान ही है जो उन्हें विपरीत परिस्थितियों में टिके रहने का संकल्प प्रदान करता है। वैज्ञानिकों के साहस, बलिदान और जिज्ञासा ने ही विज्ञान को आज यहां तक पहुंचाया है। भारत में पिछले कुछ समय से वैज्ञानिक और तकनीकी कौतूहल नाम का तत्व खत्म हो रहा हैय या कहें कि खत्म किया गया है। ऐसे में ज्यादातर भारतीय दुनिया में हो रहे वैज्ञानिक व तकनीकी विकास से अनभिज्ञ हैं। सामान्य युवाओं और छात्रों को पूछिये कि सुनीता विलियम्स का क्या माजरा है, तो वे जवाब नहीं दे पाएंगे। न उन्हें शून्य गुरुत्वाकर्षण का पता है न अंतरिक्ष का रंग ज्ञात है। बिग बैंग थ्योरी और ब्लैक होल से अपरिचित

**कोई भी वस्तु कब किससे आकर टकरा जाये, कहा नहीं जा सकता- ऐसे खतरे के बीच यह मनुष्य का साहस व ज्ञान ही है जो उन्हें विपरीत परिस्थितियों में टिके रहने का संकल्प प्रदान करता है। वैज्ञानिकों के साहस, बलिदान और जिज्ञासा ने ही विज्ञान को आज यहां तक पहुंचाया है। भारत में पिछले कुछ समय से वैज्ञानिक और तकनीकी कौतूहल नाम का तत्व खत्म हो रहा हैय या कहें कि खत्म किया गया है। ऐसे में ज्यादातर भारतीय दुनिया में हो रहे वैज्ञानिक व तकनीकी विकास से अनभिज्ञ हैं। सामान्य युवाओं और छात्रों को पूछिये कि सुनीता विलियम्स का क्या माजरा है, तो वे जवाब नहीं दे पाएंगे। न उन्हें शून्य गुरुत्वाकर्षण का पता है न अंतरिक्ष का रंग ज्ञात है। बिग बैंग थ्योरी और ब्लैक होल से अपरिचित वे यह भी नहीं जानते कि अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन क्या है और वह कितनी ऊंचाई पर कार्यरत है।**

वे यह भी नहीं जानते कि अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन क्या है और वह कितनी ऊंचाई पर कार्यरत है। उसका उद्देश्य क्या है और अब तक उसने क्या किया है। यही ज्ञान वैज्ञानिक तरक्की की दौड़ शुरू करने वाली वह रेखा है जिसमें तमाम विकसित देश एक-दूसरे के साथ होड़ लगा रहे हैं जबकि भारत ठीक विपरीत दिशा में भाग रहा है- अज्ञानता की तरफ्। भारतीय संविधान में जिस श्साइंटिफिक टेंपरश् यानी श्वैज्ञानिक चेतनाश् की बात कही गयी थी और उसे विकसित करना सरकार का एक प्रमुख दायित्व तय किया गया था, वह आज पूर्णतरू अनुल्लेखनीय व अवांछित नीति-तत्व बनकर रह गया है। सियासत यदि सत्ता बनाये रखने के लिये देश को मध्ययुग की ओर ले जाये तो वहां केवल राजनेताओं द्वारा छवि निर्माण और विश्वगुरु होने का भ्रम ही शेष रह जाता है। बेहद मुश्किल मिशन में पड़े अंतरिक्ष यात्रियों को लाने के लिये अमेरिका के तमाम वैज्ञानिकों के साथ वहां के प्रमुख उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहां के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बचाव का काम अपने देश के नासा व स्पेसएक्स पर छोड़ रखा था। इसके बरक्स हम देखें तो श्रेय लेने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर वक्त तत्पर रहते हैं।

## वक्फ कानून को और बेहतर बनाएं

**राकेश दुबे**





वक्फ बिल के मुद्दे पर मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और हिंदू संगठन एक-दूसरे के खिलाफ आंदोलित हैं। राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर दोनों ने अपने-अपने मोर्चे खोले। मुस्लिम पक्ष के तेवर काफी उग्र हैं। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष महमूद मदनी ने कहा है कि सरकार वक्फ बिल के जरिए संविधान पर बुलडोजर चलाना चाहती है। मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा है कि यह सांप का बिल है, जिसमें जहर भरा है। सांसद ओवैसी अपने तल्ख संबोधनों में मुसलमानों को डराते और भड़काते रहे हैं कि यदि वक्फ बिल संसद में पारित हो गया तो हुकूमत हमारी मस्जिदें छीन लेगी, दरगाहें तोड़ देगी और कब्रिस्तान पर भी कब्जा कर लेगी। अजीब आंदोलन है यह! यही नहीं, 'शाहीन बाग' सरीखे नए आंदोलन तक की धमकी दी जा रही है।

वक्फ संशोधन बिल ईद के बाद, बजट सत्र के अंतिम भाग में, संसद में पेश किया जाना प्रस्तावित है। लोकसभा स्पीकर ने सरकार का आग्रह मानते हुए जिस संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन किया था, उसकी भारी-भरकम रपट लोकसभा में रखी जा चुकी है। जेपीसी के 31 सांसद-सदस्यों में विपक्ष के भी पर्याप्त सांसद थे, लिहाजा ये दलीलें बेमानी हैं कि उनके पक्ष और संशोधन अनसुने रखे गए हैं। संसद के भीतर भी तमाम संशोधन बहुमत या ध्वनि मत के आधार पर ही पारित किए जाते हैं। यदि जेपीसी में भी यही प्रणाली इस्तेमाल की गई है, तो विपक्ष की आपत्तियां चीखा-चिल्ली के अलावा कुछ और नहीं हैं। कार्यपालिका और विधायिका को सदन में किसी भी मुद्दे या कानून में संशोधन करने के संवैधानिक विशेषाधिकार हैं। सदन में मुस्लिम और उनके समर्थक दलों-सपा, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस आदि-के सांसद भी हैं। वे संसदीय बहस में शिरकत करें।

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के मुट्ठी भर नेता प्रस्तावित बिल को 'अल्लाह' और 'इस्लाम' के खिलाफ करार क्यों दे रहे हैं? वक्फ बोर्ड की जमीनें और संपत्तियां अल्लाह के नाम पर अर्जित की गई होंगी लेकिन उनमें गहरे विवाद हैं। केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्रालय को 2023 में 148 शिकायतें मिली थीं, जिनमें अधिकतर मुसलमानों की ही थीं। आज भी 40,951 मामले ट्रिब्यूनल या अदालतों में लंबित हैं, लिहाजा संशोधन क्यों न किया जाए? हम तो देश में वक्फ बोर्ड सरीखे मजहबी संगठनों के अस्तित्व के ही खिलाफ हैं। देश में सरकार और प्रशासन के लोकतांत्रिक ढांचे को जनादेश प्राप्त है। वक्फ कानून में संशोधन होते रहे हैं लेकिन इसकी निरंकुशता पर लगाम नहीं लगाई जा सकी है। देश में 9 लाख एकड़ से अधिक जमीन वक्फ बोर्ड के अधीन है, जो रेलवे और सेना के बाद सर्वाधिक है। करीब 8.7 लाख संपत्तियों की सालाना आमदनी मात्र 200 करोड़ रुपए बताई जाती रही है, जबकि सच्चर कमेटी की रपट के मुताबिक, यह आमदनी 12,000 करोड़ रुपए से अधिक होनी चाहिए।

सवाल है कि इसमें भारी घोटाला है अथवा भू-माफिया की एक जमात हकीकत को छिपाए रखना चाहती है? विडंबना यह है कि 1.26 लाख करोड़ रुपए, 2023-24 के आकलन के मुताबिक, की संपत्तियों वाले वक्फ के मुस्लिम समाज में आज भी करीब 32 प्रतिशत अनपढ़ और 30 प्रतिशत गरीब मुसलमान हैं। वक्फ बोर्ड ऐसे मुसलमानों की मदद क्यों नहीं करता? जब आंदोलन की नौबत आ गई है, तो रमजान के महीने में भी रोजेदार मुसलमानों को सड़कों पर उतरने के आह्वान किए जा रहे हैं। दरअसल, वक्फ बोर्ड संविधान के अनुच्छेदों 25 और 26 की अवहेलना करता है। संशोधन की जरूरत इसलिए है, ताकि एक निश्चित व्यवस्था के तहत वक्फ के बेहतर ऑडिट किए जा सकें।



## राशिफल

**मेषः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। घर में खुशहाल स्थिति प्रसन्न रखेगी।

**बृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुनः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छबि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओ की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्कः-**भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक डंग से निर्वहन् करें। वर्तमान कार्य से मन में असन्तुष्टि उत्पन्न होगी।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति ध्यान देवें।

**कन्याः-** छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा।

**तुलाः-** वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिकः-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंधी से बिशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

**मकरः-** कोई छोटी बात भी परिवार कें तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीनः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

# मानवता ने जब धरती को छुआ

**सर्वमित्रा सुरजन**

कल्पना, सुनीता ये नाम सुंदर हैं और आम भारतीय घरों में प्रचलित भी। इन सामान्य से लगने वाले वाले नामों की दो लड़कियों ने भारत सहित पूरी दुनिया पर अनूठी छाप छोड़ी है। कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स इन दोनों की अंतरिक्ष यात्राएं समूचे अंतरिक्ष विज्ञान के लिए याद, सबक और मिसाल बन गईं। इनकी यात्राओं पर चर्चा करुंगी, लेकिन नाम का जिक्र इसलिए याद आया क्योंकि इस सदी में अनूठेपन के नाम पर अब काफी नए-नए तरह के नाम सुनने मिलते हैं, लोग अब अपने बच्चों का नाम रखने के लिए गूगल की मदद भी लेते हैं और ज्योतिष की सलाह भी। हालांकि शेक्सपियर तो सदियों पहले कह गए हैं कि नाम में क्या रखा है।

गुलाब, गुलाब ही रहेगा, चाहे उसे किसी भी नाम से पुकारो। लेकिन भारतीय इस मामले में शेक्सपियर की बिल्कुल नहीं सुनते। बच्चों के नामों में नयापन और इतिहास के नामों में धर्म के मुताबिक बदलाव, यही इस वक्त का चलन है। आश्चर्य होता है यह देखकर कि दुनिया में कितने तरह के काम, प्रयोग, शोध हो रहे हैं। विज्ञान, चिकित्सा, खेल, कला, व्यापार जीवन के हर पहलू में बड़ी तेजी से बदलाव हो रहे हैं। कारखानों, होटलों से लेकर आपरेशन थियेटर तक में रोबो से काम लिया जा रहा है। डीएनए का परीक्षण कर उसके बूते इंसान की आयु बढ़ाने, अपनी ही तरह का दूसरा इंसान पैदा करने, पैदा होने से पहले ही बीमारी का पता लगने पर इलाज करने जैसे कई आश्चर्यजनक काम किए जा रहे हैं। मानव अंगों के प्रत्यर्पण से एक इंसान की मौत के बाद उसे दूसरे इंसान में जिंदा रखा जा रहा है। छपी हुई मुद्रा के साथ आभासी मुद्रा का व्यापार हो रहा है। धरती, आकाश, पाताल हर जगह पहले इंसान की जिज्ञासा पहुंची, फिर इंसान ने खुद पहुंचने का रास्ता बना लिया। बुधवार सुबह ऐसे ही एक नए रास्ते को धरती के इंसानों ने देखा। जिसके दो राही खास थे बुच विल्मर और सुनीता विलियम्स।ये दोनों अंतरिक्ष यात्री 9 महीने 14 दिन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन आईएसएस में बिताने के बाद धरती पर वापस लौटे हैं। धरती पर कदम रखा इसलिए नहीं कह सकते कि इतना लंबा वक्त अंतरिक्ष में बिताने के बाद अभी उनके शरीर को धरती पर सामान्य तरीके चलने-फिरने का अभ्यस्त होने में वक्त लगेगा। जैसे 9 महीने मां की कोख में रहने के बाद जब बच्चा जन्म लेता है, तो धीरे-धीरे कदम संभालना सीखता है। अनोखा संयोग है कि सुनीता विलियम्स और बुच विल्मर 9 महीने उस धरती से दूर रहे, जो इंसानी जीवन की जननी है। बुधवार सुबह भारतीय समय के मुताबिक 3 बजकर 27 मिनट पर जब इन दो अंतरिक्ष यात्रियों के साथ अमेरिका के निक हेग और रूस के अलेक्सांद्र गोरबुनोव, यानी कुल चार यात्रियों को लेकर अंतरिक्ष यान ने फ्लोरिडा के समुद्र में डुबकी लगाई तो विज्ञान और मानवता दोनों ने नयी प्राणवायु पाई। पाठक जानते हैं कि केवल आठ दिनों के अंतरिक्ष सफर पर निकले सुनीता विलियम्स और बुच विल्मर को तकनीकी खराबी के कारण 9 महीने से ज्यादा का वक्त अंतरिक्ष में बिताना पड़ा। इस दौरान उन्हें लाने की कोशिशें होती रहीं। आखिरकार उन्हें लेने एक दूसरा यान भेजा गया और फिर उनकी सकुशल वापसी हुई। भारत में इस दौरान सुनीता विलियम्स के रिश्तेदारों के घरों से लेकर देश में जगह-जगह पूजा पाठ हुए, उनकी सुरक्षित वापसी के लिए हवन किए गए। भारतीय मूल की होने के कारण इतना लगाव स्वाभाविक है। इसी तरह जब कल्पना चावला भी अंतरिक्ष में गई थीं, तो उनके अमेरिकी नागरिक होने के बावजूद भारतीय इस बात को गर्व से कहते थे कि वे हरियाणा की हैं, यहीं पली बढ़ी, हालांकि बाद में वे उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका गईं और फिर वहीं की नागरिक हो गईं। कल्पना चावला के अंतरिक्ष सफर का अंत दर्दनाक था,

**बुधवार सुबह भारतीय समय के मुताबिक 3 बजकर 27 मिनट पर जब इन दो अंतरिक्ष यात्रियों के साथ अमेरिका के निक हेग और रूस के अलेक्सांद्र गोरबुनोव, यानी कुल चार यात्रियों को लेकर अंतरिक्ष यान ने फ्लोरिडा के समुद्र में डुबकी लगाई तो विज्ञान और मानवता दोनों ने नयी प्राणवायु पाई। पाठक जानते हैं कि केवल आठ दिनों के अंतरिक्ष सफर पर निकले सुनीता विलियम्स और बुच विल्मर को तकनीकी खराबी के कारण 9 महीने से ज्यादा का वक्त अंतरिक्ष में बिताना पड़ा। इस दौरान उन्हें लाने की कोशिशें होती रहीं। आखिरकार उन्हें लेने एक दूसरा यान भेजा गया और फिर उनकी सकुशल वापसी हुई। भारत में इस दौरान सुनीता विलियम्स के रिश्तेदारों के घरों से लेकर देश में जगह-जगह पूजा पाठ हुए, उनकी सुरक्षित वापसी के लिए हवन किए गए।**

अंतिम क्षणों में उनका यान आग के गोले में तब्दील हो गया। हालांकि उनके असाधारण काम आज भी याद किए जाते हैं। सुनीता और कल्पना, अगर केवल इन दो नामों का जिक्र करें तो अभी बेशक अंतरिक्ष यात्री की पोशाक में सज्जित दो महिलाओं की शक्ल हमारी आंखों के सामने आएगी, लेकिन इसके साथ एक कड़वी सच्चाई यह है कि इन दो नामों के साथ-साथ, ऐसी सैकड़ों, लाखों लड़कियां हैं, जो ऐसे ही असाधारण काम करके अपने नामों को हमेशा के लिए यादगार बना सकती हैं, लेकिन उनके सपनों की उड़ान के लिए कोई आकाश ही बचने नहीं दिया जाता। अगर किसी ने हिम्मत दिखाई भी तो सपने उसी तरह राख कर दिए जाते हैं, जैसे कल्पना चावला का यान राख बन गया था। सुनीता विलियम्स तो पहले से अमेरिका में थीं और कल्पना चावला बाद में वहां गईं, लेकिन भारत में रहकर क्या इन्हें ऐसे मौके मिल पाते, इस सवाल का जवाब सब जानते हैं।अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत में भी खूब काम हो रहा है, कई वैज्ञानिक इसरो में काम करती हैं, जिनके बारे में बताने के लिए अलग से महिला वैज्ञानिक लिखना पड़ता है। क्या कभी किसी पुरुष वैज्ञानिक का जिक्र हम इस तरह से करते हैं, यह भी सोचना चाहिए।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

डीएम की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ सहकारी समिति इंगोहटा का वार्षिक अधिवेशन

# किसानों को योजनाओं से रूबरू कराया जाए: डीएम

**सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सहकारी समिति इंगोहटा में आयोजित वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी घनश्याम मीना एवं विशिष्ट अतिथि सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला ने मौजूद रहकर किसानों को विभिन्न लाभकारी योजनाओं से रूबरू कराया।

जनपद में पहली बार जिलाधिकारी श्री घनश्याम मीना के कुशल निर्देशन और प्रेरणा से समिति ने सभी पात्र सदस्यों को 10 प्रतिशत लाभांश वितरित करने का प्रस्ताव पारित किया। इस निर्णय से समिति में सदस्यों की हिस्सेदारी बढ़ेगी और सहकारी समितियों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता व विश्वास कायम होगा। समिति को कुल 78 लाख रुपये का लाभ प्राप्त हुआए जिसमें से नियमानुसार सभी कटौतियां करने के बाद 8 लाख 56 हजार की राशि अंश धारकों में लाभांश के रूप में वितरित की गईए जिलाधिकारी ने सभी सदस्यों को लाभांश प्राप्त करने की बधाई देते हुए कहा कि इससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी और वे आर्थिक रूप से सुदृढ़ होंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि जनपद की सभी सहकारी समितियां हर वर्ष अपने सदस्यों में लाभांश का वितरण करें। उन्होंने किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया और नवाचारी कृषि कार्य को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला एडीसीओ सुरेश चंद्रा उर्वरक प्रभारी शशिकांत, आरआरके द्विवेदी समिति के अध्यक्ष शिवशंकर गुप्ता सचिव राघवेन्द्र कुमार सुधेश द्विवेदी पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश यादव प्रधान प्रतिनिधि गुरु प्रताप सिंह, बीडी प्रजापति राघवेन्द्र दीक्षित, स्वामी प्रताप सिंह, सुरेश भदौरिया, बबलू सिंह, श्यामलाल विश्वकर्मा, राधाचरण दीक्षित सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

## छात्रों को फिट इंडिया की दिलायी गयी शपथ

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



स्पोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के सहयोग से सरस्वती पब्लिक स्कूल मौदहा में फिट इंडिया मूवमेंट मनाया गया। स्कूल में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें छात्रों को फिट इंडिया की शपथ दिलाई गई और बच्चों को योग और स्वस्थ जीवन शैली के महत्व और फिटनेसए पोषण और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बताया गयाए कार्यक्रम के प्रारंभ में समन्वयक आरएस राठौर ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री डॉ संजय योगी ने किया। योगी हरिद्वार के प्रसिद्ध योग गुरु हैं। उन्होंने बताया कि बड़े लक्ष्य साधन से नहीं साधना से पाए जाते है। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मती पूजा द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की जिसमें विद्यालय के शिक्षक नरेन्द्र सिंह गौतम, विवेक मिश्रा, मयंक गुप्ता, सुनील सर, आशुतोष सर, धर्मेंद्र साल्वी, नीतू आदि शिक्षक भी शामिल हुए। दिन का समापन सिद्धांत पांडे निदेशक सरस्वती पब्लिक स्कूल द्वारा सभी छात्रों और कर्मचारियों के साथ फिट रहने और स्वस्थ जीवन शैली बनाए रखने के लिए फिट इंडिया शपथ के साथ हुआ।

## खबरें एक नजर में

### कानपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष ने उपेंद्रनाथ पासवान ने पूजा अर्चना के बाद शपथ ली



**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।** भाजपा कानपुर ग्रामीण क्षेत्र के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष उपेन्द्र नाथ पासवान का क्षेत्रीय कार्यालय में हवन पूजन के साथ शपथ ग्रहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ इस मौके पर बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह कुशवाहा जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, रघुनंदन सिंह भदौरिया, अलावा रोहित सोनी घाटमपुर शोभित सेंगर घाटमपुर हिमांशु गुप्ता बरीपाल राहुल दीक्षित राकेश चौधरी राजेश सिंह वीर सिंह आदित्य कुमार पाल रणविजय सिंह अंबुज अवस्थी सहित सैकड़ो पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष उपेंद्रनाथ पासवान ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्व पार्टी हित में हर फैसले को वह अमल करेगा कार्यकर्ता सीधे अपनी समस्या मस्त तक पहुंचाएं मैं हर संभव सहयोग करुगा, फोटो – 20 जीटीएम–1

### हिमांशु ओमर बने अखिल भारतीय ओमर -ऊमर वैश्य युवजन संघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष



**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** अखिल भारतीय ओमर ऊमर वैश्य महासभा के महाअधिवेशन 2025 श्री श्याम खाटू धाम में आयोजित हुआ जिसमें अखिल भारतीय ओमर ऊमर वैश्य युवजन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम गुप्ता कानपुर को चुना गया है, इसके अलावा महामंत्री प्रशांत ओमर अकबरपुर तथा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष हिमांशू ओमर बरीपाल को बनाया गया है, जबकि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शाश्वत ओमर हमीरपुर को सर्वसम्मति से चुना गया। महासभा के द्वारा खाटूश्याम की भव्य निशान यात्रा भी निकाली गई।

### आम के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, मचा हड़कंप, घाटमपुर क्षेत्र के नरसिंहपुर गांव की है घटना



**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।** गुरुवार सुबह पतारा चौकी क्षेत्र के गांव नरसिंहपुर में एक युवक का गांव किनारे आम के पेड़ पर लटकता मिलने से हड़कंप मच गया बाद में उसकी पहचान गांव के ही रंजन लाल के 24 वर्ष से पुत्र राजेश के रूप में हुई है परिजनों का कहना है की राजेश बनारस में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था और होली की छुट्टी मैं घर आया था बताया जाता है कि राजेश बुधवार शाम खाना खाकर के घर से निकला था रात में जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजन उसकी तलाश करते रहे, गुरुवार सुबह राजेश का शौक गांव बाहर खड़े आम के पेड़ में लटकता मिला जानकारी मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा आवश्यक कार्यवाही कर शो को पोस्टमार्टम के लिए भेजा थाना प्रभारी घाटमपुर ने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी

### गिरफ्तार कर जेल भेजा

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के डामर गांव निवासी मारपीट के वांक्षित आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। क्षेत्र के डामर गांव निवासी कमलेश व इसका पुत्र कृष्णा के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमे दोनो वांक्षित चल रहे थे। पुलिस ने दोनो को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### रंगोत्सव में कॉलेज के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में दी शानदार प्रस्तुति

**राठ(हमीरपुर)।** क्षेत्र के अमगांव गांव में प्रभा शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज अमगांव में पंचमीए रंग उत्सव धूमधाम से मनाया गया। रंगोत्सव में कॉलेज के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति देकर वाहवाही बटोरी। बुधवार को होली रंग पंचमी रंग उत्सव पर छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्र–छात्राओं ने गुलाल उड़ाया और फूलों की होली खेली। छात्रों ने तेरी मेरी कट्टी हो जाएगी पर जोरदार प्रस्तुति दी ।बद्री की दुल्हनियाए होली खेले रघुवीरा अवध में पर छात्रों ने वाहवाही बटोरी। इसके अलावा खेल–खेल में ससुर जी पैरए जोगी जी धीरे.धीरेए अरे जा रे नटखटए होली खेले मसाने में आदि गीतों पर डांस किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी, प्रबंधक अशोक पालीवाल, प्रधानाचार्य मनोज राठौर, गुलाब सिंह सेंगर, विवेक नगायच, प्रवेश तिवारी, शिवानी राजपूत, सोनू सेंगर, चित्रा सेंगर आदि मौजूद रहे।

### अज्ञात कारणों के चलते मकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर हुआ खाक



**महोबा।** अज्ञात कारणों के चलते रिहायशी मकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने रौद्र रुप धारण कर लिया और पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। पड़ोसियों ने घटना की सूचना तत्काल फायर ब्रिग्रेड को दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिग्रेड की टीम ने कडी मशक्कत कर किसी प्रकार आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक पीडित का सारा गृहस्थी का सामान टीबी, फीज, कूलर सहित नगदी सबकुछ जलकर खाक हो चुका था। पीडित ने प्रशासनिक अधिकारियों से आगजनी की घटना की जांच करवा आर्थिक मदद दिलाये जाने की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यालय के नयापुरा नैकाना निवासी कृष्णकान्त उर्फ लल्लू पुत्र मुन्नीलाल भारती अपने किसी कार्य से घर के बाहर गये हुये थे तथा उसके बच्चे स्कूल गये हुये थे। उसी समय लल्लू की बहिन ने गैस चूल्हे पर दूध गर्म करने के लिये रख दिया और आंगन में झाडू लगाने लगी। इसी दौरान अचानक मकान में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने रौद्र रुप धारण कर लिया। घटना की सूचना पडासियों ने तत्काल फायर ब्रिग्रेड की टीम को दी। आगजनी की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड प्रभारी देवेश तिवारी तत्काल अपनी टीम के ग्रेडंग फायर मैन बदरुद्दीन, सूरजपाल, फायरमैन मनीराम, यतीश, पाल, गौरव, ज्ञानेन्द्र, नितिन कुमार, शफी खांन, चालक रमाशंकर तथा जुनैद खांन के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और करीब आधा घण्टे की कडी मशक्कत के बाद किसी प्रकार आग पर काबू पाया। फायर कर्मियों की तत्पर्तता के कारण आग को अन्य मकानों तक पहुंचने से रोका गया तथा सिलेण्डर को भी फटने से रोक दिया गया। अन्यथा की स्थिति में कोई भी बडी घटना घटित हो सकती थी। देवेश तिवारी स्वयं फायर कर्मियों के साथ आग पर काबू करने का प्रयास करते रहे और अपनी टीम को निर्देश देते रहे। लेकिन जब तक फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया तब तक पीडित का कूलर, फीज, एलसीडी, सारा गृहस्थी का सामान, पांच हजार की नगदी सहित करीब दो लाख का सामान जलकर खाक हो चुका था। घटना से पीडितों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है। पीडितों ने प्रशासनिक अधिकारियों से आगजनी की घटनाा की जांच करवा सरकारी मदद दिलाये जाने की गुहार लगाई है। इस दौरान फायर ब्रिग्रेड प्रभारी देवेश तिवारी ने बताया कि गर्मियों का मौसम आ चुका है। अब गैस चूल्हे पर खाना बनाते समय सावधानियां अवश्य बरतें, जिससे आगजनी की घटनाओं से बचा जा सकता है।

## कच्चे रास्ता का निर्माण कराये जाने की मांग

**कुरारा(हमीरपुर)।** विकास खंड क्षेत्र के डामर गांव से कुशौली पुरवा गांव को जाने वाले कच्चे रास्ते का निर्माण कराए जाने की मांग दोनो गांव के ग्रामीणों ने की है हमीरपुर कालपी हाइवे से बाईं तरफ कच्चा संपर्क मार्ग वीरा ताला के पास से होकर कुशौली पुरवा गांव तक गया है। इस रास्ते में पक्की सड़क का निर्माण हो जाने से दोनो गांव के ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा मिल जाएगी। डामर गांव निवासी किसान खड़ग सिंह यादव शंकर कुशवाहा जगरूप यादव बृजेंद्र सिंह कुशौली पुरवा गांव निवासी नत्थू रामासरे विनय कुमारए जगदीश आदि लोगों ने बताया कि इस रास्ते में निर्माण कार्य चार साल पहले शुरू हुआ था। लेकिन गिट्टी डालकर काम नहीं हो सका इस से खेत जाने वाले किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। दोनों गांव के ग्रामीणों ने इस संपर्क मार्ग का निर्माण कराए जाने की मांग की है।

## बहुउद्देश्यीय बड़ा तालाब रुरीपारा गांव में खुदवा कर ग्रामीणों की मदद करना चाहते हैं रविकांत पाठक

- परती भूमि विकास विभाग के कार्यकारी अधिकारी डॉ. हीरालाल ने प्रशासन को मदद करने के दिये आदेश
- श्री पाठक स्वीडन व सूबे में कई क्षेत्रों में करते हैं काम

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

स्वीडन में रह रहे वैज्ञानिक व पर्यावरण व कृषि विशेषज्ञ रविकांत पाठक अपने गांव मुस्करा ब्लाक के रुरीपारा गांव में करीब छह बीघा में मल्टीपरपज तालाब खुदवाने की इच्छा प्रकट की है इसके लिये शासन से आर्थिक सहायता की मांग की है, परती भूमि विकास बिभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. हीरालाल ने डीएम को पत्र लिखकर तालाब निर्माण कराने में मदद करने को कहा है।

जानकारी मुताबिक करीब दो दशक से पर्यावरण, कृषि, शिक्षा व सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे रविकांत पाठक ने अपने गांव रुरीपारा गांव में बड़ा तालाब निर्माण करने के लिये शासन से मदद मांगी है। श्री पाठक का कहना है कि तालाब गाव व प्रकृति की एक बड़ी धरोहर है तालाबों से न केवल जल संचयन व नमी संरक्षण का काम होता है बल्कि ग्रामीणों को नहाने व सिचाई के काम आते है गांवों में जो तालाब विलुप्त हो रहे है उनको फिर से बनाना होगा। रुरीपारा गांव में बड़ातालाब बनाकर उसके लिये एक माडल तैयार करना चाहते है। श्री पाठक का मानना है कि तालाबों से पर्यावरण सुधारने में बहुत बड़ा सहयोग मिलता है। बीहडो में जमीन समतल करने के लिये समय समय पर किसानों को जागरुक करते रहते है। सामाजिक कार्यकर्ता श्री पाठक ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. हीरालाल को बताया कि वह अपने गांव रुरीपारा गांव में बड़ा तालाब यानी बहुउद्देशीय तालाब का निर्माण कराने चाहते है, ताकि ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। इस पर संबधित अधिकारी ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर तालाब खुदवाने में सहयोग करने को कहा है। जिलाधिकारी ने सीडीओ को आदेश दिया है कि इस मामले में कार्यवाही करे ताकि तालाब की खुदायी हो सके। हालांकि खेत तालाब योजना में बहुत की छोटे तालाबों का निर्माण कराया जाता है जिससे यह तालाब योजना के अन्तर्गत नहीं आता है।

### भाजपा नेता ने जंगल कटायी की शिकायत की वन मंत्री से, जांच के आदेश

**हमीरपुर।** मौदहा क्षेत्र में धुआधार बन की कटाई को लेकर भाजपा नेता की शिकायत पर वन मंत्री ने जांच के आदेश दिये है। मौदहा क्षेत्र के नगर मंडल अध्यक्ष अनूप सिंह ने बन राज्य मंत्री अरुण कुमार से लिखित शिकायत की थी कि बन विभाग व अन्य विभागों की मिली भगत से कुनेहटा, खंडेह, ग्योडी व अन्य क्षेत्रों में जमकर जंगल की कटायी हो रही है इसमे वन विभाग के कर्मी पूरी तरह लिप्त है। इसके लिये कई मर्तबा शिकायत की गयी है मगर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। रात भर जंगल की कटाई कर लकड़ी ढोयी जाती है। खंडेह जंगल में बेशकीमती सागौन के जंगल में जिसमें जमकर चोरी से लकड़ी की कटायी होती है बन राज्य मंत्री ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुये प्रशासन से कार्यवाही के लिये कहा है प्रशासन ने डीएफओ को जाच करने कर कार्यवाही करने के आदेश दिये है। बताया जाता है बन विभाग की शह पर न केवल कीमती जंगल की कटायी हो रहीहै बल्कि दबंगों ने बन भूमि पर कब्जा कर लिया है मगर अधिकारी चुपचाप बैठे है। इस मामले में मौदहा क्षेत्र के रेंजर एसके त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्र में छूट प्रजाति के पेड़ काटने के आदेश हैं। प्रतिबंधित पेड़ो की कटान नहीं हो रही है इसके लिये वॉच मैन को नियुक्त कर दिया गया है। शासनादेश के मुताबिक पेड़ों की कटायी में छूट दी जा रही है।

## हलवाई महासभा सेमिनार सभा का आयोजन

- चीफ गेस्ट रहे शिव प्रसाद कुशवाहा

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**




गुरुवार को कस्बे के उत्सव पैलेस में श्रमिक विकास संस्थान के तत्वाधान में हलवाई महासभा सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शिवप्रसाद कुशवाहा चरखारी चेयरमैन प्रतिनिधि रामपाल कुशवाहा डीपी सिंह संतोष कुमार चिरंजीलाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि समाज के लोगों को अपने हक को लेकर एकजुट होना होगा। महासभा की अध्यक्षता कर रहे गोविंद गुप्ता ने कहा कि देश के विकास में एवं सामाजिक अवसरों में हलवाई समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। शासन की ओर से चलाई जा रही विश्वकर्मा योजना श्रमिक भरण पोषण योजनाओं का लाभ हम लोगों को भी मिलना चाहिए। मुन्नालला बौद्ध ने कहा कि हलवाई वर्ग श्रमिक अपनी बुरी आदतों का त्याग करें और कमाए गए मेहनत के धन को अपने परिवार की तरक्की मै लगाए शिक्षा पर खर्च करें जिससे अगली पीढ़ी को मजदूर व मजबूर न बनना पड़े। इस मौके पर जिलाध्यक्ष लक्ष्मीप्रसाद कुशवाहा, विनोद, बृजेंद्र सिंह, चेतराम, जीतेंद्र, अरविंद्र गुप्ता, संजय धर्मेंद्र, रामकिशोर, सूरज कुशवाहा एवं महिलाएं मौजूद रहीं। संचालन मदन गोपाल ने किया।

## प्लाट में मिट्टी की भरायी कर रहे चालक की ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से मौत

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के भौली गांव के पास ट्रैक्टर ट्राली पलटने से युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक रघवा गांव निवासी धनजय यादव (18) पुत्र राजेश यादव अपने निजी ।टैक्टर ट्राली से भाड़ा करता था।वह मिट्टी भराई के लिए सुबह ट्राली में मिट्टी भरकर कस्बा के भोली रोड को जा रहा था। भगत तालाब के समीप बनी पुलिया के पास टैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर गहरे गड्ढे में पलट गया। जिससे चालक टैक्टर के नीचे दब गया। शोर सुनकर लोगों ने देखा तो पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने किसी तरह उसे निकाल कर जिला अस्पताल भेज दिया। तथा वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने माता पिता को इकलौती संतान था। पिता




खेती किसानी का कार्य करता है। मां माया यादव सपा महिला सभा की ब्लाक अध्यक्ष है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लोगों ने बताया कि प्लाट में मिट्टी भराई का कार्य रात 8 बजे से सुबह तक होता है। जिसमे कई ट्रेक्टर लगे हुए है। कृषि कार्य के लिए ट्रेक्टर का पंजीयन होता है। लेकिन इनसे भाड़ा किया जाता है। गांव में शोक व्याप्त है। सपा नेताओं ने पीड़ित परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की है।

## हत्या करने वाले को आजीवन कारावास, दो लाख का जुर्माना लगाया

**हमीरपुर।** गोवंश चराने के बदले रुपये मांगने गए चरवाहे को दौड़ाकर लाइसेंसी रायफल से गोली मारकर हत्या करने के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम जयंत कुमार ने गुरुवार को मामले की सुनवाई करते हुए एक आरोपित के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर उसे उम्र कैद व दो लाख रुपये जुर्माना लगाया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता चंद्रप्रकाश गोस्वामी ने बताया कि मौदहा कोतवाली के फत्तेपुर मुहल्ला निवासी लक्ष्मी यादव ने 13 जनवरी 2014 को मौदहा कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उसका पति स्व. धनीराम जानवर चराने का काम करता था। 13 जनवरी की रात करीब पौने आठ बजे उसका पति मौदहा कोतवाली के फत्तेपुर शिवपुरी मुहल्ला निवासी महेंद्र सिंह के घर जानवर चराने की मजदूरी मांगने गया था। मजदूरी मांगने पर महेंद्र सिंह उत्तेजित हो गया और उसके पति को मारने के लिए दौड़ा लिया। जिस पर पति भागते हुए घर की तरफ आया। उसके पीछे महेंद्र सिंह व उसका बेटी शिवबरन उर्फ कल्लू तथा ब्रजेंद्र सिंह उर्फ ब्रजेश सिंह अपनी लाइसेंसी रायफल लेकर आए और आते ही पति पर हमला बोल दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने महेंद्र सिंह शिवबरन उर्फ कल्लू तथा बृजेंद्र उर्फ ब्रजेश सिंह निवासी पाटनपुर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया। जिसकी गुरुवार को सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम कोर्ट जयंत कुमार ने महेंद्र सिंह व शिवबरन उर्फ कल्लू के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य न मिलने पर दोषमुक्त कर दिया। वहीं बृजेंद्र उर्फ ब्रजेश सिंह को उम्रकैद व दो लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है।

## आखिर क्यों नहीं दबंगों पर अधिकारियों की कार्रवाई का डर

- एआरटीओ प्रवर्तन दल की कार्रवाई से बौखलाए दबंग ने दी जान से मारने की धमकी
- पुलिस ने बीएनएस की धाराओं में आरोपी समेत दो अज्ञात के विरुद्ध दर्ज किया मुकदमा

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**






बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम व अवैध वाहनों के परिवहन पर रोक लगाने की मंशा से एआरटीओ विभाग की ताबड़तोड़ कार्यवाही से वाहन स्वामियों में खासा हड़कंप मचा हुआ है। वहीं एआरटीओ महोबा के द्वारा पनवाड़ी में बीते दिवस प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान थाना पनवाड़ी में 6 वाहनों को बंद कराया गया। इनमें से एक गाड़ी का टैक्स, फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण वर्ष 2022 में ही समाप्त हो चुके है।

एआरटीओ महोबा दयाशंकर ने बताया कि प्रवर्तन कार्यवाही के उपरांत पनवाड़ी थाना परिसर में सभी 6 वाहनों को ले जाकर खड़ा कराया गया था। तभी वहां पर पनवाड़ी के भुल्लनपुरा निवासी वाहिद पुत्र मुबीन के द्वारा अपने दो अन्य साथियों के साथ थाना परिसर में पहुंचकर सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए प्रवर्तन दल के चालक अजमत अली समेत सभी को गाली गलौच करते हुए थाना परिसर से बाहर निकलने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। फ़िलहाल पनवाड़ी थाना पुलिस ने घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रवर्तन दल की तहरीर पर वाहिद पुत्र मुबीन समेत दो अन्य के खिलाफ़ बीएनएस 2023 की धारा 121(1), 132, 351(2) एवं 352 दर्ज कर मामले में तफ्तीश शुरू कर दी है।

### दिल्ली से घर लौट रहा मजदूर रहस्यमय तरीके से हुआ गायब, नहीं मिला कोई सुराग

**महोबा।** चरखारी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सालट में एक प्रकरण सामने आया है द्य जहां पर रहने वाला बाबूलाल श्रीवास पुत्र परशुराम श्रीवास उम्र 56 वर्ष दिल्ली के कंझावला में मजदूरी करके अपना परिवार चल रहा था और उसकी पत्नी गांव में थी। पत्नी की तबीयत खराब होने के कारण वह दिल्ली से गांव वापस इलाज करवाने के लिए आ रहा था कि अचानक ही रास्ते से ही गायब हो गया। परिजनों ने एक हफ्ते से खोजने के तमाम प्रयास किए हैं लेकिन नाकाम रहे। बाबूलाल के पुत्र हरी सिंह का कहना है कि पिता को उसने 6 मार्च को दिल्ली से आ रही बस में बैठाया था लेकिन जब घर पर दूसरे दिन नहीं पहुंचा तब खोज जारी की गई लेकिन अभी तक कोई पता नहीं चला। बाबूलाल की तलाश में परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### व्यापार मंडल ने समस्याओं को निदान करने की मांग की

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे की समस्याओं को लेकर उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल की नेतृत्व में व्यापारियों ने डीएम को ज्ञापन देकर समस्याओं का निदान कराए जाने की मांग की। जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने बताया कि कस्बे की पेयजल व्यवस्था पुराने ढर्रे पर चल रही है। दो दिन में लोगों को एक बार पानी मिल रहा है। 68 वर्ष पुरानी पेयजल व्यवस्था से आपूर्ति की जा रही है। 8 साल पहले मौहदा बांध से पेयजल योजना स्वीकृत की गई थी लेकिन आधार में लटकी हुई है। राठ से गरौठा स्वीकृत मार्ग को राठ महोबा के नाम से जाना जाये। राठ हमीरपुर मार्ग को महोबा रोड से जोड़ा जाए। पालिका क्षेत्र के अंतर्गत लोग मकान के बाहर गलियों में रैम्प बनाते हैं। जिससे सड़के संकरी हो रही हैं। सड़कों पर बोरिंग हो रही है जिससे सड़के कटती बाधित हो रही है।

## आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने पीड़ित पर किया जानलेवा हमला

- पीडित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

घर के बाहर बैठे युवक को गांव के ही दबंग देखकर गाली गलौच करने लगे। जब पीड़ित ने गालियों का विरोध किया तो दबंग पहले तो वहां से चले गये। कुछ देर बाद दबंग अपने आधा दर्जन साथियों के साथ अवैध असलाहों से लैश होकर आये और पीडित पर जानलेवा हमला बोल दिया। दबंगों ने पीड़ित को मरा समझ जानमाल की धमकियां देते हुये भाग गये। यह देख परिजन उसे थाना खरेला पुलिस के पास ले गये और दबंगों की खिलाफ शिकायत की। परन्तु पुलिस ने पीड़ित की शिकायत न देते हुये पहले उपचार कराने की बात कही। जिस पर पीडित के परिजन उसे जिला अस्पताल ले गये। जहां उसकी हालत गम्भीर होने पर मेडीकल कालेज रेफर कर दिया। जहां पीडित का उपचार किया जा रहा है। पीडित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दे दबंगों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

खरेला के वार्ड हले द्वितीय मुहाल निवासी धरमपाल सिंह पुत्र प्रकाश सिंह ने पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल को सौपे प्रार्थना पत्र में उल्लेख करते हुये बताया कि वह दिनांक 13-03-25 को रात्रि लगभग 10.30 बजे अपने घर के चबुतरे पर बैठा था। उसके घर के सामने की किराना दुकान पर मुहल्ले के दबंग राजू मुखिया पुत्र निर्भाल सिंह,



वैभव सिंह पुत्र राजू मुखिया, कोमल सिंह पुत्र लोके सिंह, छोटू सिंह पुत्र चंदन सिंह शराब के नशे में धुत्त खड़े थे। जो पीडित को चबूतरे पर बैठा देखकर माँ-बहन की गंदी-गंदी गाली देने लगे। जिसका पीडित ने विरोध किया, तो दबंग वहाँ से देख लेने की बात कहते हुए चले गये और कुछ देर बाद अपने अन्य साथियों फूल सिंह पुत्र निर्भाल सिंह, लोके सिंह पुत्र निर्भाल सिंह, किशन सिंह पुत्र राजू मुखिया, करन उर्फ कन्नू सिंह, डब्बू सिंह पुत्र फूल सिंह, भूरा सिंह पुत्र गजेन्द्र सिंह, अरविन्द सिंह पुत्र चंदन सिंह के साथ कुल्हाडी, फरसा, लाइसेंसी बंदूक, लाठी डंडे आदि से लैस होकर आये और पीड़ित के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया।

दबंग पीड़ित को जान से मारने की नीयत से एक राय होकर बुरी तरह से मारने लगे, जिस पर पीड़ित अपनी जान बचाने के लिए चिल्लाया, जिससे मेरे घर के लोग मुझे बचाने के लिए दौड़े। परंतु जब तक दबंग मुझे मरणासन्न हालत में पहुंचा चुके थे। दबंग पीडित को मरा हुआ समझ कर हथियारों को लहराते हुए वहाँ से भाग खड़े हुए। पीड़ित की गंभीर स्थिति को देखकर परिजन उसे थाना खरेला ले गये और थानाध्यक्ष खरेला को उक्त घटना के संबंध में तहरीर दी। परन्तु थानेदार ने तहरीर लेने से इंकार करते हुए पहले इलाज कराने की बार कही। जिस पर परिजन उसे लेकर चरखारी अस्पताल ले गये, जहाँ से मुझे गंभीर हालत में जिला अस्पताल, महोबा रिफर कर दिया गया, और जिला अस्पताल महोबा से मेरी स्थिति गंभीर देखते हुए मेडिकल कालेज झाँसी रिफर कर दिया गया। जहाँ पर उसका ईलाज हुआ और अभी ईलाज चल रहा है। पीडित को दबंगों से अब भी जान का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने एसपी से घटना का संज्ञान लेते हुए दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।

# डीएम ने निपुण ब्लाकों के खंड शिक्षाधिकारियों को किया सम्मानित

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

- विद्यालय में बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के डीएम ने दिए निर्देश
- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला शिक्षा एवं परियोजना समिति की बैठक



गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें निपुण घोषित विकास खण्ड के खण्ड शिक्षा अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में चयनित होने वाले छात्र/छात्राओं तथा विद्यालयों को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन व प्रशिक्षु आईएएस सुश्री काव्या सी ने प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। माह दिसम्बर 2024 व फरवरी 2025 में 1377 परिषदीय विद्यालयों में डीएलएड प्रशिक्षुओं के माध्यम सम्पन्न हुए एसेसमेंट में 1024 विद्यालय निपुण घोषित हुए, 80 प्रतिशत से अधिक विद्यालय जिन विकास खण्डों में निपुण घोषित हुए हैं, उनके खण्ड शिक्षा अधिकारियों को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विकास खण्ड देवा में कुल विद्यालय 143 के सापेक्ष 124 विद्यालयों का एसेसमेंट हुआ, जिसमें से 116 विद्यालय निपुण घोषित हुए। विद्यालयों के सापेक्ष 80 प्रतिशत से अधिक विद्यालय निपुण होने पर विकास खण्ड देवा निपुण घोषित होने पर बीईओ रामनारायण को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी विकास खण्ड देवा में सर्वाधिक 47 विद्यालय निपुण घोषित हुए थे। इसके साथ ही इस वर्ष आकलन के सापेक्ष 80 प्रतिशत से अधिक विद्यालय निपुण घोषित होने पर क्रमशः बीईओ मसौली सुश्री फिजा मिर्जा, बीईओ रामनगर रमेश चन्द्रा, बीईओ बंकी चन्द्रशेखर यादव, बीईओ त्रिवेदीगंज धर्मेन्द्र प्रसाद, बीईओ फतेहपुर आराधना अवस्थी, बीईओ सूरतगंज संजय कुमार को जिलाधिकारी द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में जनपद में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले टॉप -10 बच्चों क्रमशः हर्षित वर्मा, विशाल सिंह, दीप्ती, सौम्या वर्मा, श्रेया, जीशान, राज, सुभम प्रजापति, वेद प्रकाश व वैष्णवी वर्मा को जिलाधिकारी ने प्रमाण पत्र प्रदान किया। इसके साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित उच्च प्राथमिक विद्यालय धौरमऊ में 12 बच्चे, उ.प्रा.वि. कबूलपुर द्वितीय में 7 बच्चे, उ.प्रा.वि. भिटौली कला में 7 बच्चे, उ.प्रा.वि. बुढ़नापुर, पू0मा0वि0 महमूदपुर, कम्पोजिट विद्यालय मुबारकपुर, उ.प्रा.वि. कोपवा व उ.प्रा.वि. बबुरीगांव में 5-5 बच्चे, पूर्व माध्यमिक विद्यालय माधवपुर, कम्पोजिट विद्यालय टिकरिया, कम्पोजिट विद्यालय हड़ाहा, कम्पोजिट विद्यालय भवनियापुर, उ.प्रा.वि. कटैया मजरे छन्दवल, उ.प्रा.वि. इसरौली व उ.प्रा.वि. बरेठी में 4-4 बच्चे राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में चयनित होने पर विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को डीएम शशांक त्रिपाठी ने प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## गौरैया दिवस पर याद आई घरेलू चिड़िया, संरक्षण की जरूरत पर दिया गया बल

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर ठेठरहा प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक अचल कुमार के नेतृत्व में गौरैया संरक्षण की अनूठी पहल की गई। उन्होंने बच्चों को गौरैया संरक्षण के प्रति जागरूक किया और उनसे इस दिशा में सक्रिय योगदान देने की अपील की। इस मौके पर विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में छह दर्जन से अधिक स्थानों पर गौरैया के लिए घोंसले लगाए गए। साथ ही, उनके लिए पेयजल की व्यवस्था भी की गई। प्रधानाध्यापक अचल कुमार ने बताया कि गौरैया की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है, जो पर्यावरण असंतुलन का संकेत है। उन्होंने कहा कि यदि हम गौरैया को बचाना चाहते हैं।

# चाचा-भतीजी को वाहन ने मारी टक्कर, एक की हालत गंभीर

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



सड़क हादसे में स्कूटी सवार चाचा और भतीजी घायल हो गए। हादसा गुरुवार दोपहर करीब 3:30 बजे बड्डूपुर थाना क्षेत्र के भगौली तीर्थ स्थित शारदा नहर पुल पर हुआ। ज्ञात हो सीतापुर के रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के पासिनपुरवा गांव के रहने वाले 45 वर्षीय हरिलाल और उनकी भतीजी आरती देवी स्कूटी से देवां के खेवली में रिश्तेदार के यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम में जा रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को जोर दार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को एंबुलेंस से फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। आकस्मिक ड्यूटी पर तैनात डॉ. हिमांशु ने बताया कि हरिलाल के सिर में गंभीर चोट आई है। उनकी हालत चिंताजनक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।


## सूचना

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SMT CHABI SAMANTA व जन्मतिथि 03.07.1970 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम CHHABI RANI SAMANTA व जन्मतिथि 17.03.1970 है। CHHABI RANI SAMANTA M/o of Army No-10213624M, रैंक-नायक, नाम-सुब्रत सामंत, 113 INF BN (TA) Rajput, निवासी ग्राम/पोस्ट-हरिरामपुर, जिला-पश्चिम मेदिनीपुर, राज्य-पश्चिम बंगाल, पिन कोड नंबर-721211, द्वारा शपथ पत्र नंबर-46AA063342, दिनांक-20.03.2025 फतेहगढ़ कोर्ट।

## सूचना

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SASANKA SEKHAR SAMANTA व जन्मतिथि 02.05.1960 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SHASHANKA SHEKHAR SAMANTA व जन्मतिथि 26.02.1958 है। SHASHANKA SHEKHAR SAMANTA F/o of Army No-10213624M, रैंक-नायक, नाम-सुब्रत सामंत, 113 INF BN (TA) Rajput, निवासी ग्राम/पोस्ट-हरिरामपुर, जिला-पश्चिम मेदिनीपुर, पश्चिम बंगाल, पिन कोड नंबर-721211, द्वारा शपथ पत्र नंबर-46AA063341, दिनांक-20.03.2025 फतेहगढ़ कोर्ट।


# विधायक के साथ डीएम ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के उजरवारा गांव में डीएम शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में चौपाल काआयोजन हुआ।क्षेत्रीय विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।ज्ञात हो ग्रामीण बाबादीन वर्मा ने बताया कि गांव में केवल 6-8 घंटे बिजली आ रही है। मीटर रीडर बिना रीडिंग लिए बिल भेज रहे हैं। विधायक ने एसडीओ शम्भू नाथ को फटकार लगाई। उन्होंने एक सप्ताह में समस्या का समाधान करने का आदेश दिया। साथ ही मीटर रीडर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने को कहा।गांव में तीन महीने से सफाईकर्मी नही आने, सार्वजनिक शौचालय बंद होने,चार हैंडपंप खराब पड़े होने की सिकायत सुनकर डीएम ने सचिव विकास पांडेय को तुरंत व्यवस्था सुधारने का निर्देश दिया।एक अन्य मामले में मृतका रेनू देवी के पति को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति सुरक्षा बीमा योजना का लाभ चार साल से नहीं मिला है।

# यज्ञ से भगवान होते हैं प्रसन्न, होता है विश्व का कल्याण: सतीश चंद्र शर्मा

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



होता है सारे विश्व का कल्याण यज्ञ से जल्दी प्रसन्न होते हैं भगवान यज्ञ से, इस गीत की सुमधुर ध्वनियों के बीच रामसनेहीघाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर गायत्री माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं स्थापना दिवस के तृतीय नव कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ का समापन हो गया।

इस मौके पर प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री ने गुरुसत्ता का पूजन अर्चन किया तथा शक्तिपीठ परिसर में हाई मास्क लाइट लगाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गायत्री शक्तिपीठ के माध्यम से क्षेत्र में सांस्कृतिक पुनरुत्थान की दिशा में बहुत ही अच्छा कार्य किया जा रहा है जिसमें सभी को सहयोग करना चाहिए, उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार देव संस्कृति की स्थापना के लिए प्रतिबद्ध है और अपनी गतिविधियों के माध्यम से वह विलुप्त हो चुकी संस्कृतियों को पुनर्स्थापित करने का कार्य कर रहा है। तीन दिनों तक चले नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ के दौरान गायत्री एवं यज्ञ के बारे में लोगों को विस्तार से बताया गया। गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी शिवाकांत त्रिपाठी ने कहा कि गायत्री ही ब्रह्म शक्ति है ब्रह्म ने जब एक से अनेक होने का संकल्प लिया तो इस विचार शक्ति से इतनी बड़ी सृष्टि की रचना हुई। इस विचार शक्ति का नाम ही गायत्री है जिसके जप से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि यज्ञ ही हमारे जीवन का आधार है सूर्य चंद्र पर्वत नदियां पृथ्वी सभी अनवरत बिना भेदभाव के यज्ञ कर रहे है तथा इसी यज्ञ के बल पर हमरा जीवन चल रहा है। इससे पूर्व श्री त्रिपाठी ने खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री को रोली चंदन एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया तथा प्रसाद के रूप में परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्री राम शर्मा द्वारा रचित सद साहित्य एवं दुपट्टा समर्पित किया। कार्यक्रम के आयोजन में राना वीर सिंह, प्रदीप द्विवेदी, सुरेश त्रिवेदी, रामकिशन, अशोक सराफ, दीपक त्रिपाठी, संतराम,सर्वजीत वर्मा, जयंत सहित प्रज्ञा परिजनों का सराहनीय सहयोग रहा।


## कार्यालय ग्रा0पं0 अमैयापुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रुखाबाद

पत्रांकःमीमो/ग्रा0पं0/ मनरेगा योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक 20/03/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2024-25 अन्तर्गत ग्राम पंचायत अमैयापुर की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 21/03/2025 से दिनांक 27/03/2025 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 27/03/2025 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गैहलार सम्पर्क मार्ग से मंदिर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वांटिटी | 3,67146 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | संजीव के घर से दयाराम के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वांटिटी | 3,89785 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

**ग्राम प्रधान-राम सिंह, ग्रा0पं0 अमैयापुर, राजेपुर सचिव-मुनीश यादव**


# शाकाहार, सदाचार जनजागरण यात्रा राम्भी गांव पहुंची

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



सत्य,दया,प्रेम,करुणा और अहिंसा आदि मानवीय गुणों का संदेश सुनाने का लक्ष्य लेकर मथुरा आश्रम से 17 मार्च को 57 दिवसीय शाकाहार-सदाचार-जनजागरण यात्रा लेकर जयगुरुदेव धर्म विचारक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज जी महाराज कल सायंकाल त्रिवेदीगंज ब्लॉक के ग्राम रांभी पधारे। सत्संगी भाई बहनों ने गाजे-बाजे, रंगोली, पुष्प मालाओं एवं आरती थाल सजाकर यात्रा का भव्य स्वागत किया।

अपने सत्संग संबोधन में संस्थाध्यक्ष ने कहा की जन्म-जन्मांतरो के जब पुण्य उदय होते हैं तब हमको आपको यह मनुष्य शरीर प्राप्त होता है। ÷मिली नर देह यह तुमको बनाओ काज कुछ अपना। पचो मत आय यही जग में जानियो रैन का सपना। अरे नर नारियों! इन आंखों से जो कुछ भी हमें दिखाई देता है वह सब माया की छाया है। हम रात में स्वप्न देखते हैं, वह हमको सच मालूम होता लेकिन जब आंख खुलती है तो हमारा भ्रम टूटता है कि वह तो स्वप्न था। इसी तरह से घर मकान, बेटी,बेटे,नाते,रिश्तेदार यह सब हमारे लिए दस-बीस, सौ, पचास साल का स्वप्न है जब हमारी मौत होती है तो यह सब छूट जाता है तो हमें प्रतीत होता है कि भाई यह तो वास्तव में स्वप्न था। अब कुछ भी साथ नहीं जा रहा। महात्मा समझाते हैं कि मनुष्य शरीर से बढ़कर कोई योनि नहीं है क्योंकि इसी मनुष्य शरीर में परमात्मा से मिलने का एकमात्र दरवाजा है। उस दरवाजे का भेद केवल संत महात्मा ही जानते हैं। जिसे पाने के लिए सबसे पहले जरूरी है कि पहले आप मानवतावादी बने। मानव धर्म और कर्म को अपनावें उन्होंने आगामी 17 मई से 21 मई तक जयगुरुदेव आश्रम मथुरा में होने वाले बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के तेरहवें भंडारा पर्व पर पधारने का निमंत्रण भी दिया। सत्संग समारोह में पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामचंद्र यादव, गौरीशंकर वर्मा, अमित गुप्ता, अवधराम, लल्लू मौर्य, छेदू मौर्य, हरि नारायण 'भोपा' आदि उपस्थित रहे।

## आज तीन बजे तक बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**जैदपुर, बाराबंकी।** आज सुबह नौ बजे से तीन बजे तक बिजली सप्लाई बंद कर पावर परिवर्तन की क्षमता में वृद्धि किया जायेगा उक्त जानकारी एस डी ओ संदीप सिंह ने दी है। जानकारी के अनुसार जैदपुर विद्युत उपकेंद्र के एसडीओ संदीप सिंह ने बताया कि 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र सफदरगंज के अन्तर्गत आने वाले सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है। कि दिनांक 21.03.2025 को प्रातः 09:00 बजे से 03:00 बजे तक सफदरगंज उपकेन्द्र पर स्थापित 5 एमवीए से 10 एमवीए पॉवर परिवर्तक की क्षमता वृद्धि किया जाना प्रस्तावित है, जिससे सफदरगंज उपकेन्द्र से सम्बन्धित समस्त पोषकों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि धैर्य बनाते हुए सहयोग प्रदान करें।

# हर घर नल से जल की रफ्तार हुई धीमी, ठेकेदार हुआ लापरवाह

**जैदपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

जैदपुर में हर घर जल योजना की रफ्तार धीमी पड़ गई है। नगर पंचायत जैदपुर के वार्ड वसी नगर में जल निगम के ठेकेदार की लापरवाही सामने आई है। करीब 6 महीने से चल रहे कार्य में ठेकेदार और कर्मचारी अक्सर गायब रहते हैं। वसीनगर में पाइपलाइन बिछाकर घरों में कनेक्शन तो दे दिया गया, लेकिन टोटियां नहीं लगाई गई। सभासद प्रतिनिधि निजामुद्दीन शाह ने कई बार टोटियां लगाने और जल आपूर्ति शुरू करने की मांग की। लेकिन ठेकेदार की लापरवाही से वार्डवासियों को पानी की समस्या झेलनी पड़ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2025 तक प्रदेश के हर घर में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। जल निगम के ठेकेदारों की लापरवाही से यह लक्ष्य चुनौतीपूर्ण नजर आ रहा है।मोहल्ला चिकना महल में भी यही स्थिति है। वार्ड मौलवी कटरा के अंतर्गत मोहल्ला आजाद में 4 महीने पहले सभी घरों में कनेक्शन दे दिया गया।

लेकिन अभी तक टोटियां नहीं लगी हैं। इससे स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता बाधित हो रही है। इंजीनियर सौरभ वर्मा का कहना है कि रमजान के कारण काम धीमा है। मेन रोड के पास मस्जिद है, जहां से लाइन जोड़नी है। नमाजियों को परेशानी न हो, इसलिए पाइपलाइन नहीं जोड़ी जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि रमजान के बाद तुरंत टोटियां लगवाकर वॉटर सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत ज्योनी विकास खण्ड नवाबगंज, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 20/03/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ज्योनी द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 21/03/2025 से 27/03/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 27/03/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | मेन रोड से कुंवर पाल के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 3.00 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | मेन रोड से राहुल के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 3.00 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | मेन रोड से राजमंगल के खेत तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 4.50 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (बबलू) ग्रा0पं0 ज्योनी, नवाबगंज सचिव (बृजेश कुमार)**

## कार्यालय ग्रा0पं0 जाजपुर गोवा वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/15वां वित्त /राज्य वित्त/मनरेगा आयोग योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 20/03/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जाजपुर गोवा द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 20/03/2025 से 26/03/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 26/03/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | जोगेन्द्र सिंह के घर से रुकमंगल सिंह के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 6.92 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | लालाराम के घर से तुलसीराम के घर तक तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 6.12 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | हुकुम सिंह के घर होते हुए नहार सिंह के घर नाली निर्माण कार्य | 1.92 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (संध्या देवी) ग्रा0पं0 जाजपुर गोवा, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद सचिव (अवधेश कुमार)**

## कार्यालय ग्रा0पं0 उनासी विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रुखाबाद

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/ 15वां वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 20/03/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत उनासी द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 21/03/2025 से 27/03/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 27/03/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | नेत्रपाल के घर से सत्येन्द्र के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 4.65 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | श्री किशन के घर से नौवत के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 3.53 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (राजेश कुमार) ग्रा0पं0 उनासी, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद सचिव (विवेक कुमार)**


# विवाहिता ने ससुरालियों पर लगाया शारीरिक-मानसिक प्रताड़ना का आरोप

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

- दहेज की मांग पूरी न होने पर मिल रही जानमाल की धमकी

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना देने एवं जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी प्रतीक्षा पत्नी आनंद पाल सिंह, पुत्री धर्मेंद्र सिंह निवासी छिरिया सलेमपुर ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी आनंद पाल सिंह पुत्र अरविंद सिंह, निवासी वार्ड नंबर 6, मछन्ड रोड, मिहोना, मध्य प्रदेश से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग उस पर दहेज के रूप में तीन लाख रुपये नकद और एक बाइक लाने का दबाव बना रहे थे। जब उसने यह मांग पूरी करने से इनकार किया तो पति आनंद पाल सिंह, ससुर अरविंद सिंह, देवर संदेश और ननद नवीन ने उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे कई बार धमकी दी कि अगर उसने दहेज की मांग पूरी नहीं की तो उसकी जान ले ली जाएगी।

## किशोरी से अश्लील बातें करने पर आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**जालौन ,उरई।** कोतवाली क्षेत्र में एक किशोरी से फोन पर अश्लील बातें करने, घर में घुसकर जबरन हाथ पकड़ने और जातिसूचक गालियां देने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के पिता के अनुसार, रमजानी मंसूरी काफी समय से उनकी 14 वर्षीय बेटी को फोन पर परेशान कर रहा था। वह लगातार अश्लील बातें करता था और उसे भगाने की धमकी देता था। किशोरी के विरोध करने पर आरोपी ने हाल ही में उसके घर में जबरन घुसकर बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ लिया और घसीटने की कोशिश की। जब किशोरी ने शोर मचाया, तो उसने जातिसूचक गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

# बाइक सवार पांच घायल, दो की हालत गंभीर

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**



अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में बाइक सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें दो लोगों की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खर्रा निवासी अरविंद (35) अपनी मां किशोरी (55) और बेटी निशा (14) के साथ दवा लेने के लिए बाइक से जालौन आ रहे थे। जब वे छानी के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने संतुलन खो दिया और उनकी बाइक को टक्कर मार दी। आमने-सामने की इस भिड़ंत में बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को उठाया और एंबुलेंस बुलाकर उन्हें सीएचसी पहुंचाया। उधर, अनियंत्रित ट्रैक्टर सड़क किनारे खंदक में पलट गया और चालक मौके पाकर वहां से भाग गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी। वहीं बालमभट्ट निवासी ओमप्रकाश व चुरखीबाल निवासी भवानीप्रसाद किसी काम के चलते हीरापुर जा रहे थे। जब वह हरीपुरा के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों ने सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।


## कार्यालय ग्रा0पं0 सिरौली विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रुखाबाद

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/15वां वित्त /राज्य वित्त/मनरेगा आयोग योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 20/03/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिरौली द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 20/03/2025 से 26/03/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 26/03/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | पहाड़पुर में जबर सिंह के घर से मेघनाथ जाटव के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 4.58 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | नगला मनी में सर्वेश के कोटा से राजपाल के मंदिर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 4.70 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (शीतला देवी) ग्रा0पं0 सिरौली, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद सचिव (शैलेन्द्र त्रिपाठी)**

## कार्यालय ग्रा0पं0 सकवाई विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रुखाबाद

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/15वां वित्त /राज्य वित्त/मनरेगा आयोग योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 20/03/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सकवाई द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 20/03/2025 से 26/03/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 26/03/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | हरवेन्द्र के घर से यशपाल के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.93 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (ओमवीर) ग्रा0पं0 सकवाई, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद सचिव (शैलेन्द्र त्रिपाठी)**


# सभी अधिकारी अपने कार्यालयों में जनसुनवाई कर समस्याओं को निपटायें: जिलाधिकारी

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया, शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों से दूरभाष से सम्पर्क कर जिलाधिकारी ने शिकायतों का तुरंत समाधान सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अपने कार्यालय में जनसुनवाई करें और जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जनसुनवाई व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का मौके पर जाकर समाधान करें और उसकी आख्या समय पर प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्रशासन की प्राथमिकता है।

# जोल्हूपुर-मदारीपुर संपर्क मार्ग चौड़ीकरण के लिये 49 करोड़ मंजूर

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जोल्हूपुर से मदारीपुर तक का सफर अब आसान हो जाएगा। शासन ने इस रोड के शेष 21.65 किमी भाग के चौड़ीकरण कार्य को मंजूरी दे दी है। जिसके लिए 49 करोड़ से अधिक का बजट निर्धारित कर लगभग 7 करोड़ रुपये आवंटित भी कर दिये है।

विदित हो कि जोल्हूपुर से मदारीपुर रोड राष्ट्रीय राजमार्ग 27 को बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस से जोड़ता है लेकिन इस रोड का लगभग 21 किलोमीटर भाग काफी संकरा था जिससे वाहनों की रफ्तार पर तो असर पड़ता था और दुर्घटनाओं की भी सम्भावना बनी रहती थी हालांकि गत 5 वर्ष पहले शासन ने इस सड़क के चौडीकरण की कवायद शुरू की थी जिसके लिए 26 करोड रुपये मंजूर भी किए थे जिसके चलते सडक चौड़ीकरण का कार्य महज सिकरी रहमान तक ही पहुंच सका था जिससे आगे का सफर बेहद मुश्किल हो गया था और इस महत्वपूर्ण सड़क पर बरसात के समय यात्रा करना बेहद कठिन था जिसके चलते बड़े बाहन चालक इस रोड से वाहन लेकर जाने के वजाए और ज्यादा दूरी के रोडों से सफर करना बेहतर समझते थे लेकिन अब क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी की पहल रंग लाई है।

## आग से जले युवक की उपचार के दौरान मौत

**कालपी,जालौन।** होली के दिन पेट्रोल डालकर आग लगाने वाले युवक की बुधवार देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। गुरुवार सुबह शव घर आया तो कोहराम मच गया था। विदित हो कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मगरौल निवासी छुन्ना प्रजापति का 30 वर्षीय पुत्र सोनू लग्जरी बस का चालक था लेकिन बिगत कुछ दिनों से उसकी पत्नी किसी बात को लेकर हुए झगडे के बाद मायके चली गई थी जिससे वह अवसाद में रहता था और इसी बात से कुपित होकर गत 13 मार्च को ऐन होली के दिन घर मे ही उसने पेट्रोल झिडककर आग लगा ली थी जिससे घर के सामान के खाक होने के बाद वह भी झुलस गया था जिसे परिजनो ने सी एचसी मे दाखिल कराया था।


## कार्यालय ग्रा0पं0 तेरा विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रुखाबाद

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/15वां वित्त /राज्य वित्त/मनरेगा आयोग योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 20/03/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत तेरा द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 20/03/2025 से 26/03/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 26/03/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | विशाल के घर से मुकेश के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 4.71 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | मेन रोड से जगदीश बाथम के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 3.58 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (हाकिम सिंह) ग्रा0पं0 तेरा, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद सचिव (शैलेन्द्र त्रिपाठी)**

## कार्यालय ग्रा0पं0 कुरैली विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रुखाबाद

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/15वां वित्त /राज्य वित्त/मनरेगा आयोग योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 20/03/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कुरैली द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 20/03/2025 से 26/03/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 26/03/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | देवेश के घर से रामश्री के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 2.58 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (रजनी) ग्रा0पं0 कुरैली, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद सचिव (शैलेन्द्र त्रिपाठी)**

# नशे में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

नशेड़ी युवक ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने नमूना लिये तथा पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतक का फाइल फोटो

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र की चौकी ताजपुर क्षेत्र के नगला नीम निवासी स्व वीरेंद्र सिंह के 30 वर्षीय पुत्र सतेन्द्र ने बीती रात नशे की हालत में घर के कमरे में फांसी लगा ली। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। सतेन्द्र थाना नवाबगंज के गांव दौलतपुर अपनी ससुराल में पत्नी व बच्चों के साथ रहता था। बीती 17 मार्च को सतेन्द्र अपने गांव नगला नीम आया था। बीती रात लगभग 8 बजे नशे में अपने कमरे में गया और फांसी लगा ली। जब माता कुसमा देवी ने बार-बार दरवाजा खटखटाया, तो दरवाजा न खुलने पर कुसमा देवी ने अपने छोटे बेटे को बुलाया। उसने दीवाल के छेंद से झांककर देखा, तो सतेन्द्र रस्सी के सहारे छत के कुंडे के सहारे फांसी पर लटका दिखाई दिया। आनन-फानन में गेट तोड़कर अंदर जाकर सतेन्द्र को उतारा और ताजपुर प्राइवेट अस्पताल में दिखाया। जहां डाक्टर ने सतेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। मृतक के छोटे भाई नीलू ने चौकी इंचार्ज अमित कुमार गुप्ता को सूचना दी। मौके पर कोतवाल विनोद कुमार शुक्ला फोर्स के साथ पहुंचे तथा फारेंसिंक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर नमूने लिए। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था तथा मजदूरी करके बच्चों का पालन पोषण करता था। उसके एक तीन वर्षीय पुत्री छवि है। दरोगा अमित कुमार गुप्ता ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। माता कुसमा देवी व पत्नी अर्चना का रो-रोकर बुरा हाल था।




गुमशुम बैठे मृतक के परिजन

# बैंक में पैसा जमा करने गयी महिला के घर से जेवरात व सामान चोरी



चोरी के बाद बिखरा सामान

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

बैंक में पैसा जमा करने गयी महिला के घर से चोरों ने सोने चांदी के आभूषण व सामान पार कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिलांका निवासी आंकाक्षा पत्नी संजीव ने बताया की वह बुधवार को लोन का पैसा जमा करने वन्दन बैंक गई थी। घर खाली पड़ा था। उसी दौरान किसी अज्ञात चोरों ने उसके घर में घुसकर सोने चाँदी के आभूषण सहित अन्य सामान चुरा लिया। आंकाक्षा जब बैंक से वापस अपने घर पर आई, तो उसे जानकारी हुई। उसने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस जाँच पड़ताल कर वापस लौट गई। आकांक्षा ने चोरी की घटना में मुहल्लेवासियों पर आंशका जताई है।

# लू के प्रकोप से बचाव एवं राहत के संबंध में कार्ययोजना की बैठक सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में लू प्रकोप से बचाव एवं राहत के लिये तैयारी/कार्ययोजना बनाये जाने एवं प्रभावी क्रियान्वयन के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन सायंः 04:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिसमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सभी सीएचसी, पीएचसी व पीएचसी/एचडब्लूसी में पेरासीटामॉल टेबलेट, ओआरएस फ्लूड तथा आरएल



बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद अधिकारी व कर्मचारी

एनएसडीएनएस आइसोलाईट पी के पर्याप्त स्टॉक की व्यवस्था की जाये। कोल्ड रूम भी बनाये जायें। पशु चिकित्सा विभाग को पशुओं को सुरक्षित रखने हेतु टीकाकरण किया जाय। साथ ही पशु चिकित्सा केन्द्रों पर आवश्यक दवाओं की व्यवस्था के साथ मवेशियों के लिए पीने के पानी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। श्रम रोजगार विभाग को मजदूरों के लिए कार्य के समय में परिवर्तन व कार्य स्थल पर पेयजल और छाया की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना, नगर विकास एवं पंचायती राज विभाग को नगरीय/ग्रामिण क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थलों, मंदिरों, मस्जिदों, सब्जी मंडी, प्रमुख चौराहों, तिराहों आदि के आसपास साफ -सफाई पेयजल, प्याऊ (गिलास सहित) एवं बैठने की समुचित व्यवस्था लू-प्रकोप (हीट वेव) से बचाव एवं राहत हेतु क्या करें या क्या न करें का व्यापक प्रचार-प्रसार अपने विभागीय स्तर से कराना सुनिश्चित किया जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, उपजिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी कायमगंज, उपजिलाधिकारी अमृतपुर, मुख्या चिकित्सा अधिकारी, जिला आपदा विशेषज्ञ व सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंग ने युवक को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव कनासी निवासी उमेश चन्द्र का पड़ोसी युवक आये दिन नशे की हालत में घर के सामने आकर गाली-गलौज करता है। विरोध करने पर मारपीट करने पर उतारू हो जाता है। उमेश चन्द्र बुधवार शाम चबूतरे पर बैठा था। उसी समय युवक उमेश चन्द्र को गाली-गलौज करने लगा। गाली-गलौज का विरोध करने युवक ने उमेश चन्द्र के साथ मारपीट कर दी। थाना पुलिस को उमेश चन्द्र ने नामजद युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

## खबरें एक नजर में

### किशोरी को ब्लेकमेल करने पर युवती समेत दो पर मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी चौदह वर्षीय किशोरी नगर के एक इंटर कालेज में कक्षा नौ की छात्रा है। गांव की ही एक युवती ने किशोरी पर एक अज्ञात युवक से बात करने का दबाव बनाया। किशोरी अज्ञात युवक से बात करने लगी। जिस पर युवक किशोरी को ब्लैकमेल कर उससे 50 हजार रुपयों की मांग करने लगा। जब किशोरी ने रुपये देने से मना किया, तो युवक किशोरी को उसके फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर जान से मारने की धमकी देने लगा। किशोरी ने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी। थाना पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर युवती सहित एक अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

### घरेलू कलह में युवक ने पिया कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गॉव रहमानपुर निवासी सुखवीर उम्र 26 वर्षीय पुत्र हाकिम ने घरेलू कलह के चलते जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

### बंदरों के हमले में बालक घायल



सीएचसी में भर्ती बालक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव रुदैन निवासी फरान उम्र 2 वर्षीय पुत्र चाँद मियाँ छत पर खेल रहा था, तभी अचानक बन्दरों ने उस पर हमला कर दिया। जिससे डर के मारे फरान छत से नीचे उतरने के लिए जीने पर भागा। उसी दौरान वह अनियंत्रित होकर छत के जीने से नीचे आकर गिर गया। आनन-फानन में परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहॉ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डाक्टर जितेन्द्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### नगर पंचायत अध्यक्ष के पति की मौत पर व्यक्त की शोक संवेदना

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कुछ दिन पूर्व कमालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष के पति की हृदयगति रुकने से मौत हो गयी थी। गुरुवार को भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष प्रांशुदत्त द्विवेदी ने उनके घर पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और परिवार को ढांढस बंधाया। इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। इस दौरान अरविन्द गुप्ता उर्फविन्दी, दीपक वर्मा, अनिल गुप्ता, अंकुर चौरसिया, काका गुप्ता, मनोज हलवाई, उज्जवल, सौरभ चौरसिया आदि भाजपा नेता मौजूद रहे।

# सैन्य अधिकारियों व जवानों ने कमांडेंट ब्रिगेडियर एवं आवा प्रेसीडेंट को दिया विदाई भोज

**▸ जवानों ने चुटकुले सुनाकर व नाटक का मंचन कर सभी का किया भरपूर मनोरंजन**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

राजपूत रेजीमेंटल सेंटर के ऑफिसर, जेसीओज जवानों व अन्य रैंक की तरफ से कमांडेंट ब्रिगेडियर एच.एस. संधू एवं आवा प्रेसीडेंट गुरुप्रीत कौर को विदाई भोज दिया गया। जिसे सैन्य शब्दावली में बड़ा खाना कहा जाता है। सेंटर सूबेदार मेजर कप्तान सिंह के निर्देशन में करियप्पा ट्रेनिंग ग्राउंड पर विदाई सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में सेंटर के पीटी उस्ताद के निर्देश पर जवानों ने शानदार ड्रिल का प्रदर्शन किया। जवानों ने गीत गाये, कुछ ने चुटकुले सुनाये तथा मौज में छुट्टी मांगने के तरीकों पर एक शानदार नाटक का भी मंचन कियागया। मिलेट्री बैंड ने शानदार तरीके से संधू दम्पत्ति का करियप्पा ग्राउंड पहुंचने पर स्वागत किया।

समारोह के बीच में ही पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल बी.के. सिंह ने फोन पर कमाडांट को नयी नियुक्ति की शुभकामनायें दीं और यहां किए गए कार्यो की सराहना की। आगे भी इसी प्रकार कार्य करने की प्रेरणा दी। अपने संबोधन में संधू ने नये नामित कमांडेंट ब्रिगेडियर माइकल डिसूजा के बारे में बताया कि पूर्व में भी यहां डिप्टी कमांडेंट रहे हैं। आप 19 राजपूत के अफसर हैं और अभी असम राइफल को कमांड करके सेंटर आये हैं। आप सभी उनको सहयोग करना। जिससे वे आपके लिए लाभप्रद काम कर सकें। आवा प्रेसीडेंट गुरुप्रीत कौर ने बच्चों को ईनाम दिये। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में डिप्टी कमांडेंट रोहित पंत, एडम बटालियन कमांडर ले0 कर्नल अरुण मौर्या, ले0 कर्नल ए.पी. चौहान, एडजूटेंट स्टेशन हेड क्वार्टर के कर्नल कटारिया, विजय चौहान के अलावा सेंटर के सारे जेसीओज व जवान सपरिवार उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते कमांडेंट ब्रिगेडियर एच.एस. संधू



कार्यक्रम के दौरान मौजूद संधू दम्पत्ति

# ले-आउट्स के विपरीत प्लाटिंग करने वाले प्रापर्टी डीलरों पर कार्यवाही शुरु

**▸ कई प्लाटिंगों को जेसीबी से किया गया ध्वस्त, प्रापर्टी डीलरों में हड़कंप**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी के आदेश पर जनपद में अवैध रुप से की जा रही प्लाटिंग पर कार्यवाही शुरु हो गयी है। आज कई स्थानों पर जेसीबी ने प्लाटिंग की बाउंड्रियों को ध्वस्त कर दिया। जिससे भू-माफियाओं में हड़कंप मच गया। वहीं ऐसे भू-माफियाओं को नोटिस भी जारी किये गये हैं।

जानकारी के अनुसार जनपद में करीब 130 स्थानों पर अवैध रुप से प्लाटिंग की जा रही है। जिसको नगर मजिस्ट्रेट संजय सिंह ने अवैध घोषित किया है। ऐसे भू-माफियाओं को नगर मजिस्ट्रेट ने नोटिस भी जारी किया है।




प्लाटिंगों को ध्वस्त करती जेसीबी

बताते चलें कि उमेश अग्रवाल ने ठंडी सड़क पर जेवीआर ग्रीन कालोनी के नाम से प्लॉटिंग करने के ले आउट्स नगर मजिस्ट्रेट के यहां से पास कराया था। ले आउट्स पास कराते समय उमेश अग्रवाल ने कालोनी में पार्क और 12 मीटर की सड़क बनाकर प्लाटिंग करने की एफिडेविट में शर्त दिखायी थी। इसके बावजूद उमेश अग्रवाल ने सड़क और पार्क की जमीन की भी प्लाटिंग कर दी। ले आउट की शर्त का उल्लंघन होने पर नगर मजिस्ट्रेट ने उमेश अग्रवाल के 5 प्लॉट बंधक किया थे। ले आउट्स की शर्त का उल्लंघन होने पर बंधक प्लॉट को नीलाम कर कालोनी में विकास किया जा सके। इसके बावजूद प्रॉपर्टी डीलर उमेश अग्रवाल ने बंधक बनाए गए प्लॉट की बिक्री कर दी। जिस पर जिलाधिकारी ने जॉच के आदेश दिये थे।

नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार ने बताया नगर क्षेत्र में 10 कालोनियों की प्लाटिंग ले आउट्स पास कराकर की गई है। ले आउट्स स्वीकृति के नियमों और शर्तों का उल्लंघन करने की शिकायत मिलने पर जांच शुरू कर दी गयी है। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि कालोनी की नाप कराई जा रही हैं जो ले आउट्स पास कराया गया था उसी आधार पर प्लाटिंग की गई हैं या नहीं। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया उमेश अग्रवाल की शिकायत मिलने पर आज कार्यवाही शुरु कर दी गयी है। ऐसी प्लाटिंग को ध्वस्त किया जायेगा।

# तम्बाकू का सेवन न करने की चिकित्सा प्रभारी ने दिलायी शपथ

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। इसको लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें लोगों को तम्बाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों के बारे मे चिकित्सा प्रभारी शोभित शाक्य ने बताया। इस दौरान सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को तम्बाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाई। अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य कर्मी एवं नगरवासियों व ग्रामीणों ने तम्बाकू का सेवन नहीं करने तथा दूसरों को सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करने तथा इसके दुष्परिणामों से लोगों को अवगत कराने की बात कही। चिकित्सा प्रभारी शोभित शाक्य ने कहा कि आज देश में बीमारियों से होने वाली मौत से बड़ी संख्या तम्बाकू के सेवन करने वालों की है। इसलिए इस बुरी लत को अभी से छोड़ें। साथ में अन्य लोगों को इसके बारे में बताएं। घर परिवार और दोस्तों के साथ- साथ अन्य लोगों को भी तम्बाकू के सेवन के प्रति आगाह करें। उन्हें बताए कि तम्बाकू का सेवन करना कितना नुकसानदायक होता है।



लोगों को शपथ दिलाते चिकित्सा प्रभारी

# भाई-बहन को पीटा, चार लोगों पर मुकदमा दर्ज, बहन की चेन लापता

**▸ पीड़ित के गांव पंहुच ने पर सभी आरोपितों से किसी बात को लेकर हुआ था विवाद**

संकिसा, समृद्धि न्यूज।

मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव उनासी निवासी विपिन कुमार पुत्र हरपाल सिंह ने गांव के ही अरविंद, अजीत पुत्रगण मदनलाल व चन्द्रपाल पुत्र रामचरन तथा सुनील पुत्र श्रीपाल के विरुद्ध मारपीट व गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 15 मार्च समय 9:30 बजे नवाबगंज थाना क्षेत्र गांव कड़िउली निवासी अंकित पुत्र बलवीर अपनी पिकअप से दूध लेने आ रहा था। गांव में पंहुचते ही अंकित का उक्त सभी आरोपितों से किसी बात को लेकर विवाद होने लगा। जब मुझे इस बात का पता चला, तो मैं अपनी बहन प्रियंका के साथ मौके पर पहुंचा और इन लोगों को समझाने का प्रयास किया, तो उक्त सभी आरोपित मेरे व मेरी बहन प्रियंका के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान मेरी बहन की सोने की चेन टूटकर वहीं गिर गई। गांव के लोगों के आ जाने पर उक्त सभी आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। मेरापुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# लूट में वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कमालगंज व थाना राजेपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र राजेपुर में दिनांक 01 फरवरी को लूट की घटना के संबंध में पीड़ित लकी खान पुत्र इकबाल खान निवासी ग्राम कुतलूपुर थाना राजेपुर के लिखित प्रार्थना पत्र के आधार पर मु0अ0स0-11/25 धारा-309(4) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसमें विवेचना के दौरान धारा-310(2)/109/317(3) बी.एन.एस. 2023 व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी थी। मुकदमा उपरोक्त से वांछित अभियुक्त 1-अकरम फारूखी उर्फ चुनमुन पुत्र गुलाम मोहम्मद निवासी हाथीखाना थाना कोतवाली फतेहगढ़ की तलाश में दिनांक 19/20.03.25 को थाना कमालगंज पुलिस व थाना राजेपुर पुलिस के द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की जामा तलाशी से एक तमंचा 315 बोर मय दो अदद कारतूस जिंदा 315 बोर बरामद हुआ। अभियुक्त की मोटर साइकिल का चालान अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में किया गया।



पुलिस हिरासत में आरोपी

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुनीं समस्यायें, किया निरीक्षण

**लोहिया महिला चिकित्सालय में रजिस्टर मिले अपूर्ण, जतायी नाराजगी**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी ने जनपद में महिला जनसुनवाई की एवं निरीक्षण किया गया।

सदस्य ने बुढ़नामऊ में प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनवाडी केंद्र का निरीक्षण किया। जहां सब कुछ ठीक पाया गया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने को कहा और साफ -सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने डॉ0 राम मनोहर लोहिया संयुक्त चिकित्सालय महिला का निरीक्षण किया। जहां अभिलेख अपूर्ण पाए गए और प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना का रजिस्टर भी अपूर्ण पाया गया। उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और तत्काल रजिस्टर पूर्ण करने के साथ ही अगली जनसुनवाई में पूर्ण अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रसूताओं से भी मुलाकात की और हाल चाल लिया। इसके साथ ही डॉक्टरों द्वारा बाहर से दवाई लिखने की भी जांच की। उन्होंने विकास भवन सभागार में जन सुनवाई की। जिसमें कुल 13 पीड़िताओं ने अपनी समस्याएं बताई। जिन पर आयोग की सदस्या ने तत्काल संबंधित थाना एवं महिला थाना प्रभारी से बात कर समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। सदस्या ने जिला कारागार का भी निरीक्षण किया और महिला बंदियों से मुलाकात की। इस अवसर पर तहसीलदार सदर श्रद्धा पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चंद्र, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना, संरक्षण अधिकारी, वह स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन, दत्तक ग्रहण इकाई, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं प्रोबेशन कार्यालय के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।



छात्रा से किताब पढ़वाती राज्य महिला आयोग की सदस्य

# डग्गामार बस व 3 वाहन बिना फिटनेस संचालन में सीज, एम्बुलेन्स का भी किया गया चालान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने एआरएम रोडवेज राजेश सिंह के साथ चेकिंग अभियान चलाते हुये स्लीपर बसों को चेक किया तथा एक स्लीपर बस को कमियां पाये जाने पर रोडवेज बस अड्डे पर सीज किया गया। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने बस को सीज करते हुये 60 हजार जुर्माना लगाया।

एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने बिना टैक्स जमा किये संचालित 03 माल वाहनों को एआरटीओ कार्यालय में सीज कर दिया गया। इसके अतिरिक्त 02 माल वाहनों को बिना फिटनेस वाहन चलाने के अभियोग में सीज कर दिया गया। एक ओवरलोड माल वाहन को एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने सीज करते हुये 27 हजार का जुर्माना लगाया गया। एक एम्बुलेन्स को भी प्रपत्रों में कमी पाने पर चालान किया गया। सभी वाहनों पर 1.61 लाख जुर्माना आरोपित किया गया है।



सीज डग्गामार बस के साथ अधिकारी

# अधिवक्ता वर्ग जनता को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ता है : तहसीलदार

**तहसील सदर बार एसो. का होली मिलन समारोह सम्पन्न**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

तहसील सदर बार एसोशिएशन द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अधिवक्ताओं ने गले मिलकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। गुरुवार को तहसील सदर बार एसोशिएशन अध्यक्ष अतर सिंह कटियार के चेंबर में आयोजित होली मिलन समारोह में तहसीलदार सदर श्रद्धा पाण्डेय ने कहा कि अधिवक्ताओं का यह वर्ग जनता के लिए न्याय की लड़ाई को लड़ता है। अध्यक्ष अतर सिंह कटियार ने कहा कि हम सभी किसी न किसी पर्व के माध्यम से एक दूसरे के दुख-दुख में शामिल होते हैं। सचिव अतुल मिश्रा ने कहा कि अधिवक्ता समाज संघर्षशील होता है, हम अपने साथियों की समस्याओं समाधान के लिए हमेशा तैयार है। होली मिलन समारोह में कचहरी में जिला प्रशासन का अधिवक्ताओं के प्रति दुर्व्यवहार पूर्ण रवैए के खिलाफ आक्रोश जताया गया। इस मौके पर विकास सक्सेना, संजय कटियार, प्रवीण सक्सेना, विनीत कटियार, देवेंद्र यादव, देव प्रकाश अवस्थी, राजेश यादव, अनुराग तिवारी, जितेंद्र सक्सेना, उमाशंकर कटियार, फिरोज अली खान, प्रदुम्न गुप्ता, राकेश सक्सेना, सतेंद्र शाक्य, ओम प्रकाश दुबे, विपिन यादव, विनोद सक्सेना, नीतीश गुप्ता, हेमराज राजपूत, अजय प्रताप सिंह, रविनेश चन्द्र यादव, कुलदीप त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।



होली मिलन समारोह में मौजूद अधिवक्तागण

# सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण के लिए जोधपुर बस रवाना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सबमिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन टेक्नोलॉजी आत्म योजनान्तर्गत कृषि विभाग द्वारा 35 कृषकों को किसान कौशल विकास केन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर राजस्थान के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा, भाजपा नेता वीरेंद्र सिंह राठौर ने बस संख्या यूपी 76एटी/1544 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा ने किसानों से कहा कि आप लोग वहां से कृषि तकनीकी सीखकर अपने यहां अन्य लोगों को बतायें। कृषकों को प्रशिक्षण भ्रमण पर ले जाने के लिए कृषि तकनीकी सहायक अनूप तिवारी को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी कृषि कमालगंज संजीव राजपूत, भाजपा कमालगंज मंडल अध्यक्ष राजेश राजपूत, बबलू राजपूत, प्रताप सिंह शाक्य, कृपाल सिंह, किसान नेता अरविन्द राजपूत, नरेश सिंह, सर्वेश बाबू, ओमप्रकाश राजपूत, राकेश सिंह, शिवराम सिंह, जवाहरलाल आदि लोग मौजूद रहे।



झण्डी दिखाकर बस को रवाना करते भाजपा जिलाध्यक्ष

# वाणिज्य कर विभाग की वूसली लक्ष्य से कम होने पर डीएम ने जतायी नाराजगी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

समीक्षा में वाणिज्य कर विभाग की बसूली लक्ष्य से अत्यंत कम पाई गई। जिस पर डीएम ने नाराजगी जताई एवं संबंधित अधिकारियों को बसूली व प्रवर्तन की कार्यवाही बढ़ाने के निर्देश दिये। स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग की राजस्व प्राप्ति कम पाई गई। आबकारी विभाग की वसूली ठीक पाई गई। परिवहन विभाग की वसूली अच्छी पाई गई। खनन विभाग की राजस्व प्राप्ति कम पाई गई। मंडी कायमगंज की बसूली कम पाई गई। मंडी कायमगंज को प्रवर्तन कार्य बढाने के लिये निर्देशित किया। वन विभाग की बसूली कम पाई गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, उपजिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी कायमगंज, उपजिलाधिकारी अमृतपुर व सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



बैठक लेते डीएम

# एएसपी की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की बैठक सम्पन्न

**आगामी 24 व 25 मार्च को गोला जाने वाले कांवड़ यात्रा को लेकर हुई चर्चा**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

पुलिस लाइन सभागार फतेहगढ़ में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में पांचालघाट पर लगने वाले ट्रैफिक पर बात की गई। जिला भारतीय उद्योग व्यापार मंडल फर्रुखाबाद युवा के जिलाध्यक्ष संदेश अग्रवाल व जिला महामंत्री प्रबल महेश्वरी ने आगामी 24 व 25 मार्च को गोला कांवड़ लेकर जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा पूर्वक निकासी के लिए बात रखी। इस दौरान उन्होंने प्रशासन से कावड़ यात्रा निकालने वाले सभी भाईयों का उचित ध्यान रखें और होने वाले ट्रैफिक का संतुलन बनाए रखने की अपील की। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि पुलिस प्रशासन सदैव व्यापारियों के साथ खड़ा है और यातायात अधिकारी दिन-रात अपने कार्य में लगे रहते हैं, कांवड़ वाले दिन पूरी कोशिश की जाएगी की ट्रैफिक जाम न होने पाए। आप सब लोग भी भीड़ को संतुलित बनाए रखें एक दूसरे के साथ मिलकर चले, धक्का मुक्की ना करें, तभी ट्रैफिक के नियमों का पालन किया जा सकता है। इस मौके पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के मंडल संगठन मंत्री मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता, जिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, जिला मंत्री जितेंद्र अग्रवाल, नगर अध्यक्ष रविकांत गुप्ता, फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष संदीप सक्सेना आदि मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद व्यापारी

# महारानी अवंतीबाई लोधी के 167वें बलिदान दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी के 167वें बलिदान दिवस के अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धांजलि एवं स्मृति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रेलवे रोड स्थित एक होटल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सपा की पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि महारानी अवंतीबाई का जीवन हमें नारी शक्ति, वीरता और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि महारानी अवंतीबाई लोधी ने विपरीत परिस्थितियों में भी अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध संघर्ष किया और अपने प्राणों की आहुति दी। उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर हमें समाज में समानता, नारी सशक्तिकरण और राष्ट्रसेवा के प्रति जागरूकता लानी चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व सभासद श्याम सुंदर लल्ला, जौली राजपूत, कमलेश राजपूत, दुर्वेश राजपूत, तोताराम, लज्जाराम वर्मा, रामविलास राजपूत, किशनपाल सिंह आदि उपस्थित रहे। वहीं बेवर रोड स्थित रामलड़ैते वर्मा के प्रतिष्ठान पर भी बड़ी संख्या में लोगों ने वीरांगना महारानी अवंतीबाई को श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने बताया कि महारानी अवंतीबाई लोधी 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की पहली महिला बलिदानी थीं, जिन्होंने अपने पति की मृत्यु के उपरांत अपने दो नाबालिग पुत्रों को मायके भेजकर अंग्रेजों से युद्ध किया और वीरगति को प्राप्त हुई। इस अवसर पर परशुराम वर्मा, महेश चंद्र वर्मा, रामलड़ैते वर्मा, बरजोर सिंह, वीरपाल सिंह, नवीन राजपूत, धर्मेंद्र राजपूत, अमर सिंह वर्मा, घनश्याम सिंह, संतोष वर्मा आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता डॉ0 पन्नालाल ने की।



पुष्प अर्पित करती उर्मिला राजपूत व अन्य

# कार्यकर्ता पूरी कर्मठता और तत्परता से जुटेः फतेहचन्द्र राजपूत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष फतेहचंद राजपूत ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

जिलाध्यक्ष फतेहचंद राजपूत ने कहा पार्टी को हर स्तर पर मजबूत करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी कर्मठता और तत्परता के साथ जुट जाएं, ताकि आगामी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूर्ण किया जाए। कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। इस अवसर पर संकिसा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल राजपूत, अभिषेक बाथम, शेर सिंह शाक्य, विक्रांत तिवारी, दिनेश शर्मा, यश मिश्रा, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे। प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र वर्मा के नेतृत्व में कमेटी के सभी पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष फतेहचंद राजपूत का माला एवं शॉल पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में प्रेम पाल सिंह, शिवओम द्विवेदी, करनवेंद्र सिंह, महेश चंद्र राजपूत, राकेश राजपूत, प्रमोद गंगवार, जितेंद्र सिंह राठौड़, आशीष कुमार, दिग्विजय सिंह यादव, रामलड़ैते वर्मा, सौरभ सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

**प्रधानाचार्य परिषद ने फूल मालाओं से किया स्वागत**



जिलाध्यक्ष का स्वागत करते प्रधानाचार्य परिषद के पदाधिकारी

# डीएम की अध्यक्षता में कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की बैठक आयोजित

**योजना में मृतक किसान को सरकार द्वारा दिया जाता है मुआवजा**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की बैठक का आयोजन किया गया।

कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में मृतक किसान को मुआवजा सरकार द्वारा दिया जाता है। बैठक में प्रस्तुत किये गये दावों में से शासनादेश के अनुसार उपयुक्त पाये गये 08 दावे स्वीकृत किये गये। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक समस्त उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में बीटेक छात्र की मौत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र मोहल्ला सधवाडा नई बस्ती रोड निवासी आकाश उम्र 17 वर्षीय पुत्र शैलेश कुमार की अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे। जहॉं डियूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 जितेंद्र कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं चर्चा के अनुसार आकाश बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। आज दोपहर वह जाने वाला था, लेकिन तभी यह घटना घट गयी।

# शहरी स्वास्थ्य समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

**स्वास्थ्य सेवाओं को गुणवत्तापूर्ण बनाने पर हुई चर्चा**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

नगरीय क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने को लेकर गुरुवार को एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में शहरी स्वास्थ्य समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) के सहयोग से आयोजित बैठक की अध्यक्षता अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सर्वेश यादव ने की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के साथ ही शिक्षा, आईसीडीएस, डूडा, नगर पालिका विभाग के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। एसीएमओ डॉ0 सर्वेश यादव ने कहा कि शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर व गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए जरूरी है कि सभी विभाग मिलकर एक साथ कार्ययोजना तैयार करें और उस पर अमल करें। सभी बिन्दुओं को लेकर चर्चा की गई। माइक्रोपालन तैयार कर सभी विभागों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया। डूडा ने सभी महिला समूहो की सूची प्रदान कर दी है, ताकि यूएचएनडी के दौरान बस्तियों में सत्र आयोजित करने मे एएनएम को स्थान मिल सके। नगर निगम की ओर सें बैठक में भाग ले रहे नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा शहर की बस्तियों में सफाई और छिड़काव के लिए सभी नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो प्रभारियो को आश्वस्त कराया है कि वह इस पर निगरानी रखेगे और संपर्क नम्बर भी दिया, ताकि ऐसी स्थिति में उन्हे फोन किया जा सके।

मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य, मातृ वंदना योजना, आयुष्मान कार्ड, परिवार कल्याण कार्यक्रम एवं टीकाकरण जैसी सेवाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में सीएमएस जिला महिला अस्पताल डॉ. आरसी माथुर, डीपीएम कचनबाला, रणविजय सिंह, विनोद कुमार, चन्दन यादव, अतुल कुमार, एआरओ सभी यूपीएचसी डॉ. और स्टाफ तथा पीएसआई इंडिया से नौशाद अली ,अनुज कुमार उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद लोग

# रमजान का तीसरा अशरा एतफाक के लिए मखसूस है

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** रमजान का तीसरा अशरा एतफाक के लिए मखसूस है। हदीशे पाक है कि एक शख्स भी एतफाक में बैठ जाये तो पूरी बस्ती का हक अदा हो जाता है।

**हाफिज नाजिम कादरी** का कहना है कि अल्लाह उस बस्ती पर आने वाले अजाबों को हटा लेते हैं। रमजान में नवी करीम की पाबंदी के साथ एतफाक किया। एतफाक में बैठे वालों को दो हज और एक उमरे का शबाब मिलता है। मुकद्दस रमजान महीने का तीसरा असरा जहान्नुम से निजात का है। रोजदार के लिए फरीश्ते दिन रात मगफिरत की दुआ करते है। रोजदार इस माह में अपने रब पर भरोसा करके भूख को, प्यास को बर्दाश्त करते है और अपने रब को राजी करने की कोशिश करते है। अल्लाहताला की इबादत करते है और इसी हालत में वह गुनाहों से ऐसे पाक हो जाता है, जैसे अभी मां के पेट से किसी बच्चे ने जन्म लिया हो।



हाफिज नाजिम कादरी



अब्दुल मतलूब



असलम

**अब्दुल मतलूब** ने बताया कि वैसे तो रमजान का पूरा महीने रहमतों का है, लेकिन सबसे अहम तीसरा असरा है। इसी असरे की सब्र-ए-कद्र की रात रखी गयी है। जिसकी इबादत हजार रातों से अफजल मांगी गयी है, इसलिए रोजेदार इस असरे की रातों को जागकर खुदा की इबादत करते हैं। रोजा को जानबूझकर छोड़ देने वाला व्यक्ति बड़ा गुनाहगार और अजीब सजा का हकदार है।

**असलम** ने बताया कि गरीबों को ईद की तैयारी में मदद के लिए रमजान के तीसरे असरे में ही फितरा और जकात भी निकाला जाता है। हदीस पाक के मुताबिक हजरत आयशा सिद्दीकी ने रसूले खुदा से पूछा कि अगर में सब्र-ए-कद्र को पाऊं तो क्या दुआ करुं। इस पर जबाव दिया कि अल्लाह को उसकी माफी करने की सिफात का हवाला देकर ख्वाबों की माफी की दुआ मांगनी चाहिए। सब्र-ए-कद्र तलाश करने के बहुत ही हदीश है। जिसमें सदका करने को कहा गया है। हर इबादत नवाज, हक जकात, जजा, शिला या बदला में वह अपने बंदों को देता है।

केंद्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा व अंतरिक्ष विभाग के राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में कहा

# अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी भागीदारी को प्रोत्साहन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। गैर-सरकारी संस्थाओं (एनजीई) को पूर्ण अंतरिक्ष गतिविधियों में शामिल होने की अनुमति देने के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र को उदार बनाया गया है।

यह जानकारी केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा एवं अंतरिक्ष विभाग के राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में दी।



डॉ. सिंह ने बताया कि एनजीई गतिविधियों को बढ़ावा देने, सक्षम बनाने, अधिकृत करने और पर्यवेक्षण करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (आईएन-स्पेस) की स्थापना की गई है। नियामक स्पष्टता सुनिश्चित करने और एक संपन्न अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए भारतीय अंतरिक्ष नीति - 2023, मानदंड, दिशानिर्देश और प्रक्रिया (एनजीपी) और एफडीआई नीति की स्थापना की गई। अंतरिक्ष में स्टार्टअप्स और एनजीई को समर्थन देने के लिए प्रौद्योगिकी अपनाने निधि (टीएएफ), सीड फंड, मूल्य निर्धारण समर्थन, मेंटरशिप और तकनीकी प्रयोगशाला जैसी विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं, एनजीई के साथ 78 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं और 31 दिसंबर 2024 तक 72 प्राधिकरण जारी किए गए हैं। आईएन-स्पेस पीपीपी के माध्यम से पृथ्वी अवलोकन (ईओ) प्रणाली स्थापित करने की दिशा में काम कर रहा है। भारतीय कंपनियों को लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) का प्रौद्योगिकी हस्तांतरण प्रगति पर है। भारतीय संस्थाओं के लिए कक्षीय संसाधनों तक पहुंचने के अवसर पैदा किए जा रहे हैं। स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने आगामी वित्तीय वर्ष में 1000 करोड़ रुपये का वेंचर कैपिटल फंड स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। कुल मिलाकर लगभग 330 उद्योग/स्टार्टअप/एमएसएमई अपनी गतिविधियों को सक्षम करने के लिए आईएन-स्पेस से जुड़े हैं। अंतरिक्ष गतिविधियों के लिए प्राधिकरण, डेटा प्रसार, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, प्रचार गतिविधि, आईएन-स्पेस तकनीकी केंद्र और इसरो परीक्षण सुविधाओं तक पहुंच आदि को उदार बनाया गया है।

### वर्ष 2047 तक 100 गीगावॉट परमाणु ऊर्जा की तैनाती की परिकल्पना

**नई दिल्ली।** बजट-2025 में घोषित परमाणु ऊर्जा मिशन में 2047 तक 100 गीगावॉट परमाणु ऊर्जा की तैनाती की परिकल्पना की गई है, जो 2070 तक नेटजीरो के लिए आवश्यक है। मिशन का उद्देश्य जीवाश्म ईंधन ऊर्जा स्रोतों के लिए विश्वसनीय ऊर्जा विकल्प प्रदान करना है। इसका उद्देश्य सेवानिवृत्त थर्मल पावर-प्लांट को बदलना, ऊर्जा गहन उद्योग के लिए कैप्टिव प्लांट स्थापित करना और ऊर्जा क्षेत्र को डीकार्बोनाइज करने के उद्देश्य से दूरस्थ और ऑफ-ग्रिड स्थान के लिए ऊर्जा प्रदान करना है। यह जानकारी आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग डॉ. जितेंद्र सिंह ने दी। इसमें बताया गया कि डीएई भारत लघु मॉड्यूलर रिएक्टर (बीएसएमआर)-200 मेगावाट, लघु मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर)-55 मेगावाट और हाइड्रोजन उत्पादन के लिए गैस-कूल्ड उच्च तापमान रिएक्टर का डिजाइन और विकास कर रहा है। 2033 तक पांच एसएमआर की तैनाती के लिए बजट-2025 में 20,000 करोड़ रुपये का फंड आवंटित किया गया है। ऊपर उल्लिखित लघु मॉड्यूलर रिएक्टरों के विकास को समर्थन देने के लिए भी फंड आवंटित किया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में, बजट घोषणा के हिस्से के रूप में, भारत लघु रिएक्टर (बीएसआर) की स्थापना के लिए निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी करने के लिए नीति निर्देश निर्धारित किए गए हैं। उसके अनुसरण में एनपीसीआईएल ने बिजली उत्पादन के लिए कैप्टिव प्लांट के रूप में छोटे आकार के 220 मेगावाट-पीएचडब्ल्यूआर आधारित एनपीपी को वित्तपोषित करने और बनाने के लिए निजी उद्योगों को अनुरोध-प्रस्ताव जारी किया है।

# अब तीनों सेनाओं के जवानों के मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करेगा निम्हांस

एजेंसी



**नई दिल्ली।** अब देश के रक्षा कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निम्हांस) सहयोग करेगा। इसके लिए सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) ने गुरुवार को अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता तीनों सेनाओं के जवानों, उनके परिवारों तथा आश्रितों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने पर केंद्रित होगा।

सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा ?की महानिदेशक सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन और निम्हांस की निदेशक डॉ?. प्रतिमा मूर्ति ने नई दिल्ली में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

एएफएमएस और निम्हांस के बीच यह सहयोग मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, चिकित्सा कर्मियों के लिए विशेष प्रशिक्षण आयोजित करने और सैनिकों, नाविकों, वायुसैनिकों, उनके परिवारों तथा आश्रितों के मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए अभिनव कार्यक्रम विकसित करने पर केंद्रित होगा।

समझौता ज्ञापन के मुख्य उद्देश्यों में सहयोगात्मक अनुसंधान, संकाय आदान-प्रदान और शैक्षणिक गतिविधियां शामिल हैं। न्यूरो साइकियाट्रिक में अपनी विशेषज्ञता के साथ निम्हांस सैन्य कर्मियों को उन्नत मनोचिकित्सा देखभाल और सहायता पर अनुसंधान करने में सहायता प्रदान करेगा, जो पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (पीटीएसडी), चिंता और अवसाद जैसी सामान्य समस्याओं से छुटकारा दिलाएगा। सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन ने एक बयान में कहा कि हमारे सैनिकों का मानसिक स्वास्थ्य उनके शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि निम्हांस के साथ यह साझेदारी सुनिश्चित करेगी कि हमारे कर्मियों को देश की सेवा करते समय आने वाली चुनौतियों से निपटने में सर्वोत्तम संभव सहायता मिले।

# गौरैया के संरक्षण के लिए मनाया गया विश्व गौरैया दिवस

समृद्धि न्यूज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय रेंज परिसर में गुरुवार को उप वन क्षेत्राधिकारी चंद्र प्रकाश तिवारी (सीपी तिवारी)की अध्यक्षता में विश्व गौरैया दिवस मनाया गया। उप वनक्षेत्राधिकारी ने कहा कि गौरैया की घटती आबादी और उनके संरक्षण की जरूरत के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद गौरैया की सुरक्षा और संरक्षण के लिए कार्रवाई को बढ़ावा देना भी है। विश्व गौरैया दिवस मनाने की वजह गौरैया की आबादी दुनिया भर में तेजी से कम हो रही है।

आवास की कमी, प्रदूषण, और जलवायु परिवर्तन की वजह से गौरैया की आबादी कम हो रही है। शहरीकरण, पेड़ों का कटान, और फसलों में रासायनिक का छिड़काव भी गौरैया के विलुप्त होने का कारण है। मोबाइल टावरों



से निकलने वाली तरंगें गौरैया के लिए हानिकारक हैं।ज्यादा तापमान गौरैया सहन नहीं कर पाती इसलिए गौरैया के संरक्षण के लिए लोगो को अपने छतो पर पानी दाना की व्यवस्था करना चाहिए जिससे गौरैया का संरक्षण हो सके। इस संबंध में डिप्टी रेंजर सीपी तिवारी ने बताया कि गौरैया के संरक्षण के लिए लोगो को जागरूक करने के लिए हर वर्ष 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। इस दौरान वन दरोगा सूरज पांडेय, अजय प्रकाश, श्रवण कुमार संत, सन्नी सिंह, वन्यजीव रक्षक शीतला बक्स सिंह, अरविंद कुमार, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

### इजराइल के हमले में हमास के छह आतंकी मारे गए अब तक 500 की मौत


**गाजा पट्टी।** इजराइल की गाजा पट्टी में आतंकी समूह हमास के खिलाफ शुरू की गई जमीनी लड़ाई में कम से कम नौ लोग मारे गए। इनमें छह आतंकी शामिल हैं। मंगलवार को युद्ध विराम टूटने के बाद से अब तक इजराइल के हवाई और जमीनी हमले में कम से कम 500 लोग मारे गए हैं। इजराइल की थल सेना ने आज सुबह उत्तरी गाजा के बेत लाहिया में हमास के ठिकानों को निशाना बनाया। इजराइली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि बेत लाहिया में उसके ताजा हमले में छह आतंकवादियों को मार दिया गया। यह ड्रोन हमले का प्रयास कर रहे थे। मारे गए हमास के आतंकवादियों में एक सात अक्टूबर के हमले में शामिल रहा है। आईडीएफ के दावे विपरीत ब्रिटेन में पंजीकृत एनजीओ अल-खैर फाउंडेशन ने कहा कि इस इस हमले में आठ चैरिटी कार्यकर्ताओं की मौत हो गई।

# रेलवे बोर्ड ने राजभाषा में योगदान के लिए 49 रेल कर्मियों को किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली ।** गुरुवार को रेल भवन में 154वीं रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया, इस बैठक की अध्यक्षता श्री सतीश कुमार अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रेलवे बोर्ड ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम सब साथ मिलकर हिंदी के प्रयोग और प्रसार के लिए जब सार्थक प्रयास करेंगे तभी हम देश के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच पाएंगे।

रेलवे से संबंधित सभी संरक्षा और सुरक्षा के साहित्य का हिंदी अनुवाद किया जाना आवश्यक है। साथ ही हिंदी में मौलिक लेखन पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। भारतीय रेल में राजभाषा के नियमों का पालन अच्छे तरीके से किया जा रहा है, जो खुशी की बात है। हम सबको इसी तरह हिंदी के प्रयोग



और प्रसार के लिए काम करते रहना है। रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के पश्चात् राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले क्षेत्रीय रेलवे, मंडल, उत्पादन इकाइयों और अधिकारियों-कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया।

सबसे पहले पूर्व मध्य रेल को 'रेल मंत्री राजभाषा शील्ड' प्रदान की गई। इस श्रेणी में उत्तर रेलवे को 'रेल मंत्री राजभाषा ट्रॉफी' प्रदान की गई। 'आदर्श उत्पादन इकाई' श्रेणी में बनारस रेल इंजन कारखाना को प्रथम और आरडीएसओ लखनऊ को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। मंडल श्रेणी में रतलाम मंडल को 'आचार्य महावीर प्रसाद रनिंग शील्ड' दिया गया। रेल स्प्रिंग कारखाना, उत्तर मध्य रेल को आदर्श स्टेशन/कारखाना श्रेणी में 'रेल मंत्री राजभाषा शील्ड' दिया गया। 'ग' क्षेत्र में दक्षिण मध्य रेल को प्रथम और दक्षिण पश्चिम रेलवे को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि आदर्श उत्पादन इकाइयों में रेल पहिया कारखाना बेंगलुरु और चितरंजन रेल इंजन कारखाना को पुरस्कृत किया गया।

# अधिकारी ने फाइलेरिया ग्रसित रोगियों को साफ-सफाई व देखभाल के बताए तरीके

▶ प्रभावित अंगों की देखभाल के लिए दी गई एमएमडीपी किट

समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ आनंद सिंह के मार्गदर्शन में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुटहा ब्लॉक गुरुसंडी में फाइलेरिया (हाथी पांव) से ग्रसित 30 रोगियों को रुग्णता प्रबंधन व दिव्यांग्ता रोकथाम (एमएमडीपी) किट और आवश्यक बारह दिवसीय दवा प्रदान की गई।

सुरेंद्र कुमार द्विवेदी लैब टेक्नीशियन ने सभी रोगियों को घाव की नियमित सफाई के तरीके, योगा व सामान्य व्यायाम के बारे में बताया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग तत्वावधान में सीफार संस्था के सहयोग से आयोजित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी



ने सभी रोगियों को एमएमडीपी किट के बारे में प्रशिक्षित किया। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया ग्रस्त अंगों मुख्यतः पैर की साफ-सफाई रखने से संक्रमण का डर नहीं रहता है और सूजन में भी कमी रहती है। इसके प्रति लापरवाही बरतने पर अंग खराब होने लगते हैं।

,इससे समस्या बढ़ जाती है। संक्रमण को बढ़ने से रोकने के लिए दवा भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि जिनके हाथ-पैर में सूजन आ गई है या फिर उनके फाइलेरिया ग्रस्त अंगों से पानी का रिसाव होता है। इस स्थिति में उनके प्रभावित अंगों की साफ-सफाई बेहद आवश्यक है। इसलिए एमएमडीपी किट प्रदान की जा रही है। इस किट में एक-एक टब, मग, बाल्टी तौलिया, साबुन, आदि शामिल हैं।

पेशेंट स्टेकहोल्डर मंच के सदस्य समुदाय को फाइलेरिया के प्रति जागरूक कर रहे हैं। साथ ही बीमारी से जुड़े मिथक को भी दूर कर रहे हैं। सुनैना सिंह सीएचओ ने सभी आशा कार्यकर्ताओं और संगिनी को फाइलेरिया (हाथ-पैरों में सूजन और अंडकोषों में सूजन) के कारण, लक्षण, पहचान, जांच, उपचार व बचाव आदि के बारे में विस्तार से बताया। फाइलेरिया की सभी ग्रेडिंग (हाथ-पैरों में सूजन व घाव की स्थिति) के बारे में जानकारी दी।

### मवई कला गांव में लगेगा पशु आरोग्य मेला

**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया विकास खंड के भिटहा न्याय पंचायत के मवई कला गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय बृहद पशु आरोग्य मेला शिविरमंडल स्तरीय मेला रविवार को लगने जा रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर नाम से लगने वाले मेले में बीमार पशुओं के इलाज के साथ-साथ पशु पालकों और किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। पशुधन की उत्पादकता में वृद्धि करने के साथ-साथ किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार ने पशु आरोग्य मेला लगाने की योजना तैयार की है। पशु पालकों की आवश्यकता एवं पशु पालकों की आय में वृद्धि के इरादे से पशुपालन विभाग द्वारा मंडल स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय वृहद पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले का उद्देश्य शिविर में पशु चिकित्सा, टीकाकरण, कृमिनाशक दवा, लघु जल चिकित्सा के साथ-साथ बांझपन से ग्रसित दुधारू पशुओं का मुफ्त में इलाज कर उन्हें दुग्ध उत्पादन में लाया जाएगा।

# कागजों पर हलिया में चल रहा है बीआरसी कार्यालय

समृद्धि न्यूज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के हलिया जूनियर उच्च प्राथमिक विद्यालय पर चल रहे बीआरसी कार्यालय को मध्य से दूर प्रयागराज से सटे सीमा बरौधा में ब्लाक के एक छोर पर संचालित होने के कारण शिक्षकों तथा अभिभावकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि हलिया विकास खंड मध्य प्रदेश रीवा, सिंगरौली सीमा से सटा 52 किमी दूर के गाँव बरया, वेवगुना, गौरवा, मनिगढा, तीता, पटपरा, बैधा, मतवार, बेला ही आदि दो दर्जन गाँव के सैकड़ों विद्यालय के शिक्षक है।

बरौधा बीआरसी केंद्र लालगंज थाना क्षेत्र में व ब्लाक के एक किनारे होने के कारण शिक्षकों तथा अभिभावकों व प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लोगों को गर्मी, सरदी, बरसात का थपेड़ों की मार सहना पड़ रहा है। अधिकारियों की मनमानी के कारण फजीहत झेलना पड़ रहा है। शिक्षकों ने विकास खंड के मध्य में ही बीआरसी कार्यालय संचालित कराने की मांग की है। जबकि हलिया में अभिलेखीय रिकॉर्ड में बीआरसी कार्यालय हलिया में स्थित है वही मासिक बैठक व प्रशिक्षण आदि कार्य संचालित हो रहा कुछ वर्षो से बरौधा में बैठक प्रशिक्षण चल रहा है। विकास खंड में कुल 213 प्राथमिक व 50 पूर्व माध्यमिक व 63 कम्पोजिट विद्यालय में 597 शिक्षक व शिक्षामित्र हैं। इन विद्यालय के शिक्षकों को मासिक बैठक, पुस्तक लेने, बैठक, प्रशिक्षण के लिये अत्याधिक दूरी होने से अतिरिक्त धन खर्च कर पहुचने व समय व ज्यादा दूर होने से परेशान होना पड रहा। मांग करने वाले शिक्षकों में शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष कौशल सिंह, आरपी यादव, गजेन्द्र सिंह, अजीत यादव, आनन्द सिंह, सुजीत सिंह आदि रहे।

# किसान परेशान, नहर की पटरी पर मिट्टी रखने से गेहूं की फसल हो रही चौपट

समृद्धि न्यूज

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के धनसीरिया में लगभग 15 दिनों से नहर की साफसफाई की जा रही है। इसके अलावा नहर की पटरी भी बनाई जा रही है। पोकलैंड मशीन से नहर की साफसफाई हो रही है। पोकलैंड मशीन से नहर की पटरी बनाई जा रही है नहर की पटरी क्षतिग्रस्त होने से नए सिरे से नहर की पटरी बनाई जा रही है।

नहर की पटरी बनाए जाने से किसानों की गेहूं भी क्षतिग्रस्त होती जा रही है किसान विरोध कर रहे हैं लेकिन ठेकेदार पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। इसके अलावा नहर की पटरी पर फलदार आम के पेड़ लगाए गए हैं जिससे उन्हें काटकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है इस समय चारों तरफ आम के पेड़ों में फल लगे हुए हैं जो नहर के विभाग के द्वारा उसे काट दिया जा रहा है। यही सफाई 15 अप्रैल से शुरू की जाती तो किसी भी किसानों को दिक्कत नहीं होती और उनकी फसल भी लगभग का तैयार हो चुकी है 10 से 12 दिनों में गेहूं की फसल की कटाई शुरू हो जाएगी किसान परेशान हो रहे हैं और गेहूं की फसल भी मिट्टी डालने से पूरी



तरह से खराब हो रही है। किसान अरविंद सिंह दिलीप सिंह पप्पू सिंह ने बताया कि गर्मी के दिनों में 15 अप्रैल के बाद से अगर नहर की साफसफाई होती तो किसी भी किसान को कोई भी दिक्कत नहीं होती। इस समय गेहूं की फसल पक कर तैयार हो रही है। तभी नहर विभाग के ठेकेदार ने नहर में काम लगा दिया जिससे गेहूं की फसल के अलावा फलदार आम के पेड़ भी साफ सफाई के नाम पर काट दिए जा रहे हैं। जिससे काफी नुकसान हो रहा है और ठेकेदार पर इसका कोई भी असर नहीं हो रहा है। नहर विभाग में एक भी श्रमिक को नहीं लगाया गया है। पोकलैंड मशीन और जेसीबी से साफ सफाई की जा रही है। इसके अलावा श्रमिकों को काम न मिलने से दूसरे प्रदेशों में जाने को विवश है। इस संबंध में जब के दुर्गा प्रसाद से बात हुई तो उन्होंने कहा कि ठेकेदार से कह दिया गया है कि किसानों की गेहूं की फसल को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा।

### आकाशीय बिजली कि चपेट में आकर दो भाई झुलसे


**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मवई कला गाँव में गुरूवार कि सुबह नौ बजे दिन अचानक मौसम में हुए बदलाव होने से बूंदाबांदी के बीच आकाशीय गिरने से अपने खेत में मसूर की कटाई के लिये गये दो भाई आकाशीय बिजली कि चपेट में आकर झुलस गये।मौके पर पहुँचे परिजनो ने दोनों भाइयो को निजी साधन से उपचार के लिए मिर्जापुर ट्रामा सेण्टर में भर्ती कराया है जहाँ उपचार चल रहा है। हलिया थाना क्षेत्र के मवई कला गाँव निवासी छोटेलाल विश्वकर्मा का 20 वर्षीय पुत्र हिमांशु व 24 वर्षीय सच्चिदानंद घर से एक किलोमीटर दूर पर अपने खेत में मसूर की कटाई कर रहे थे कि अचानक मौसम में हुए बदलाव होने से बूंदाबांदी व गरज चमक होने लगा कि दोनों घर की तरफ चल दिए कि रास्ते में गरज के साथ आकाशीय बिजली बगल में गिरी जिसके चपेट में आने से दोनों भाई झुलस कर अचेत हो गये। जानकारी मिलते ही परिजन आननफानन में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महेंद्र कुमार के साथ मिर्जापुर ट्रामा सेण्टर लेकर गये जहाँ इलाज चल रहा है। दोनों कि हालत सामान्य बनी हुई है।

# हीट वेव से बचाव के लिए हुई बैठक

समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशन में जनपद में हीट वेव के प्रभावों को न्यून करने करने के उद्देश्य से समस्त संबंधित विभागों कि जिलाधिकारी कि अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से समस्त संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ हीट वेव प्रबंधन हेतु विभाग वार जिम्मेदारियों को चिंहित करते हुए निर्धारित किया गया।

बैठक में समस्त संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया कि आने वाले चैत्र नवरात्रि मेला में हीट वेव के प्रभाव को आम जनमानस के मध्य न्यून करने के लिए माँ विन्ध्यवासिनी कॉरिडोर में उचित प्रबंध किये जायें जैसे निःशुल्क प्याऊ कि व्यवस्था, स्थान-स्थान पर वाटर कूलर का प्रबंधन, कॉरिडोर में भीड़ को देखते हुये छांव प्रदान करने हेतु टेंट, फ्लोर मैट, कूलर इत्यादि कि व्यवस्था कि जाये। स्वास्थ्य विभाग में आशा, एवएनवएम की सहायता से ओआरएस का पैकेट का घर घर अत्याधिक वितरण किया जाये तथा स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों तथा कर्मियों का उपयुक्त प्रशिक्षण किया जाये जिससे कि हीट वेव संबंधित बीमारियों का तत्काल पहचान करते हुए प्रभावित




का राहत स्वरूप इलाज किया जाये, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आइस पैक, ओ0आर0एस0 पैकेट इत्यादि कि पर्याप्त व्यवस्था कर ली जाये, समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इत्यादि पर हीट वेव आईसोलेशन वार्ड बना लिया जाये स पर्यटन- नगर पालिका तथा परिवहन विभाग द्वारा बस स्टैंड-मंदिर-धार्मिक स्थल एवं रेलवे स्टेशन इत्यादि परिसरों में छाँव घर एवं प्याऊ कि व्यवस्था कि जाये। शिक्षा विभाग द्वारा हीट वेव कि मौसम संबंधित चेतावनी के अनुसार स्कूल के समय में बदलाव किया जाये एवं स्कूलों में बाहरी फील्ड कि गतिविधियों को रोकने एवं स्कूलों में पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेय जल इत्यादि कि व्यवस्था कि जाये। विद्युत विभाग द्वारा हीट वेव के दौरान मुख्यतः पीक हीट आवर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किया जाये। जल निगम को ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। नगर विकास-नगर पालिका- नगर पंचायत- श्रम विभाग द्वारा हीट वेव के परिप्रेक्ष्य में चिंहित संवेदनशील क्षेत्र तथा विभिन्न फैक्ट्रियों में पर्याप्त मात्रा में पेयजल, छाँव क्षेत्र कि व्यवस्था के साथ विभिन्न फैक्ट्रियों में पीक हीट आवर के दृष्टिगत कार्मिकों के ड्यूटी की समय सारणी में बदलाव किया जाए। बैठक कि विस्तृत जानकारी हेतु बैठक कि कार्यवृत से जानकारी प्राप्त करें। हीट वेव प्रबंधन कि बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल, उपजिलाधिकारी मड़िहान सौम्या मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सी0एल0 वर्मा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव, आपदा विशेषज्ञ अंकुर गुप्ता, प्रधान सहायक कलेक्ट्रेट अनूप सांतुवाला एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### नेपाल ने भारत से पीक ऑवर में मांगी 230 मेगावाट बिजली

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने भारतीय दूतावास के जरिए भारत सरकार से पीक ऑवर में 230 मेगावाट बिजली आपूर्ति करने का अनुरोध किया है। इस समय नेपाल 8-10 घंटे तक बिजली की कटौती का सामना कर रहा है, जिससे देश के उद्योग कल कारखानों के उत्पादन में भारी कमी आई है। नेपाल के ऊर्जा मंत्री दीपक खड़का ने गुरुवार को संसद की प्रतिनिधि सभा में सांसदों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के जरिए अतिरिक्त बिजली आपूर्ति के लिए भारत सरकार से औपचारिक अनुरोध किया गया है। ऊर्जा मंत्री ने बिजली कटौती के पीछे भारत से पीक ऑवर (शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक) में बिजली की आपूर्ति नहीं होना बताया है। उन्होंने कहा कि भारत ने एक महीने पहले ही इस बात की जानकारी दे दी थी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि नेपाल सरकार ने भारत से शाम 6 बजे से रात को 10 बजे तक 230 मेगावाट बिजली आपूर्ति के लिए आग्रह किया है। नेपाल में सर्दी के मौसम में बिजली का उत्पादन बिलकुल ही कम हो जाता है और हर वर्ष नवंबर से लेकर अप्रैल तक बिजली के लिए भारत पर निर्भर रहता है। इसके विपरीत मई महीने से लेकर अक्टूबर तक सरप्लस बिजली उत्पादन होने के कारण नेपाल भारत को प्रतिदिन 1000-1200 मेगावाट तक बिजली निर्यात कर पाता है।

### महिला के घर में घुसे युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मनिगढ़ा गांव निवासी एक महिला के घर में रात्रि में घुसे युवक को ग्रामीणों ने पकडकर पुलिस को सौप दिया था। जिस पर युवक के विरुद्ध पुलिस ने बुधवार की रात्रि में युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। हलिया थाना क्षेत्र मनिगढ़ा निवासी फूलवंती पत्नी राम पटेल ने तहरीर देकर बताया की घर में सोई थी की देवरी बाजार निवासी दीपक शर्मा रात्रि 12 बजे में मेरे आंगन में पीछे खडे ट्रैक्टर के पास छिपा देखी और शोर मचाने पर दीपक झापड़ से कान पर मारकर भाग गया। जाते समय जान से मारने की धमकी दिया है जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की महिला के घर में घुसे युवक के विरुद्ध महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### आभूषण व चावल चुराने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी बबलू कोल ने बुधवार कि देर शाम थाने में तहरीर देकर घर में घुसकर आभूषण व चावल चुराने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर में बताया है कि 18 मार्च कि रात में एक किलोमीटर दूर परिवार सरसो कि थ्रेर्सरिंग करने गए थे कि सुबह 6 बजे घर लौटे तो घर में रखा एक बोरी चावल एक पेटी चांदी एक जोड़ी पायल का घर से गायब था। राजेंद्र उर्फ मोटू निवासी सोनगढ़ा रात में मेरे घर के इर्द गिर्द चक्कर मार रहा था। मुझे पूरा विश्वास है की मेरा उपरोक्त सामान वहीं ले गया है। घर का दरवाजा खोलकर चोरी कर ले गया है। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### मारपीट कर घायल करने वाले दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बैधा गांव निवासी कृपा शंकर ने बुधवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर दो लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दिए गए तहरीर में बताया है की बीते 14 मार्च को समय दो बजे दिन में सरकारी पानी टंकी पर चढ़कर खम्हारिया गांव निवासी उमेश यादव व प्रवेश विश्वकर्मा शराब पी रहे थे की मेरे भाई रविशंकर द्वारा मना करने पर नाराज होकर विपक्षीगण उमेश व प्रवेश द्वारा गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारपीट घायल कर दिया। जिससे भाई के बाएं हाथ में चोटे आई है व माथे पर चोट आई है। जाते समय जान से मारने की धमकी दिए है जिस पर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### विद्युत पोल से गिरा लाइनमैन, घायल

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र देवरी में कार्यरत लाइन मैन गुरुवार कि सुबह पोल पर चढ़कर लाइन बनाते समय लाइन मैन पोल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे लोगों ने घायल लाइन मैन को उपचार के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा उपचार के लिए लाइन मैन को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। सूचना मिलने पर विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी पहुंचकर लाइन मैन का हालचाल लिया है। 33६/11 विद्युत उपकेंद्र देवरी में कार्यरत लाइन मैन 35 वर्षीय गौरवा गांव निवासी बुद्धिमान झरना गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास गड़बड़ लाइन को बनाने के लिए पोल पर चढ़कर कार्य कर रहे थे कि अचानक पोल से लाइन मैन नीचे गिरकर घायल हो गया।

### चोरी के आभूषण व एक बोरी चावल के साथ चोर गिरफ्तार

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव से गुरुवार कि सुबह पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर आरोपित के पास से चांदी के आभूषण व एक बोरी चावल बरामद कर चोर को जेल भेज दिया है। उपनिरीक्षक चरण सिंह मय हमराह हेड कांस्टेबल बृजेश राय व शैलेन्द्र गुप्ता के साथ मुखबिर कि सूचना पर चोरी का सामान बेचने के लिए जा रहे आरोपित सोनगढ़ा निवासी राजेंद्र उर्फमोटू कोल को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी का एक पेटी व एक जोड़ी पायल चांदी व एक बोरी चावल बरामद करते हुए चोर को जेल भेज दिया है। सोनगढ़ा गांव निवासी बबलू ने पुलिस को तहरीर देकर नामजद आरोपित के विरुद्ध घर से सामान चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित कि तलाश करने में जुट गई थी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि चोरी के सामान के साथ आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### सामूहिक दुष्कर्म का चौथा आरोपित गिरफ्तार

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा जंगल में युवती के साथ होली के दिन चार युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने के चौथे आरोपित को पुलिस ने गुरुवार कि सुबह पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह मय हमराह कांस्टेबल के साथ सूचना मिलने पर सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित सोनगढ़ा गांव निवासी आजाद



उर्फलगण्ड को सुखड़ा नहर अहुगी कला से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना के संबंध में बताते चले कि होली के दिन युवती को सोनगढ़ा गांव के जंगल में एक युवती के साथ गांव निवासी गांव निवासी चार युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म का मामले का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने मामले को स्वतः संज्ञान लेते हुए सामूहिक दुष्कर्म में शामिल मुख्य आरोपी पिंटू पाल को पुलिस ने मुरलिया के जंगल में पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से घायल कर गिरफ्तार कर लिया था। जबकि दो आरोपित दीपक व विवेक पाल को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज़ दिया था चौथे आरोपित को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है पुलिस ने युवती का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद मेडिकल में सामूहिक दुष्कर्म कि पुष्टि होने पर मुकदमा दर्ज किया था।